जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

▸▸ जयपुर, रविवार, 19 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 261 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.




## स्वामित्व योजना के 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित

# पीएम नरेन्द्र मोदी बोले, संपत्ति कार्ड किसान परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा की गारंटी

## सीएम शर्मा बोले, आत्मनिर्भर गांवों से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

- ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू कर रही सरकारः प्रधानमंत्री
- स्वामित्व योजना से ग्राम सशक्तीकरण और सुशासन को मिल रहा बढ़ावा
- प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को मिले स्वामित्व कार्ड एवं पट्टे







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/ जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख संपत्ति कार्ड वितरित किए एवं लाभार्थियों से संवाद किया। प्रदेश में लगभग 1 लाख 50 हजार लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टे वितरित किए गए तथा श्रीगंगानगर जिले की लाभार्थी रचना से प्रधानमंत्री ने संवाद भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम में राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी आवासीय संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी तथा इस योजना के तहत अब तक गांवों में लगभग 2.25 करोड़ लोगों के संपति कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाखों लोगों ने कानूनी दस्तावेज प्राप्त करने के बाद अपनी संपत्ति के आधार पर बैंकों से ऋण लिया है तथा अपने गांवों में छोटे व्यवसाय शुरू किए हैं। जिससे छोटे और मध्यम किसान परिवारों के लिए संपत्ति कार्ड आर्थिक सुरक्षा की गारंटी बन गए हैं। साथ ही, कानूनी प्रमाण पत्र मिलने से कई परिवार अवैध कब्जों और लंबे समय तक चलने वाले अदालती विवादों के संकट से मुक्त हो रहे हैं। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर



जयपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सीएम कार्यालय पर मुलाकात की।

## जयपुर एलपीजी ब्लास्टः कट एक महीने बाद बंद किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर जिस जगह (भांकरोटा) एलपीजी ब्लास्ट हुआ था, वहां का कट शनिवार को बंद कर दिया गया। अजमेर और किशनगढ़ से आने वाले ट्रैफिक (जो रिंग रोड दक्षिण पर जा रहा है) को महिंद्रा सेज-200 फीट रोड पर डायवर्ट किया गया है। 20 दिसंबर में यहां एलपीजी टैंकर में टक्कर के बाद गैस लीक हुई थी। इसके बाद पूरे हाईवे और आसपास के इलाकों तक आग फैली थी। 20 लोग जिंदा जल गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजनाथ सिंह ने संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाकुंभ में संगम पर डुबकी लगाई। उन्होंने कहा शनिवार को संगम में स्नान करके मैं बहुत तृप्त महसूस कर रहा हूं। इसके लिए मैं सीएम योगी को हृदय से बधाई देता हूं। वह खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इस महाकुंभ में संगम पर डुबकी लगाने का मौका मिला।

### खाई में गिरा ट्रक, ड्राइवर की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के तारा देवी इलाके में 18 जनवरी को सुबह कूड़ा ले जा रहा ट्रक और नियंत्रित होकर 300 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। सड़क हादसे में ड्राइवर विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। शिमला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक चालक के शव को कब्जे में ले लिया है।

### 'आप संयोजक' अरविंद केजरीवाल पर हमला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा इलाके में डोर टू डोर चुनाव प्रचार कर रहे थे, उसी दौरान हमला किया गया है। 'आप' का कहना है कि अरविंद केजरीवाल पर पत्थर फेंके गए हैं। प्रचार करते वक्त लोकल लोगों से भी प्रवेश वर्मा के गुंडों की झड़प हुई थी।

### जेईई मेन के एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली।** जिन उम्मीदवारों ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा के लिए आवेदन किया है उन सभी के लिए एक शानदार खबर है। 22, 23 और 24 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली जेईई मेन की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र को जारी किया है।

## सैफ अली पर हमला मामला

### मध्यप्रदेश से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया



**50 संदिग्धों से हो चुकी पूछताछ**

**मुंबई।** सैफ अली खान पर जानलेवा हमले की घटना 16 जनवरी को हुई उसके बाद से पुलिस जांच में लगी हुई है। कई लोगों से पूछताछ चल रही है।

ऐसे में मुंबई पुलिस ने मध्य प्रदेश से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। इस मामले में पुलिस अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। मामले में 35 टीमें लगाई गई हैं, जो आरोपी का सुराग ढूंढने में लगी हुई हैं। सैफ पर हमले के 60 घंटों से ज्यादा हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। एक तस्वीर सामने आई है जो सीसीटीवी में दिखे आरोपी से मिलती जुलती है। हालांकि, पुलिस ने इसी के आरोपी होने का ऐलान नहीं किया है। हालांकि, शक है कि ये वही शख्स हो सकता है जिसने सैफ पर जानलेवा हमला किया। मध्य प्रदेश में मुंबई पुलिस ने जिस संदिग्ध को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ होनी बाकी है।

## कोलकाता आरजी कर रेप-मर्डर केस

### आरोपी संजय रॉय दोषी



**कोलकाता।** कोलकाता के चर्चित आरजी कर रेप-हत्या मामले में कोर्ट ने इस मामले में आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया है। उसकी सजा का ऐलान सोमवार को होगा। जज ने संजय से कहा कि आप पर आरोप लगाया गया है कि नौ अगस्त को आप आरजी कर में दाखिल हुए और आपने डाक्टर पर हमला किया और उनकी मृत्यु हो गई। आपने उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। अपराध सिद्ध हो गया है और आप दोषी पाए गए हैं।

## प्रयागराज महाकुंभ 2025

# सात दिन में सात करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान





### 11 से 17 जनवरी के बीच बना आस्था का रिकॉर्ड

**महाकुंभनगर।** जीवनदायिनी गंगा, श्यामल यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्प-वासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस माह 11 से 17 जनवरी के बीच मात्र सात दिनों के अंदर अब तक सात करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम में आस्था की डुबकी लगा ली है। सरकार का अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में 45 करोड़ से ज्यादा लोग आने वाले हैं। 11 जनवरी को लगभग 45 लाख, 12 जनवरी को 65 लाख लोगों के स्नान करने का कीर्तिमान स्थापित हुआ। इस तरह महाकुंभ से दो दिन पहले ही एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान का रिकार्ड दर्ज कर लिया। महाकुंभ के पहले दिन पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.70 करोड़ लोगों ने स्नान कर कीर्तिमान बनाया। 14जनवरी को मकर संक्रांति अमृत स्नान पर 3.50 करोड़ लोगों ने संगम में श्रद्धा के साथ डुबकी लगाई। इस तरह दो दिनों में 5.20 करोड़ से ज्यादा लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई।

## जयपुर में ऑपरेशन साइबर शील्ड

### सट्टा ऐप और साइबर फ्रॉड के गिरोह पर बड़ा प्रहार

# दो जगह से 15 लोग गिरफ्तार, 80 बैंक खाते सीज

### ईमित्र-वालों की लड़कियों से बात करवाकर फंसा रही थी गैंग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर में साइबर अपराध के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस की पांच टीमों ने करधनी और झोटवाड़ा में चल रहे गिरोह के ठिकानों पर दबिश दी। एक कॉल सेंटर और सट्टा ऐप के जरिए ठगी करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया। मामले में दो एफआईआर दर्ज कर 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक नाबालिग को भी पकड़े गया है। जांच के दौरान पुलिस को बदमाशों के 80 बैंक खाते मिले हैं। सभी खातों को सीज कर दिया गया है। इन खातों में करोड़ों के लेनदेन की जानकारी मिली है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि अभियान साइबर शील्ड के तहत एनसीआरबी, डिजिटल स्त्रोत से मिली जानकारी के बाद जिले की टीमों को एक्टिव कर उस पर काम करने के आदेश दिए गए। इस पर टीमों ने अपने स्तर पर काम करना शुरू किया। झोटवाड़ा और करधनी से 15 बदमाशों गिरफ्तार किया गया। यहां एक नाबालिग भी मिला। इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, राउटर, स्वीच, नोटबुक, सिम कार्ड, चार्जर को जब्त किया गया। अब तक की जांच में करोड़ों रुपए के फ्रॉड के सबूत मिले हैं।



### झोटवाड़ा थाना पुलिस की कार्रवाई

अमित कुमार ने बताया कि झोटवाड़ा क्षेत्र में एईपीएस सर्विस देने के नाम पर ईमित्र संचालकों को फंसाया जा रहा था। ईमित्र संचालकों से बात करने के लिए महिलाओं को रखा गया था। यहां आरोपी पेसफर नाम से अपना ऑफिस बनाकर कॉल सेन्टर चला रहे थे।

ऑफिस में मिले रामानंद गिठाला ने बताया कि राजेश कुमार जांगिड़ और अशोक कुमार वर्मा के साथ मिलकर मेरी फर्म एबिग्शोप इंडिया (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पेसफर का ट्रेडमार्क है। अलग अलग ईमित्र वालों को हमारी वेबसाइट के जरिए रिचार्ज, अकाउंट ऑपनिग फार्म, बैलेंस इनक्वायरी, मिनी स्टेटमेंट, मनी ट्रांसफर, आधार अपडेट सम्बन्धी काम करने के लिए कॉल सेंटर के जरिए फंसाते हैं। हमारी वेबसाइट पर काम करने के बदले अधिक मुनाफा का लालच देते हैं। हमारी सेवा फ्री होने का कहकर जाल मे फंसाते हैं। आरोपी ने बताया कि ईमित्र वालों को कॉल करने के लिए महिलाओं को रखा जाता है। ये महिलाएं अलग अलग ईमित्र वालों को फोन करती हैं। इनको फ्री सर्विस के नाम पर कॉल करवाते हैं। उसके बाद ग्राहकों (ईमित्र संचालक) की आधार कार्ड व पेनकार्ड से आईडी बनाते हैं। ग्राहक सर्विस चालू करता है तो उसके खाते से शुरू में 1000 रुपए काट लेते हैं। उसके बाद 2000 रुपए सर्विस के लिए काट लेते है। इसकी हम ग्राहक को पहले जानकारी नहीं देते हैं। ग्राहक द्वारा अपनी राशि रिफंड करने की कहने पर नम्बर उठाना बंद कर देते हैं। इस प्रकार तीनों आरोपी फर्जी तरीके से ग्राहकों से आने वाले रुपए को फर्जी अकाउंट में मंगवा कर ठगी करते थे। यहां से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### इन्हें किया गिरफ्तार

रामानन्द गठाला (38) पुत्र देवीलाल निवासी गांव पल्लू, पुलिस थाना पल्लु, जिला हनुमानगढ़ को गिरफ्तार किया है। जो अभी जयपुर के करधनी थाना इलाके में गोविंदपुरा स्थित मकान नम्बर जी-88 में रहता है। राजेश कुमार (30) पुत्र मदनलाल जांगिड़ निवासी गांव डाडर, पुलिस थाना सदर, जिला चूरू को गिरफ्तार किया गया है। जो अभी जयपुर के करधनी थाना इलाके में गोविंदपुरा स्थित मकान नम्बर 09 उपासना अपार्टमेंट में रहता है। अशोक कुमार वर्मा (39) पुत्र किशनलाल वर्मा निवासी राजपुरा मोहल्ला, पुलिस थाना पिलानी, झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है। जो अभी जयपुर की मुरलीपुरा स्कीम के शिवा एन्क्लेव में फ्लैट नंबर 02 में रहता है।

### पुलिस थाना करधनी की कार्यवाही

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि करधनी क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ कार्रवाई की गई। यहां पर लोगों को ऑनलाइन सट्टा लगवाया जा रहा था। यहां ऑनलाइन गैम, कसीनो, तीन पत्ती और अन्य गेमों पर सट्टा खिलवाया जा रहा था। इसके लिए महादेव बुक, रेडी 118 और क्रिकबेट 99 साइट का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया। जिस में एक नाबालिग भी हैं।

### इन्हें भी किया गया गिरफ्तार

गणेशराम (27) पुत्र पोखरराम निवासी गांव रघुनाथपुरा, तहसील नांवा, थाना मारोठ, जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया। जो जयपुर के करधनी स्थित कैडिया दा कोठी के फ्लेट नंबर 817 में किराए पर रह रहा है। ग्यानाराम (22) पुत्र देवाराम निवासी गांव निमास, तहसील नावां, थाना मारोठ, जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया। कृष्ण कुमार (27) पुत्र वैद्यप्रकाश निवासी गांव काजला का बॉस, तहसील बुहाना, जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया। पंकज (21) पुत्र चन्द्रसिंह निवासी गांव सिरसी, तहसील लोहारू, थाना चहड कला, जिला भिवानी हरियाणा को गिरफ्तार किया। राजवीर (26) पुत्र सुरेन्द्र निवासी गांव डूंगरपुर, तहसील सांगोद, थाना बपायर कला, जिला कोटा को गिरफ्तार किया। आशीष (24) पुत्र राजेश निवासी गांव लाम्बा गोठड़ी, तहसील चिड़ावा, थाना बगड़, जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया। गौरव (19) पुत्र रमेश निवासी गांव मतानी, तहसील शिवानी, थाना शिवानी, जिला भिवानी हरियाणा को गिरफ्तार किया। धारासिंह (21) पुत्र रामूराम निवासी गांव धावला, तहसील कुचामन, थाना कुचामन, जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया। दिपेश (25) पुत्र सुरेश निवासी गांव रामबास, तहसील बुहाना, जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया। विजय उर्फ बिजुराम सैन (25) पुत्र प्रभुराम निवासी गांव रघुनाथपुरा, तहसील नांवास थाना मारोठस जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया। अंकित कुमार सोनी (23) पुत्र जुगलकिशोर सोनी निवासी गांव बेड़ी बेरी, तहसील मौलासर, थाना मौलासर, जिला डीडवाना कुचामन को गिरफ्तार किया। जो जयपुर के करधनी स्थित कैडिया दा कोठी के फ्लेट नंबर 204 में किराए पर रह रहा है। सुनील कुमार (20) पुत्र घासीराम निवासी गांव फोगड़ी,कुचामन को गिरफ्तार किया।

### स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# चूरू के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी प्रदेश सरकार : गहलोत



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख वंदना आर्य, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसएसपी जय यादव, प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, नौरंग सीलू सहित अतिथि मौजूद रहे। सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से चूरू के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सरकार के विशेष प्रयासों से आमजन की सुविधाओं के विस्तार और प्रशासनिक ढांचे को और सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के संवेदनशील निर्णय से शुरू की गई स्वामित्व योजना से गांवों में संगठित विकास को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों को उनकी संपति का कानूनी दस्तावेज मिला है और विभिन्न योजनाओं में उनका लाभ मिल रहा है। इसी के साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना पीएम मोदी की मंशानुरूप जनता को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतरीन पहल साबित होगी। इससे महिलाएं सशक्त हो रही हैं और परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इसी क्रम में हम सभी मिलकर चूरू को समृद्ध बनाने का संकल्प लें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार सुविधाओं के विस्तार के लिए संकल्पित है। विशेष प्रयासों और प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश की डबल इंजन सरकार के पहले बजट की घोषणाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। अभी नए बजट में आमजन को भरपूर सौगात मिलेंगी। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा जनकल्याण और हितकार के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी उनकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक पात्र को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए। प्रॉपर्टी पार्सल का हुआ वितरण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जिला प्रमुख वंदना आर्य, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसएसपी जय यादव, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने गजराज सिंह, सलीम खान, उम्मेद हुसैन, घनश्याम, गोविंद सिंह सहित लाभार्थियों को स्वामित्व योजनांतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल व पट्टे वितरित किए। सीईओ श्वेता कोचर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, विमला गढ़वाल, सुरेश सारस्वत, नरेंद्र सैनी, दीनदयाल सैनी, नारायण बेनीवाल, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, उद्योग सहायक आयुक्त उजाला, चूरू बीडीओ महेंद्र भार्गव, एएसओ विक्रम गुर्जर, सोहनलाल धायल, सुरेश सैनी, प्रेम सिंह चौहान, अजीत सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन बजरंग हर्षवाल ने किया। स्वामित्व योजना देश के ढ़ांचे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक पहल मोदी स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को प्रॉपर्टी पार्सल एवं पट्टे वितरण के राष्ट्रीय कार्यक्रम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वामित्व योजना देश के ढांचे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक पहल है। देश की 60 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। पहले ग्रामीणों के पास उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता था, परंतु स्वामित्व योजना अंतर्गत ग्रामीण संपत्ति का कानूनी अधिकार मिलने से विभिन्न योजनाओं में समुचित लाभ ले पा रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सुधार हो रहा है और आमजन सक्षम बन रहे हैं। स्वामित्व योजना से ग्रामीण क्षेत्र और आमजन की संपत्ति के स्पष्ट नक्शे होंगे, जिससे विकास की प्लानिंग और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना से महिलाएं सशक्त हो रही है। स्वामित्व योजना अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए महिलाओं को संपत्ति का मालिकाना अधिकार दिया गया है। किसी के साथ पीएम आवास योजना में भी अधिकतर महिलाओं को आवास दिए जा रहे हैं। अब गांवों में समुचित सुविधाएं मिल रही है और आर्थिक सामर्थ्य बढ़ रहा है। हमारे गांव एवं गरीब सशक्त होंगे तो विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा।

## विधायक ने ओवरब्रिज निर्माण के लिए किया भूमि पूजन



**चूरू।** अग्रसेन नगर फाटक के पास ओवर ब्रिज व अण्डरब्रिज का विधायक हरलाल सहारण ने भूमि पूजन किया। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार ने विकास की गंगा बहा दी है। आगे भी भाजपा की ओर से विकास के अनेकों कार्य करवायें जायेंगे। कांग्रेस ने तो सिर्फ लूटने का काम किया है। राज्य में भाजपा की सरकार ने एक वर्ष में विकास कार्य को प्राथमिकता से किया है। राज्य में गांव-गांव व शहर शहर में विकास कार्य को करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा सरकार ने आते ही युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। जबकि कांग्रेस के गत राज में युवाओं को भटकाने का काम किया था। भाजपा सरकार ने विभिन्न योजनाओं से महिलाओं व किसानों को लाभावित करने काम किया है। आगे भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व राजस्थान में विकास कार्यों को तीव्र गति से किये जायेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी ने विकास कार्यों की झड़ी लगा रखी और देश का नाम विश्व पटल पर उंचा किया है। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, विमला गढवाल,सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, धर्मेन्द्र राकसिया, मोहनलाल गढवाल, गजानंद गौड़, कपिल रक्षक व ब्रिज निर्माण कंपनी के प्रबंधक सुधेन्द्र रूप राव आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में युवाओं ने दिया जागरूकता संदेश




**राजसमंद।** माय भारत, नेहरू युवा केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कांकरोली शहर स्थित राठासेन माताजी चौराहा बस स्टैंड पर युवा स्वयं सेवकों ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाकर जन जागृति का संदेश दिया। नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी शुभम पुरबिया ने बताया यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षक भगवतीलाल आचार्य, आरक्षक मुकेश कुमार के कुशल सानिध्य में लोगों को सड़क सुरक्षा जागरूकता के पेंपलेट वितरित किए गए। कईयों को गुलाब के फूल देकर सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने, दो पहिए वाहन चलाते हुए हेमलेट का उपयोग करने, कार चलाते समय शीट बेल्ट का उपयोग करने समेत कई प्रकार की जानकारी साझा की। राष्ट्रीय युवा अवॉर्डी शंकरलाल गाडरी, प्रशासनिक सहायक रामेश्वरदयाल शर्मा, विनीता खींची, पायल सेन, ओम प्रकाश छिपा, राहुल कुमावत, विनोद कुमावत सुरेश छिपा, प्रकाश कुमावत, प्रदीप अग्रवाल, शांतिलाल पालीवाल, इकबाल खान पठान, मोहम्मद शाबीर आदि मौजूद थे।

## डूगरराम सेन के मंडल अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**चूरू।** गांव बानदरेवाला विधान सभा क्षेत्र खाजूवाला में सर्व समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी बीकानेर दे हात के नव नियुक्त पुगल मंडल के लिए अध्यक्ष डूंगर राम सैन का स्वागत किया। मण्डल प्रतिनिधि काशीराम जाखड़, देहात उपाध्यक्ष भागीरथ नायक, मण्डल उपाध्यक्ष नरेंद्र सारण का भव्य स्वागत किया गया। पार्टी मण्डल प्रतिनिधि काशीराम जाखड़ ने बताया की भारतीय जनता पार्टी में योग्य, पार्टी में धरातल पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता को ही महत्व देती है जिसका उदाहरण डूंगर राम सेन है। जो हर कार्यकर्ता को साथ लेकर चलते हैं। तथा परम आदरणीय केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम, आदरणीय विधायक श्री डाक्टर विश्वनाथ, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह को डूगर राम सेन को पुगल मण्डल अध्यक्ष बनाने के लिए धन्यवाद दिया। आभार व्यक्त किया। इसमें पूर्व डूगरराम सेन ने सरपंच के बतोर ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य करवाए। ग्राम पंचायत क्षेत्र सभी ग्राम वासियों ने डूंगराराम सेन का स्वागत अभिनन्दन किया।

## स्वामित्व योजना : पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल मिलने पर खिले लाभार्थियों के चेहरे

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा शनिवार को स्वामित्व योजना अंतर्गत लाभार्थियों को पट्टे मय प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण के लाभार्थियों से संवाद करते हुए संबोधित भी किया गया। जिला स्तर पर कार्यक्रम का प्रसारण वीसी के माध्यम से मचकुंड रोड स्थित नगर परिषद टाउनहॉल में हुआ। इसमें स्वामित्व योजना के तहत पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल मिलने पर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री और सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामित्व योजना का उद्देश्य गरीब को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना का उद्देश्य है, गांव में रहने वाले गरीब व्यक्ति को भी कानूनी हक मिल सकें। उन्होंने इस योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आधार देने वाला बताया, जिससे आर्थिक गतिविधियों के नए रास्ते खुल सकेंगे। साथ ही जमीन के लिए होने वाले विवादों से निजात मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि स्वामित्व एवं भू आधार से गांव के विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ड्रोन की मदद से गांव-गांव मैपिंग करवाई गई है जिससे कि पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपना हक मिल सकें। इस अवसर पर उन्होंने वर्चुअल माध्यम से भारत के 10 राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों के 51411 राजस्व ग्रामों में कुल 58 लाख पटटे एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कर लाभान्वित किया। कार्यक्रम के पश्चात जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर सहित अन्य अतिथियों द्वारा लाभार्थियों में पट्टा मय प्रॉपर्टी पार्सल का वितरण किया गया। पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल मिलने पर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय प्रधानमंत्री और सरकार का आभार जताया।

## जिले के 7,428 लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत मिले पट्टे



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** अनुव्रत विश्व भारती सभागार में शनिवार को विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी, प्रधान अरविंदसिंह और जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत लाभार्थियों को पट्टा एवं प्रॉपर्टी पार्सल वितरण किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। एसीईओ सुमन अजमेरा ने बताया कि जिले के 6 पंचायत समितियों की 94 ग्राम पंचायतों के 267 गांवों में कुल 7 हजार 428 पट्टा तथा प्रॉपर्टी पार्सल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमेट पंचायत समिति में 19 ग्राम पंचायतों के तहत 88 गांवों में कुल 2182 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए हैं। देलवाड़ा पंचायत समिति में 13 ग्राम पंचायतों के 45 गांवों में कुल 1914, खमनोर पंचायत समिति में 15 ग्राम पंचायतों के 36 गांवों में 92 लाभार्थियों, रेलमगरा पंचायत समिति में 25 ग्राम पंचायतों के 55 गांवों में कुल 2542 लाभार्थियों, राजसमंद पंचायत समिति में 8 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 10 गांवों में 305 लाभार्थियों, कुम्भलगढ़ पंचायत समिति में 14 ग्राम पंचायतों के 33 गांवों में 393 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए गए हैं। इस प्रकार जिलेभर में कुल 94 ग्राम पंचायतों और 267 गांवों के 7428 लाभार्थी इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समाज में दुरगामी प्रभावों को देखते हुए सरकार द्वारा इसका क्रियान्वयन राजस्व विभाग, भारतीय सर्वेक्षण विभाग एवं पंचायत राज विभाग के सयुक्त प्रयासों से करने का निर्णय लिया है। जिले की 8 पंचायत समितियों के कुल 1059 गांवों में से 1056 ग्रामों में ड्रोन फ्लाइंग किया गया है। पंचायत समिति कुम्भलगढ के 3 गांवों में ड्रोन फलाईंग कार्य शेष है। भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जिले की पंचायत समितियों के 825 गांवों के मैप 1.0 प्राप्त हुए हैं जिनमें से 462 गांवों के मैप 1.0 ग्राउण्ड टुथिंग सर्वे के बाद फिर से विभाग को भेजा है। जिले की 6 पंचायत समितियों 364 गांवों के मैप 2.0 प्रोपर्टी पार्सल जारी करने के लिए जिले को प्राप्त हुए है। प्राप्त मैप 2.0 के राजस्व गांवों में नियमानुसार पट्टा तथा प्रोपर्टी पार्सल जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। जिले में अब तक कुल 14800 पट्टा तथा प्रोपर्टी पार्सल जारी किए जा चुके हैं।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सारण की मनाई जयन्ती



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सारण की मनाई जयन्ती थार के गांधी, स्वंतत्रता सेनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री दौलतराम सारण की 101वीं जयंती पर चेतना घाट आदर्श कन्या छात्रावास सरदारशहर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। महिला किसान समिति के प्रदेश सचिव व पूर्व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला सारण ने बताया कि दौलतराम सारण ने प्रदेश में किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किया एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। प्रदेश सचिव सारण ने बताया कि हमें उनके बताए मार्गों पर चलना होगा। सारण ने बताया कि पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री सारण ने हमेशा किसानों के हित में कार्य करने का काम किया था। चेतना घाट पर सर्व समाज के लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सच्ची श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर हवन में आहूतियां दी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### माय ऑफिस क्लीन ऑफिस का आगाज



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशानुसार जिले के सभी राजकीय कार्यालयों में माय ऑफिस क्लीन ऑफिस अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत, सरकारी कर्मचारियों ने छुट्टी के दिन स्वेच्छा से कार्यालयों और उनके आसपास के परिसरों की सफाई की। सुबह से ही कर्मचारियों ने अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और महीनों या वर्षों से जमा पुराने कचरे को व्यवस्थित रूप से साफ किया। जिला कलेक्टर असावा ने सफाई अभियान का अवलोकन करने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे कार्यस्थल को व्यवस्थित और स्वास्थ्यप्रद बनाती है, बल्कि इससे कार्यक्षमता में भी सुधार होता है। यह अभियान केवल जिला मुख्यालय तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे ग्राम पंचायत स्तर तक के सभी राजकीय कार्यालयों में भी सफलतापूर्वक लागू किया गया। सभी सरकारी कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी के साथ इस पहल को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### सिंह अध्यक्ष मनोनित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद/भीम।** राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक की खण्ड कार्यकारिणी के चुनाव शनिवार को शहर के पाटिया स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां आशापुरा माता मन्दिर प्रांगण में सम्पन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी नारायणसिंह अरूण जीनगर के सानिध्य में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की। जिसमें सर्वसम्मति होने से चुनाव प्रक्रिया स्थगित की एवं निर्विरोध भगवानसिंह बंजारी को अध्यक्ष मनोनित किया गया। उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह, सचिव लक्ष्मणसिंह, कोषाध्यक्ष दिलीपसिंह, संयोजक प्रभुसिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोकसिंह, महिला मंत्री शारदा चौहान सहित मनोनित कर जिम्मेदारी सौंपी। गंगा कुमारी, योगेंद्रसिंह तेजपालसिंह, सतपालसिंह, पूनमसिंह, दुर्गासिंह, मंगलसिंह सहित पंचायत शिक्षक मौजूद थे।

### पायलट कल जिले के प्रवास पर आऐंगे

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सोमवार को राजसमंद प्रवास पर रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। लाम्बोडी पहुंच कर पीसीसी सदस्य स्व गणेश गुर्जर के परिवार से मिलकर सांत्वना प्रदान करेंगे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने दी।

### नवीन थानाधिकारी नील ने किया कार्यभार ग्रहण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** पुलिस महकमे में हुए तबादले के क्रम में राजस्थान सरकार के आदेशों के अनुरूप फुलेरा थाने में जमवारामगढ़ से नवपदस्थापित थानाधिकारी श्रवण कुमार नील का शनिवार को कई नागरिक संगठनों ने स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात पत्रकारों से रूबरू होते हुए थानाधिकारी नील ने कहा की अपराध पर अंकुश लगाना मेरी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए मुझे जनता, समाज और आप सभी पत्रकारों के साथ और सहयोग की जरूरत है। हम सब सीएलजी मेंबर्स, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र और अन्य सभी संगठनों को साथ लेकर सगज और सक्रिय रहेंगे। क्षेत्र में आप किसी को भी कोई संदिग्ध नजर आए तो सक्रिय नागरिक की भांति पुलिस को सूचित करें, आस पास किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति हो रही है तो उसके बारे में पुलिस को तत्काल प्रभाव से अवगत करवाएं। राजस्थान पुलिस के ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय की भावना से कृत संकल्पित होकर में अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगा। साथ ही थानाधिकारी श्रवण कुमार नील ने कहा की फुलेरा में सुखा नशा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसकी वजह से कई परिवार और युवा पीढ़ी तबाह हो रहे है। थानाधिकारी ने कहा की एक विशेष टीम बनाकर ऐसे लोगो के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

### धरना 383वें दिन भी रहा जारी



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** खेतड़ी—सिंघाना रोड स्थित लाल चौक पर किसान सभा द्वारा नहर सत्याग्रह आन्दोलन का धरना 383 वां दिन भी जारी रहा। शनिवार को धरने की अध्यक्षता उप सचिव ताराचंद तानाण ने की। धरने पर यात्रा संयोजक रणधीर सिंह ओला, जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला, महिला विंग कमांडर सुनिता सांईपंवार, अनिल पिचानवां, सतपाल चौधरी, सुबेसिंह लुणिया, मनोज कुमार, सरोज देवी, कपिल कुमार, जगराम योगी आदि लोग मौजूद रहे। धरने पर आने वाले और इधर से गुजरने वाले लोगों को धरनार्थियों द्वासरा 20 जनवरी को प्रस्तावित कलेक्ट्रेट घेराव के लिए न्यौता दे रहे है। न्यौता इस बात को लेकर दिया जा रहा है कि 765 केवी की हाईटेंशन लाइन बड़ी बड़ी कंपनी बिना मुआवजा दिए है। किसान के खेतों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। प्रशासन से मिलीभगत करके। यह लड़ाई आरपार की लड़नी पड़ेगी तो ज्यादा से ज्यादा लोग झुंझुनूं पहुंचे।

### नट बस्ती में रजाई बांटी

**चिड़ावा।** सेवा भारती के तत्वावधान में नट बस्ती में रजाई का वितरण किया गया। पीएनबी बैंक चिड़ावा में सेवारत सुमन थाकन व कर्मवीर थाकन अरड़ावता ने अपने पुत्र पार्थ के जन्मोत्सव पर प्रधानाचार्य सुरेश पायल की प्रेरणा से जादम फार्म हाउस पर कार्यक्रम आयोजित कर जरुरतमंदों को 51 रजाइयां व मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेश पायल, महेंद्र कुमार सैनी जिला मंत्री सेवा भारती, राजीव गोदारा, मोहनलाल सैनी, मंजू सैनी आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल बागडे ने अखिल भारतीय भोई समाज के प्रथम राष्ट्रीय महाधिवेशन का शुभारंभ किया

# 'सबका साथ, सबका विकास' ही राष्ट्र का सर्वोच्च लक्ष्य : राज्यपाल बागडे




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तिरुपति में अखिल भारतीय भोई समाज के प्रथम राष्ट्रीय महाधिवेशन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भोई समाज भारतीय संस्कृति से जुड़ा वह समुदाय है जिसने राष्ट्र निर्माण में निंरतर महती भूमिका निभाई है।

उन्होंने समुद्र, खाड़ियों, नदियों, घाटियों, झीलों, झरनों आदि में मछली पकड़ उन्हें बाज़ार में बेचकर अपनी जीविका चलाने वाले इस समाज के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि रामायण और महाभारत काल से इस समुदाय ने अपने लिए नहीं सदा दूसरों के लिए कार्य किया है।

राज्यपाल ने भोई समाज को सहज, सरल और मन से भोला बताते हुए कहा कि जो जल—जंगल और जमीन की रक्षा करते हैं, वह भोई है। उन्होंने भोई समुदाय को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए शिक्षा के अधिकाधिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए समाज में जागरूकता होगी तभी केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भोई समाज ले सकेगा।

उन्होंने कहा कि कोई जाति बड़ी नहीं है और न ही कोई छोटी है। हमारे यहां वर्ण और जाति व्यवस्था इसलिए बनी कि जिसे जो काम रुचि का लगा, उसने वह करना प्रारंभ किया और उसी से उसकी बाद में पहचान बन गई। पर यह स्थाई व्यवस्था नहीं है। हमारी संस्कृति तो आरंभ से ही 'मनुर्भव' की रही है। पहले मनुष्य बनें, उसके बाद कुछ और बनें। जिसमें मानवता का भाव है, वही सबसे बड़ा है। भारत सबके लिए समान भाव रखने की समता में विश्वास रखने वाला देश है।

राज्यपाल ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' ही राष्ट्र का सर्वोच्च लक्ष्य है। इसलिए भोई समाज भी अपने अंदर व्याप्त कुरूतियों से बाहर निकलकर राष्ट्र विकास में सहभागी बनें। उन्होंने युवाओं को आगे आकर समाज विकास के लिए कार्य करने पर भी जोर दिया।

### राज्यपाल ने तिरुपति में भगवान श्री वेंकटेश्वर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम पहुंचकर भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की विधिवत पूजा–अर्चना की और राजस्थान सहित समस्त देशवासियों के सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल के मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# खराब मौसम की वजह से बिगड़ा जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट-शेड्यूल

## अहमदाबाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट एक घंटे आसमान में घूमती रही



**जयपुर।** जयपुर में देशभर में सर्दी के बाद कोहरे और धुंध का असर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। मौसम परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर एयर ट्रैफिक पर नजर आ रहा है। जयपुर में बढ़ती सर्दी के साथ कोहरे की वजह से लगातार फ्लाइट्स का शेड्यूल बिगड़ा हुआ है। शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट के रनवे पर दृश्यता 100 मीटर से भी कम रह गई। इसकी वजह से पांच फ्लाइट्स अपने निर्धारित वक्त पर टेक ऑफ और लैंडिंग नहीं कर पाई है।

इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई–7114 हर दिन सुबह 8 बजे जयपुर आती है। आज फ्लाइट अपने निर्धारित वक्त से आधे घंटे लेट थी। इसके बाद भी लगभग 8.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर जब फ्लाइट लैंड होने पहुंची। तब घने कोहरे और धुंध की वजह से फ्लाइट लैंड नहीं हो पाई। खराब मौसम की वजह से लगभग 1 घंटे तक पायलट ने फ्लाइट को जयपुर के आसमान में ही लैंडिंग के लिए होल्ड रखा। इसके बाद भी जब जयपुर एयरपोर्ट पर दृश्यता में सुधार नहीं हुआ। एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम ने जयपुर की फ्लाइट को उदयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया है। इससे जयपुर आने वाले यात्री उदयपुर पहुंच गए हैं।

**इन फ्लाइट पर भी बना असर:–** इसी तरह इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई–7274 भी अपने निर्धारित वक्त पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। वहीं इंडिगो एयरलाइंस की ही फ्लाइट 6ई–7217 को जयपुर से सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर अहमदाबाद के लिए रवाना होना था। लेकिन मौसम खराब होने की वजह से फ्लाइट सुबह लगभग 10 बजे के आसपास अहमदाबाद के लिए रवाना हो पाई। जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX – 1212 जिसे सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर मुंबई के लिए रवाना होना था। यह फ्लाइट भी 11 बजे तक कम दृश्यता की वजह से मुंबई के लिए रवाना नहीं हो पाई है।

इसके साथ ही स्पाइसजेट एयरलाइंस की कुंभ जाने वाली फ्लाइट भी खराब मौसम की वजह से अपने निर्धारित वक्त पर उड़ान नहीं भर पाई। क्यों कि प्रयागराज में खराब मौसम की वजह से फ्लाइट्स अपने निर्धारित वक्त पर लैंड नहीं हो पा रही थी। ऐसे में स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट एसजी–2963 जो सुबह 7 बजकर 05 मिनट पर प्रयागराज के लिए उड़ान भरती है। वह भी अपने निर्धारित वक्त से 2 घंटे बाद तक उड़ान नहीं भर पाई। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर को परेशान होना पड़ा।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में हॉस्टल गर्ल्स से मारपीट

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के एक हॉस्टल में गर्ल्स से मारपीट का मामला सामने आया है। दो लड़कों ने गाली–गलौज कर बाल पकड़कर लड़की को थप्पड़ मारे। धक्का देकर जमीन पर गिरकर मोबाइल छीनकर सड़क पर फेंक दिया। गांधी नगर थाने में पीड़िता ने अनजान दो लड़कों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एएसआई नरेश कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया– कोटपूतली निवासी 21 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह हॉस्टल में रहकर कॉलेज में स्टडी करती है। सोमवार दोपहर वह अपने दोस्त के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी की अम्बेडकर लाइब्रेरी की पार्किंग में खाना खा रही थी। इसी दौरान दो अनजान लड़कों ने आकर मारपीट करना शुरू कर दिया। गाली–गलौच करते हुए मारपीट करने लगे।

**मौके से भाग निकले लड़के:–** जैसे–तैसे छूटकर दूर भाग पुलिस को कॉल करने के लिए मोबाइल निकाला। दोनों में से एक लड़का पीछे भागते हुए आया और मोबाइल छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर लड़के ने बाल पकड़कर 4–5 थप्पड़ मार दिया। धक्का देकर जमीन पर गिराकर उसका मोबाइल छीन लिया। कुछ दूरी पर रोड पर मोबाइल फेंककर दोनों लड़के भाग गए। गांधी नगर थाना पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जयपुर में बिजनेसमैन को ब्लैकमेल कर महिला ने 1 करोड़ मांगे

## रेप केस में फंसाने की धमकी दी, 10 लाख रुपए वसूले

**जयपुर।** जयपुर में एक बिजनेसमैन को ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेलर युवती ने 1 करोड़ रुपए की डिमांड की। ब्रह्मपुरी थाने में बिजनेसमैन की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसआई हबीब खान कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया– ब्रह्मपुरी निवासी 31 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनके पति का नगीनों का बिजनेस है। पिछले काफी दिनों से परेशान होते देखकर पति से पूछने पर युवती के ब्लैकमेल करने का पता चला। करीब एक साल पहले शीला (बदला हुआ नाम) ने जॉब के बहाने पति से कॉन्टैक्ट किया था। धीरे–धीरे मिलने–जुलने के साथ वॉट्सऐप पर मैसेज पर बात करना शुरू कर दिया। साथ घूमने जाने पर फोटो खींचने के साथ प्यार के जाल में फांस लिया। फोटोज व चैटिंग के आधार पर बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### हनी ट्रेप में फंसाने की धमकी

हनी ट्रेप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। ब्लैकमेल कर 10 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर वसूल लिए। इसके बाद आदर्श नगर इलाके में मकान दिलाने की डिमांड की। डिमांड पूरी नहीं करने पर रेप केस दर्ज करवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। इसके बाद कॉल कर धमकाने लगी। एक करोड़ रुपए में समझौता करने की कहकर 70 लाख में राजी हो गई। फाइनल 50 लाख रुपए में समझौता करने की कहा। डिमांड पूरी नहीं करने पर धमकी दी कि अब तो पैसे भी लूंगी, बदनाम भी करुंगी, मकान भी लूंगी, तब ही मुकदमा वापस लूंगी। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान होकर ब्रह्मपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया।

### युवती ने भी रेप का केस दर्ज करवा रखा

एसआई हबीब खान का कहना है– शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी युवती की ओर से किसी पुलिस स्टेशन में रेप केस दर्ज करवाया गया है, उसकी जानकारी की जा रही है। रिकॉर्ड प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जयपुर में 14 साल की लड़की से गैंगरेप

**जयपुर।** जयपुर में नाबालिग लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पड़ोसी अपने दोस्त के साथ मिलकर उसे किडनैप कर ले गया। एक कमरे में बंधक बनाकर दोनों आरोपियों ने उसके साथ रेप किया। कानोता थाने में नाबालिग पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी (बस्सी) विनय कुमार डीएच कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया– कानोता निवासी 14 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पड़ोसी होने के कारण आरोपी से उसकी बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि गुरुवार सुबह वह घर से आगरा रोड पर गई थी। इस दौरान रास्ते में आरोपी पड़ोसी अपने दोस्त के साथ मिलकर गया। बातचीत कर उसे बहला–फुसलाकर उसका किडनैप कर प्रताप नगर इलाके में स्थित एक कमरे पर ले गए।

कमरे में बंधक बनाकर दोनों आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी देकर आगरा रोड पर छोड़कर फरार हो गए। डरी–सहमी पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई। कानोता थाने में परिजनों के साथ पहुंची नाबालिग पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जयपुर की पॉश कॉलोनी से कार चोरी

## घर के बाहर पार्किंग में थी खड़ी, दो बदमाश चुरा ले गए



**जयपुर।** जयपुर की पॉश कॉलोनी से हैरियर कार चोरी का मामला सामने आया है। घर के बाहर पार्किंग में हैरियर कार खड़ी हुई थी। कार के लॉक तोड़कर दो बदमाश चोरी कर ले गए। अशोकनगर थाने में पीड़ित ने कार चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस वारदातस्थल के आस–पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया– सी–स्कीम अशोक नगर निवासी पृथ्वी सिंह शेखावत ने कार चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते है। बुधवार रात करीब 8.15 बजे उन्होंने हैरियर कार को घर के बाहर पार्किंग में खड़ा किया था। देर रात बदमाशों ने चोरी की नीयत से हैरियर कार को निशाना बनाया। कार का लॉक तोड़कर स्टार्ट कर बदमाश चुरा ले गए। गुरुवार सुबह नींद से उठकर कार संभालने पर गायब मिली। घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर कार चोरी का पता चला। रात करीब 11 बजे दो बदमाश कार को चोरी कर ले जाते दिखाई दिए। कार चोरी का पता चलने पर पीड़ित ने अशोक नगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस फुटेज के आधार पर कार चोरों की तलाश में जुटी है।

# दिव्य ज्योत रथ यात्रा आज जयपुर में







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री ढाढण शक्ति प्रचार मंडल जयपुर द्वारा आयोजित दिव्य ज्योत रथ यात्रा का स्वागत दुर्गा मंदिर अंबाबाड़ी में सुबह 10.00 बजे होगा और वहीं से दिव्य ज्योत रथ सुबह 10.30 बजे विशाल शोभा यात्रा के साथ उत्सव स्थल सेक्टर 2 विद्याधर नगर में पहुंचेगा जहां पर विशाल भजन संध्या का आयोजन 4.00 से 9.00 तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पत्रकार वार्ता में राजकुमार बजाज, प्रदीप बजाज ने बताया कि दादीजी का रथ भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों से होते हुए आज जयपुर में पहुंचा। रविवार के आयोजन के बाद ये रथ ढाढण धाम ढाढण (फतेहपुर जिला सीकर) जाएगा। ढाढणधाम में इस दिव्य ज्योत के सानिध्य में 26 जनवरी 2025 को विशाल भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध भजन गायक भजनों के प्रस्तुति दादी जी के दरबार में देंगे।

### लघु उद्योग भारती ने विद्युत अधिकारी को अर्बन सेस हटाने की मांग को स्मरण कराया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर/सीकर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम के रिक्को क्षेत्र के उपभोक्ताओं के इस माह के विद्युत बिलों में अर्बन सेस लगकर आया है जो कि पूर्व में लघु उद्योग भारती के प्रयासों से हटाया जा चुका था। लघु उद्योग भारती के जयपुर अंचल अध्यक्ष सुधीर कुमार गर्ग एवं सीकर ईकाई संरक्षक रामनिवास रॉयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्बन्ध में अजमेर विद्युत वितरण निगम के सम्बंधित अधिकारियों से लघु उद्योग भारती ने बात कर स्मरण कराते हुए कहा कि यह अर्बन सेस रिक्को क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर लागू नहीं है अत: हटाने का कष्ट करें। इस पर आधिकारियों ने सहमति जताई है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

## मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिले सोनोग्राफी के लिए वाउचर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत ब्रेस्ट व सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने के साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि शनिवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। इसके साथ ही स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत उनकी ब्रेस्ट व सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# भारत में तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता: डॉ. राणा




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ व एसआरकेपीएस के संयुक्त तत्वाधान में राज्य में तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए वाइटल स्ट्रेटजी नई दिल्ली के डॉ.जे.एस राणा के द्वारा भारत में तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के वर्तमान स्तर तथा भविष्य की आवश्यकताओं के विषय में प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। राणा ने बताया कि राज्य में तथा संपूर्ण भारत में तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है। राज्य में लगभग 1.5 करोड़ के आस–पास जो वयस्क लोग तंबाकू उपभोगी है उन्हें तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श की सेवाओं से लाभान्वित किया जा सके।

एएसपीओ एनटीसीपी के नरेंद्रसिंह द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि राज्य में लगभग 5 करोड़ वयस्क है जिनमें से 1.5 करोड़ के लगभग तंबाकू उपभोगी है और इसमें से 50 प्रतिशत से भी अधिक लोगों के द्वारा तंबाकू मुक्ति के लिए पूर्व में योजना बनाई गई है, परंतु तंबाकू उत्पादन के लतकारी एवं विषकारी प्रभाव के कारण अधिकतर लोग तंबाकू छोड़ने में असफल रहते हैं। राजस्थान कैंसर फाउंडेशन के डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा मेडिकल कॉलेज में एवं डेंटल कॉलेज में तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्रो के संचालन के विषय में प्रेजेंटेशन दिया गया तथा प्रतिभागियों को यह जानकारी दी गई की मेडिकल कॉलेज तथा डेंटल कॉलेज में किस तरीके से तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र संचालित किए जाएं तथा केन्द्रो के संचालन के लिए किन उपकरणों दवाइयां एवं तकनीक की आवश्यकता है।

साइकोलॉजिस्ट गगन पंचारिया तथा संगीता जोधा के द्वारा जिला स्तर पर संचालित तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्रों की उपकरणों, दवाइयों एवं अन्य आवश्यकताओं के विषय में तथा रोगियों को काउंसलिंग की प्रक्रिया के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के राज्य सलाहकार ललित प्रताप त्रिपाठी के द्वारा बताया गया कि मेंटल हेल्थ प्रोग्राम में काफी संख्या में ऐसे रोगी है जिनकी मानसिक समस्या का प्रमुख कारण तंबाकू उपयोग है इसलिए तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के बीच में बेहतर समन्वय की आवश्यकता है तथा इसकी कार्य योजना के विषय में भी कार्य किया जाएगा। डॉ.पुनीत चाहर के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा यदि तम्बाकू मुक्ति की सलाह दी जाती है तो काफी संख्या में तम्बाकू उपभोगी तम्बाकू छोड़ने की ओर अग्रसर होंगे अस्पतालो के विभिन्न विभागों जैसे दन्त रोग, ईएनटी, मेडिसिन से तम्बाकू उपभोगी रोगियो को तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र पर रेफर करने लिए प्रक्रिया निर्धारित कि जाये ताकी अधिक से अधिक रोगियो तम्बाकू मुक्ति सेवाओं का लाभ मिल सके।

कार्यशाला के अंत में एसआरकेपीएस के राजन चौधरी के द्वारा आगामी कार्य योजना के विषय में बताया गया तथा गांधी फाउंडेशन के डॉ.र मेश गांधी के द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद किया गया। कार्यशाला में राज्य के 17 तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्रों के प्रभारी अधिकारी व काउंसलर सहित जयपुर जिले के मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्रो के प्रभारी अधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन

## दो दिनों में शिक्षक एवं शिक्षार्थी हित में विभिन्न मांगों पर हुआ मंथन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का समापन जिले के जेपी जानूं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में समापन सत्र के मुख्य अतिथि भामाशाह व राजस्थान आदर्श जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानूं थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ सैकंडरी सुभाषचंद्र ढाका, सीबीईओ अलसीसर राजेंद्र खीचड़, सीओ स्काउट महेश कलावत रहे। मुख्य वक्ता सेठ नेतराम मघराज राजकीय बालिका महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रोहिताश्व यादव थे। सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरुआत की गई। आए हुए समस्त मेहमानों का माल्यार्पण शॉल एवं साफा ओढाकर स्वागत किया गया। संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने कहा कि शिक्षक शिक्षक में व्याप्त चुनौतियों का सामना तभी कर पाएगा। जब वह स्वयं स्वाध्याय करके विद्यालय में आएगा। उन्होंने समस्त शिक्षकों से स्वयं आचार संहिता की पालना करने की बात रखी। प्रदेश सभा अध्यक्ष ललित आर पाटीदार ने कहा कि शिक्षकों की मांगों के लिए हम संघर्ष की रूपरेखा बनाएंगे एवं उसकी जल्दी ही घोषणा की जाएगी। उसके बाद खुला अधिवेशन प्रारंभ हुआ। जिसमें खुले मंच से राजस्थान भर के जिलाध्यक्षों ने अपने विचार रखे। जिसमें शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानान्तरण से रोक हटाने, सभी श्रेणी के शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, प्रिंसिपल भर्ती में 50 प्रतिशत सीधी भर्ती से भरे जाने वह 50 प्रतिशत डीपीसी से भरे जाने, अधिशेष शिक्षकों का पदस्थापन काउंसलिंग सिस्टम के माध्यम से करने, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में साक्षात्कार से चयनित अध्यापकों को अधिशेष नहीं करने, जिन अध्यापकों के पदस्थापन से संबंधित मामले ट्रिब्यूनल कोर्ट में चल रहे हैं उनकी काउंसलिंग करवा कर उचित पदस्थापन करवाने, जब सम्मेलन या शिक्षक का अवकाश हो उस दिन शिक्षा विभाग का कार्यक्रम जारी नहीं करने, पूर्व प्राथमिक शिक्षक को भी शिक्षकों के समान वेतन देने, बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक और वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के बाद पदोन्नति का विकल्प करने, जिन सत्रों की विभिन्न संवर्गों की डीपीसी बकाया चल रही है उनकी अति शीघ्र डीपीसी कर पदस्थापन किए जाने, अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए सहित 21 सूत्री मांग पत्र तैयार किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका ने बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देने का आह्वान किया एवं नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता डॉ. रामकुमार सिंह ने नई शिक्षा नीति 2020 की गुणवत्ता, सामाजिक परिवर्तन, कौशल युक्त शिक्षा, विदेश में बेरोजगारी, सामाजिक मूल्य में बदलाव, संस्कृति में हो रहे परिवर्तन, बच्चों पर शिक्षा का मानसिक दबाव, बढ़ रही आत्महत्या, नशे की प्रवृत्ति, शिक्षकों के दायित्व, सामाजिक परिवर्तनों के अनुसार शिक्षक को बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि शिवकरण जानूं ने कहा कि मैं सदैव शिक्षकों के हितों के लिए तत्पर रहूंगा और भविष्य में यदि ऐसा आयोजन किया जाता है तो झुंझुनूं की धरा पर होने वाले आयोजन का समस्त खर्च मेरे द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं शिक्षकों का सदैव सम्मान करता हूं क्योंकि शिक्षक ही भावी एवं आदर्श भारत के निर्माता है। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र खीचड़ ने बताया कि महात्मा गांधी विद्यालयों की समीक्षा करने की आवश्यकता है। शिक्षा संघ के राजकुमार मूंड, रणबीर गोदारा, निरंजन शर्मा, महेशचंद सैनी, राधेश्याम मान, सुरेंद्र बिजारणिया आदि ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षा की में हो रहे परिवर्तनों की चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

## टैगोर स्मार्ट स्कूल में वार्षिकोत्सव 'उन्मेष'

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**


**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे में संचालित टैगोर शिक्षण संस्थान की इकाई टैगोर स्मार्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव उन्मेष शनिवार को श्री पैलेस में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला संघ चालक मानसिंह शेखावत थे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणजीत सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, निदेशक डॉ. वीरपालसिंह शेखावत व प्रधानाध्यापक मातादीन सिंह शेखावत थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रेरणादायी नाटक, नृत्य व गायन आदि प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सेव ट्री ड्रामा के माध्यम से नन्हें मुन्ने बच्चों ने संदेश दिया कि वृक्ष है तो जीवन है। वृक्षों के बिना धरती का शृंगार भी नहीं है और जीवन भी नहीं है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने भी चाहिए और उनकी रक्षा भी करनी चाहिए। मुख्य अतिथि मानसिंह शेखावत ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के इस भौतिकवादी युग में चारित्रिक गुणों की महत्ती आवश्यकता है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ ने बताया कि नौकरी के पीछे भागने की बजाय नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करें। टैगोर शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. वीरपाल सिंह शेखावत ने सभी अभिभावकों, अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कुचामन पुलिस ने हेरोइन तस्कर को गिरफ्तारी किया

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** पुलिस मुख्यालय द्वारा 3 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलाए जा रहे मादक पदार्थों की रोकथाम विशेष अभियान के तहत,



डीडवाना-कुचामन पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस थाना कुचामन सिटी ने 17 जनवरी 2025 को 40.5 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) की अवैध बरामदगी की। यह कार्रवाई पुलिस उप निरीक्षक शिव सिंह के नेतृत्व में की गई। जब मुखबीर की सूचना पर एक संदिग्ध व्यक्ति अमृतपाल सिंह को राणासर से पहले गुरूनानक पंजाबी ढाबा के पास गिरफ्तार किया गया। अमृतपाल सिंह जो पंजाब के संगरूर जिले के रामपुरा गुजरा का निवासी है, के पास से अवैध मादक पदार्थ हेरोइन की बरामदगी हुई। गिरफ्तारी और जप्ती के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद (आई.पी.एस.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचन्द खारिया, वृताधिकारी अरविन्द विश्नोई और थानाधिकारीजगदीश प्रसाद के सुपरविजन में की गई।

### गायत्री परिजन द्वारा दहेज रुपी कुरीति मिटाने हेतु अच्छी पहल



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** गायत्री परिवार से जुड़े देव परिवार उमेश धर्मपत्नी उमेदशर्मा ने अपने दो बेटों सुमित और सचिन जो दोनों सरकारी सेवा में है जैसे सुमित पोस्ट ऑफिस और सचिन एयरफोर्स में की तिलक अदायगी की रस्म केवल मात्र 21रुपये और नारियल लेकर ढिग़ारला में सम्पन्न की और संकल्प किया की दोनों बेटों की शादी भी एकदम सादगी से और बिना किसी दहेज के करेगें।यह आज के समाज की ज्वलंत समस्या है जिसका समाधान इन जैसे परिवारों और युवा वर्ग की पहल से ही संभव होगा।समाज को शादी विवाह में इस परिवार का अनुकरण करके एक मिशाल कायम करनी चाहिए।

### राजगढ़ में श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर में महाप्रसाद का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे श्याम सुंदर शर्मा कोलकाता प्रवासी राजगढ़ निवासी के संयोजन शुक्रवार को महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉ. विनोद अग्रवाल डॉ हरिराम रोहिल्ला दिनेश तिवाड़ी, मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार, विनोद गौतम सुनील यादव राजेश बैरासरिया, ओम बंसल, विमल मोहता, कौशल पूनिया, पुजारी विमल महर्षि, नरेश शर्मा, नीरज शर्मा, कैलाश शर्मा, रमाकांत शर्मा, रामावतार शर्मा, जितेंद्र शर्मा, कमल शर्मा, अंकित मोहता, बसंत वर्मा, संजय सैनी, जैकी दिनोदिया, आनंद डोरवाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### प्रॉपर्टी पार्सल वितरण समारोह ग्राम पंचायत गुगलवा में छह पट्टों का वितरण




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ पंचायत समिति में स्वामित्व योजना अंतर्गत प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत समिति राजगढ़ में शनिवार को पंचायत समिति की पंचायत गुगलवाके बास चनानी( ढाणी चनानी के रणजीत सांगवान ने पहला पट्टा प्राप्त किया। पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेश जोहिया डीडीसी लोकराम ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र नेहरा, ग्राम विकास अधिकारी अशोक, आदि मौजूद थे।

### नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सादुलपुर।** नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अजय भट्टाचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों, 8 शिक्षकों और 5 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि नशे को प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त नशों में विभाजित किया जा सकता है। दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं और भीतर तक को खोखला कर देते हैं तो भी प्रतिबंधित नशे मनुष्य के जीवन के लिए अभिशाप से कम नहीं। यदि ये नशे मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छे होते तो सबसे पहले सरकार इनके लिए लाइसेंस जारी कर देती लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# तेरापंथ धर्म संघ का अनुशासन और मर्यादाएं सबसे विलक्षण : साध्वी संगीतश्री



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तेरापंथ धर्म संघ का अनुशासन और इसकी मर्यादा व्यवस्था सबसे विलक्षण है। उक्त विचार राजगढ़ जैन समाज की नातिन एवं आचार्य महाश्रमण की शिष्या संगीत श्री ने शुक्रवार रात्रि को व्यक्त किए। जसकरण सुराणा हवेली में यह कार्यक्रम साध्वी संगीत श्री और उनकी अनुजा साध्वी कमल विभा आदि साध्वियों के अध्यात्म अभिनंदन समारोह के अंतर्गत हुआ। राजगढ़ की ही के मुसरफ परिवार की संसार पक्षीय बेटी साध्वी शुभ प्रभा के नेतृत्व में उक्त आयोजन हुआ। राजगढ़ और सादुलपुर दोनों क्षेत्रों के तेरापंथ धर्म संघ के श्रावक-श्राविकाओं सहित अन्य वर्गों के श्रद्धालु भी उपस्थित थे। साध्वी ने अपनी 17 वर्षों की सुदूर प्रांतों की पदयात्रा के अनुभव सुनाए। उन्होंने बताया कि बंगाल, असम, कर्नाटक तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में उनकी आध्यात्मिक प्रसार यात्रा देव गुरु धर्म के प्रताप से सफलीभूत रही। उन्होंने शासन माता साध्वी प्रमुखा कनक प्रभा को भी याद किया। अपने उद्बोधन में साध्वी शुभ प्रभा ने श्रद्धालुओं से अंतर्मुखी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अंतर्मुखी बन जाता है वह काफी हद तक सांसारिक समस्याओं से निजात पा सकता है। अध्यात्म अभिनंदन समारोह में साध्वी संगीत श्री की सहयोगियों साध्वी शांति प्रभा, साध्वी कमल विभा, साध्वी मुदिताश्री तथा साध्वी कमल यशा ने भी पारंपरिक ढालें गाई। साध्वी शुभ प्रभा के साथ साध्वी कांति यशा, साध्वी मंदार यशा तथा साध्वी अन्यन प्रभा ने गीतिकाओं की के जरिए अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम का संयोजक तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा मुसरफ़ ने मंगलाचरण के साथ किया। इस अवसर पर राजस्थान स्वायत शासन विभाग की अधिकारी पुष्पा राठौड़, वाचक सुशील भक्त सरावगी, श्याम जैन, अभिषेक सरावगी ने समाज की ओर से साध्वियों का स्वागत करते हुए विचार व्यक्त किए।

# सराहनीय सेवाओं के लिए पीआरओ सुरेंद्र सामरिया का सम्मान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र कुमार सामरिया का राजस्थान नदी बेसिन प्राधिकरण जयपुर तबादला कर दिया गया है। यह तबादला बुधवार को जारी जनसंपर्क अधिकारियों की सूची में किया गया, जिसमें 35 अन्य अधिकारियों के स्थानांतरण भी किए गए। सुरेंद्र कुमार सामरिया हनुमानगढ़ जिले में पिछले एक वर्ष से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पद पर कार्यरत थे और इस दौरान उन्होंने अपनी कार्यकुशलता से जिले में जनसंपर्क विभाग के कार्यों को सुचारू रूप से चलाया। सामरिया के स्थानांतरण उपरांत सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजपाल लंबोरिया प्रभार संभालेंगे।

**सम्मान समारोह का आयोजन :** सुरेंद्र कुमार सामरिया के तबादले के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पत्रकारों, मीडिया प्रतिनिधियों और विभागीय कर्मचारियों ने सामरिया की उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह में सामरिया की सेवाओं को याद करते हुए उनके योगदान को उच्चतम मान्यता दी गई।

**सामरिया का योगदान :** हनुमानगढ़ में अपने एक वर्ष के कार्यकाल में सुरेंद्र कुमार सामरिया ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं, अभियानों और सरकारी कार्यक्रमों का जनसंपर्क के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रचार किया। उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्यों में पारदर्शिता के कारण जिले में जनसंपर्क विभाग को एक नई दिशा मिली।

# नव आगंतुक शहर कोतवाल नारायण सिंह से शिष्टाचार भेंट, किया स्वागत



**झुंझुनूं।** थाना कोतवाली में नवांगतुक शहर कोतवाल सीआई नारायण सिंह, जो की पिलानी से स्थानान्तरण होकर आए हैं, से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। सुनिल पाटोदिया वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदीप पाटोदिया, अग्रवाल समाज अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, वस्त्र व्यापार संघ के अशोक केडिया नीटू, श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं सुनील तुलस्यान ने शहर कोतवाल नारायण सिंह का माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर शहर कोतवाल ने बताया कि बेहतर जांच और सतर्कता से अपराधियों को सजा और पीड़ितों को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। पुलिस संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन प्रदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस के ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास-अपराधियों में भय शहर की जनता में साकार होगा।

### श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा का सातवां दिन

# मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी : डॉ. सुरेश शास्त्री

**धौलपुर।** मित्रता हो तो ऐसी हो जैसे कि कृष्ण और सुदामा की थी। उक्त उद्गार श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का कथा व्यास डॉ. सुरेश शास्त्री ने वर्णन करते हुए व्यक्त किए। कथा पीठ के पूजन के बाद सुदामा चरित्र पर प्रवचन देते हुए डॉ. शास्त्री ने कहा कि भगवान कृष्ण के परम मित्र थे सुदामा। वे भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है, उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राह्मण आया है तो कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं। लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर ही भगवान का सुमिरन करते हैं। इसलिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आतें हैं। इस दौरान नितेन्द्र, संगीत शर्मा, रिंकू, दरोगा गौड, वीरेश दंडौतिया आदि ने कथा व्यास के साथ कृष्ण-सुदामा मित्रता पर भजन गाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। रविवार को हवन,कलश विसर्जन एवं भंडारे के साथ कथा सम्पन्न हो जाएगी। कथा के अंत में श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर के महंत मनोजदास महाराज और अन्य श्रद्धालुओं ने भागवत पुराण की आरती की और प्रसादी का वितरण किया।



# चैंपियंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी में खिलाड़ियों का सम्मान




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** चैंपियंस स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी में खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। शूटिंग कोच सुशील कुमार ने बताया कि 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप दिल्ली में 12 दिसंबर से 6 जनवरी तक आयोजित हुई। जिसमें चैंपियन स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के बालिका वर्ग में रिया सिहाग, निकिता भूरिया, ममता कालेर, अनमोल, जयंती कुमारी, नेहल पूनियां, अनू कुमारी, सर्वेश कुमारी, खुशी कुमारी व बालक वर्ग में पुलकित खीचड़, विकास कालेर, सौरभ फोगाट, सतीश बुडानिया व हितेश खीचड़, आशीष बुगालिया, प्रियांशु चौधरी, ललित कुमार, राकेश कुमार, पंकज कुमार, संदीप कुमार, आयुष कुमार, सिकंदर आदित्य, अनिश ने नेशनल में क्वालीफाई किया। इनमें से पुलकित, सौरभ, रिया, अनमोल, नेहल, पंकज, ललित कुमार, विकास, सतीश, हितेश ने इंडिया टीम की ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। इसके साथ ही जयंती का आर्मी असम राइफल में सिलेक्शन हुआ और इंटर शेखावाटी यूनिवर्सिटी शूटिंग प्रतियोगिता में जयंती ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग प्रतियोगिता में सिलेक्शन लिया। अंकित शेखावत ने भी शूटिंग में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए आर्मी अग्निवीर स्पोर्ट्स भर्ती में भी सिलेक्शन लिया। अब यह खिलाड़ी 16 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली इंडिया टीम की प्रथम शूटिंग ट्रायल में भाग लेंगे। जो कि दिल्ली में ही आयोजित होने जा रही है। खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद आबूसरिया थे। व हीं विशिष्ट अतिथियों में जिला खेल अधिकारी राजेश ओला, पूर्व सैनिक राजेश जानूं सामाजिक कार्यकर्ता, कप्तान रामसिंह बुडानिया, सुनिल सुंडा चैंपियन स्पोर्ट्स शूंटिंग एकेडमी संचालक नेशनल प्लेयर अमन चौधरी ने बताया कि खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए नई इलेक्ट्रॉनिक टारगेट मशीन व एक 10 मीटर पिस्टल भी मंगवाई गई है। इस खुशी के मौके पर टारगेट मशीन का भी उद्घाटन किया गया। जिससे खिलाड़ियों में एक नई खुशी की लहर देखने को मिली। सभी सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाइयां शुभकामनाएं दी ।

## सादुलपुर आंचल में दोपहर बाद निकली तेज धूप, 21 व 22 जनवरी को बदलेगा मौसम

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र सहित राज्य के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी इलाकों में मौसम में थोड़ा बदलाव आने की संभावना जताई गई है 21-22 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के उत्तरी हिस्सों में सक्रिय हो सकता है खासकर के शेखावाटी संभाग में इन दिनों शादी-ब्याह का जोर चल रहा है राजस्थान में आगामी 22 जनवरी को बड़ा सावा है हजारों की संख्या में शादियां होगी उधर राजस्थान में एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी हो गया है ऐसे में शादी-ब्याह की तैयारियों में भी भारी परेशानियों का सामना करने बारिश एवं बदलते मौसम के चलते संभावना नजर आने लगी है राज्य में 18 जनवरी को विभिन्न हिस्सों में मौसम का मिजाज काफी ठंडा रहा। बीकानेर, जयपुर, कोटा, और भरतपुर संभागों में घना कोहरा और कोल्ड-डे का असर देखने को मिला। ऐसे मौसम में वाहन चालकों को अधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।

# स्वामित्व योजना का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** प्रताप ऑडिटोरियम में स्वामित्व योजनान्तर्गत कार्यक्रम का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जुडकर एक दिन में देश के 50 हजार से अधिक गांवों में 65 लाख लाभार्थियों को पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण कर लाभार्थियों से संवाद किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव, जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा व गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित 795 लाभार्थियों को पट्टे मय प्रोपर्टी पार्सल के स्वामित्व कार्ड वितरित किए। केंद्रीय मंत्री यादव ने स्वामित्व कार्ड लाभार्थियों को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिलने की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढते हुए विकास के चहुमुंखी आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई। इस योजना का उद्देश्य ड्रोन और जीआईएस तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करना है। साथ ही कृषि भूमि का डिजीटाइजेशन का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना का ग्रामीण भारत पर भूमि प्रशासन को मजबूत करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और ग्रामीण सामुदायिक विकास को गति देने के माध्यम से परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। इससे गांवों के अति पिछडे अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को अपनी जमीन का मालिकाना हक मिला है। इसने बैंक ऋण तक आसान पहुंच की सुविधा प्रदान की है, लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवादों को सुलझाया है और महिलाओं को उनके संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित करके सशक्त बनाया है, जो सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में एक मील का पत्थर है। स्वामित्व योजना समग्र सरकार के दृष्टिकोण का उदाहरण है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब व गांव को मजबूत करने के समावेशी कदम के तहत एक दिन में देशभर में एक साथ 65 लाख वंचित लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड देने का अभूतपूर्व कार्य किया है। इस योजना के तहत सवा दो करोड से अधिक लोगों को पट्टे दिए गए हैं जो कि ऐतिहासिक कार्य है। उन्होंने कहा कि अपनी प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मिलने से घर मजबूत होगा, घर मजबूत होने से गांव मजबूत होगा और गांव मजबूत होने से देश को मजबूती मिलेगी।

**इन्हें सौंपे गए प्रॉपर्टी कार्ड :** जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पंचायत समिति राजगढ की ग्राम पंचायत मल्लाना के ग्राम सिटावट निवासी शिवदयाल, मुक्ता प्रसाद, रामबाबू, ग्राम पंचायत घेवर के ग्राम राजडोली निवासी छोटेलाल व शम्भूदयाल, पंचायत समिति मालाखेडा की ग्राम पंचायत चौमूं के ग्राम पथरोडा निवासी सुभान खान, शिंगारी, फकरूदीन, अशनू खान, रमजान, गोरमल, वसमीना, जमशेद, वकील, लालचन्द को प्रॉपर्टी कार्ड सौंपे। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी, उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, रामगढ प्रधान नसरू खान, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, गोरधन सिंह सिसोदिया, ऋषिराज शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अमरचंद फौजी, देशराज वर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, अधिकारीगण एवं योजना के लाभार्थी व आमजन मौजूद रहे।

# राज्य सरकार आमजन को निर्बाध एवं सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए कर रही कार्य : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## जयपुर शहर में सुगम यातायात को लेकर बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आमजन को परिवहन के सुगम साधन उपलब्ध करवाने तथा निर्बाध यातायात व्यवस्था के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है। इसके लिए आवश्यक सुविधाओं और मानव संसाधन की किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समय के साथ शहरों की बढ़ती जनसंख्या और विस्तार को ध्यान में रखते हुए यातायात एवं परिवहन व्यवस्था के लिए दूरगामी सोच के साथ कार्ययोजना बनानी आवश्यक है। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर जयपुर शहर में सुगम यातायात प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जयपुर प्रदेश की राजधानी और प्रमुख शहर होने के कारण यहां यातायात दबाव अन्य शहरों की तुलना में अधिक है। यहां की यातायात समस्या का स्थाई समाधान निकालने के लिए चरणबद्ध रूप से प्लानिंग बनाकर कार्य करना आवश्यक है।

**सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को किया जाए सुदृढ़ :** शर्मा ने कहा कि जयपुर शहर की यातायात बाधित होने की समस्या के सटीक और स्थाई समाधान के लिए आवश्यक है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ हो। आमजन को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए त्वरित और सुगम परिवहन संसाधन उपलब्ध हो, जिससे वे निजी वाहनों की बजाए सार्वजनिक परिवहन से सफर करने को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम में नई सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक बसों को जल्द से जल्द शामिल किया जाए, ताकि लोगों को सुचारू एवं प्रदूषण मुक्त परिवहन सेवा उपलब्ध हो सके।

**सुचारू व्यवस्था के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की बढ़ायी जाए संख्या :** मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में होमगार्ड तथा आरएसी बटालियन के जवानों को यातायात संचालन के लिए लगाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों और स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाकर यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने कहा कि शहर के प्रमुख मॉल्स, अस्पतालों आदि के बाहर गलत ढंग से वाहनों की पार्किंग से यातायात व्यवस्था बाधित होती है। अत: लोगों को निर्धारित पार्किंग स्थल में ही वाहन खड़ा करने के लिए पाबंद किया जाए।

**प्रमुख सड़कों पर यातायात दबाव कम करने के लिए बने नए सैटेलाइट बस स्टैंड :** शर्मा ने कहा कि जयपुर की चार प्रमुख सड़कों अजमेर रोड़, आगरा रोड़, टोंक रोड़ और सीकर रोड़ पर यातायात दबाव कम करने के लिए इस रूट पर संचालित होने वाली बसों के लिए उसी रूट पर अतिरिक्त सैटेलाइट बस स्टैंड बनाए जाए। इससे सिंधी कैंप स्थित मुख्य बस स्टैंड पर भी बसों की संख्या कम होगी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली व आगरा जाने वाली बसों के लिए निर्धारित नारायण सिंह सर्किल बस स्टैंड को अन्यत्र जगह स्थानांतरित कर पीक आवर्स में बसें वहीं से संचालित करने के निर्देश दिए।

**परकोटा क्षेत्र में हो यातायात का दबाव कम :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परकोटा क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने के लिए आमजन को रामनिवास बाग स्थित पार्किंग में सस्ती दरों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवायी जाए तथा परकोटे में आवागमन के लिए मिनी बसें व इलेक्ट्रिक गाड़ियां संचालित किए जाए। शर्मा ने कहा कि जयपुर में अलग-अलग जोन निर्धारित कर ई-रिक्शा का संचालन किया जाए तथा हर एक जोन के लिए ई-रिक्शा का अलग रंग तय कर दिया जाए, ताकि हर रिक्शा एक क्षेत्र विशेष में चले। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक कर बाजारों को बंद रखने के लिए अलग-अलग दिन तय किए जाए तथा रात्रिकालीन बाजार के लिए भी अलग-अलग दिन निर्धारित हो। शर्मा ने सुझाव दिया कि सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले तथा स्कूल कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए विशेष बस व्यवस्था संचालित की जाए, जिससे उन्हें कार्यालय या अध्ययन स्थल तक आने-जाने के लिए आरामदायक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध हो सके। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, महानिदेशक पुलिस (एस.सी.आर.बी.) हेमंत प्रियदर्शी, एडीजी यातायात अनिल पालीवाल के अतिरिक्त जेडीए, नगर निगम सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्षों बाद मालिकाना हक पाकर लोगों को मिली खुशी



## स्वामित्व योजना के तहत जिले में 5306 लोगों में मिले स्वामित्व कार्ड

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** ग्रामीण इलाकों में वर्षों से जमीन के मालिकाना हक से वंचित लोगों को स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। झुंझुनूं के सूचना केंद्र सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों ने वर्चुअल माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा को वर्चुअल माध्यम से सुना। राज्य मंत्री विजय सिंह ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया राज्य मंत्री विजय सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झुंझुनूं जिले में 602 गांव का ड्रोन सर्वे किया जा चुका है। जिले में अब तक 72306 स्वामित्व कार्ड तैयार किए गए हैं। जिनमें से अब तक जिले में 28761 स्वामित्व कार्ड लाभार्थियों को वितरित किया जा चुके हैं। आज आयोजित हुए आज जिले में 5275 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए हैं। राज्य मंत्री विजय सिंह ने कहा कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग सशक्त हुए हैं। इस योजना से गांवों का विकास होगा। स्वामित्व कार्ड से सम्पति सम्बन्धी विवाद खत्म होंगे। स्वामित्व कार्ड के जरिए अब बैंकों से लोन भी लिया जा सकेगा। इस योजना से निश्चित तौर पर ग्रामीण इलाकों की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीण इलाके समृद्ध और विकसित होंगे। इस मौके पर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एडीएम डॉ. अजय कुमार आर्य, सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा, एसीईओ रामनिवास चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, सीए लोकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विशिष्टजन मौजूद थे।

# अलवर सांसद खेल उत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाना : यादव



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने आज अलवर सांसद खेल उत्सव के द्वितीय चरण की शुभारम्भ कर राजऋषि कॉलेज अलवर एवं लार्ड्स यूनिवर्सिटी व तिजारा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं खैरथल में जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के खेलो इंडिया अभियान व फिट इंडिया अभियान के तहत अलवर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिये अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले के युवाओं के साथ-साथ हर आयुवर्ग के व्यक्तियों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से बढचढकर इसमें भाग लेकर इसे अभूतपूर्व खेल आयोजन बनाया जिसमें उम्मीद से भी बढकर 340 टीमों ने शिरकत की जिसमें 34 टीमें बेटियों की थी। उन्होंने प्रथम चरण के सफल आयोजन पर सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन खेलों के दूसरे चरण में खो-खो, रस्साकस्सी, लम्बी कूद, गोला फेंक, दौड, कबड्डी, कुश्ती, बॉलीबॉल, बास्केटबाल आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरूआत आज हो गई है। इन खेलों में भी 17 हजार से अधिक खिलाडियों ने रजिस्टेऊशन कराया है। उन्होंने कहा कि इन खेलों का उद्देश्य खेल भावना को बढाने के साथ खेल इंस्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना है। साथ ही ग्रामीण खेल स्तर को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल उत्सव खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ खेल व खिलाडियों को बढावा देने का मंच है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि इन खेलो से जुडकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर तथा खेल के इस महाकुम्भ को सफल बनाने में सहयोग करें।

**फूलमाला व साफे की बजाय ई-लाइब्रेरी बनाने में करें सहयोग :** केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि युवा पीढी को आगे बढाने के लिए शिक्षा एवं खेल बहुत ही महत्वपूर्ण है अत: इन दोनों विषयों पर युवाओं को बेहतरीन व्यवस्थाएं व अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिले में अब तक सांसद कोष से सरकारी स्कूलों में 54 ई-लाइब्रेरी बनाई जा चुकी है। साथ ही उन्होंने जिले के 75 सरकारी विद्यालयों में ई-लाइब्रेरी को विकसित करने का संकल्प लेते हुए कहा कि आयोजनों के दौरान जिले के नागरिक फूलमालाओं व साफे से स्वागत न कर इस राशि का उपयोग ई-लाइब्रेरी के निर्माण हेतु करें। उन्होंने संसदीय क्षेत्रा में 75 ई-लाइब्रेरी बनाए जाने तक साफे को नहीं पहनने का संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि इन ई-लाइब्रेरियों को केंद्र सरकार योजना अटल टिकरिंग लैब से जोडा जाएगा।

**अलवर में होगी 9 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर की 'अलवर टाईगर मैराथन' :** उन्होंने कहा कि अलवर जिले के पर्यटन को विश्व पटल पर लाने के उद्देश्य से यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल बाघ परियोजना सरिस्का के नाम पर 'अलवर टाईगर मैराथन' 9 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 7 और 8 फरवरी को भी अनेक खेल गतिविधियां आयोजित कराई जाएगी जिसमें दिव्यांग युवाओं की पैरा दौड भी शामिल है।

# हांसलसर में श्री भोमिया दादा प्रवेश द्वार का लोकार्पण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के हांसलसर गांव में श्री भोमिया दादा के मंदिर से जुड़े प्रवेश द्वार का निर्माण चौधरी श्योकरण राम ब्यामल एवं जड़ाव देवी की पुण्य स्मृति में श्रीराम मैनेजर, चंदगीराम सेवानिवृत अध्यापक व रामकरण अध्यापक ने 5 लाख रुपये की लागत से बनवा कर सार्वजनिक हित में समर्पित किया है। शनिवार को श्री भोमिया दादा मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी एवं उपभोक्ता के अध्यक्ष मनोज कुमार मील द्वारा किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री भोमिया दादा मंदिर में दीप प्रज्जवलित कर किया गया और अतिथियों ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शुभकरण चौधरी ने कहा कि अब वक्त समाज को संगठित करने का है और समाज में फैली बुराइयों को हम संगठित होकर ही दूर कर सकते है तथा अच्छे संस्कार आगे आने वाली पीढ़ी को दे सकते हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने सकारात्मक सोच एवं शिक्षा को जिन्दगी की आधारशिला बताते हुए युवाओं का आह्वान किया कि अपनी जन्मभूमि के प्रति हमेशा समर्पित रहे और हरेक काम इंसानियत की भावनाओं के साथ करना चाहिए। मील ने कहा कि हरेक जरुरतमंद को मदद और हरेक नौजवान को शिक्षा मिल सके। इसके लिए हमेशा सकारात्मक सद्प्रयास करते रहने की आज महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्यामल परिवार की ओर से किए गये सामाजिक कार्यों से प्रेरणा लेकर गांव में शिक्षा और रोजगार आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके लिए युवाओं को पहल करनी चाहिए।

## सूचना सहायक के 3415 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया

# सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि सूचना सहायक भर्ती परीक्षा 2023 के अंतर्गत 3415 अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाएगा। कर्नल राठौड़ ने अभ्यर्थियों



को आश्वस्त किया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष से इस विषय पर चर्चा की जाएगी और न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा अधिसूचित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 18 नवंबर, 2024 से 20 दिसंबर, 2024 तक किया गया। साथ ही अनुपस्थित अभ्यर्थियों को 13 जनवरी, 2025 को एक और अवसर दिया गया। विभाग के तकनीकी निदेशक एवं संयुक्त सचिव संजय जगदीश कार्णिक ने बताया कि न्यायालय के विभिन्न अंतरिम आदेशों के अनुसार 84 अभ्यर्थियों और 109 पूर्व में स्क्रूटनी फॉर्म न भरने वाले अभ्यर्थियों को मिलाकर कुल 193 अभ्यर्थियों के लिए 14 जनवरी से 19 जनवरी, 2025 तक स्क्रूटनी फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग श्रेणी और उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रमाणपत्रों की जांच भी समांतर रूप से की जा रही है। ऐसे में स्क्रूटनी फॉर्म भरने वाले सभी अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन पूरा होने के बाद नियुक्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सूचना सहायक भर्ती प्रक्रिया में कुछ विधिक बाधाएं आ रही हैं, जिन्हें दूर करने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास किए जा रहे हैं।

# हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** स्थानीय स्टेट हाइवे पुलिस थाने गुढ़ा के पास रोड साइड से हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह रहा है। जो चंवरा तिराहे पर भी यह गंदा पानी फैला हुआ है। जिससे आमजन एवं व्यापारीजन भारी परेशान है। विभाग जलदाय विभाग को सूचना करने के बाद भी नहीं करते हैं। बार बार अवगत कराया। लेकिन अधिकारी सुनाई नहीं करते। जैसे आने जाने वाले एवं व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एवं यातायात से राहगीरों के कपड़े खराब होते हैं। लेकिन जलदाय विभाग की लापरवाही का खामियाजा व चंवरा रोड बस स्टैंड पर भी कीचड़ से यात्रा आमजनों व मोटरसाइकिल रपट ने दुर्घटनाग्रस्त रहा है। जबकि गर्मियों में पीने को पानी नहीं मिलता। लेकिन जलदाय विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सड़क के एक साइड पर गंदा कीचड़ काफी दूरी तक फैला हुआ है। कस्बे में जगह जगह पाइप लाइन टूटी फूटी होने से लोगों के घरों में भी सप्लाई सही नहीं हो रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष.....पीएम मोदी बोले...

**स्वामित्व योजना से हो रहा ग्रामीण विकास का बेहतर नियोजन**-पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ग्राम स्वराज को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है और स्वामित्व योजना ने ग्राम विकास के नियोजन और क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार किया है। उन्होंने कहा कि संपत्ति कार्ड से भूमि स्वामित्व के विवादों का हल होने के साथ ही, पंचायत की भूमि और चरागाह क्षेत्रों की पहचान एवं आपदा प्रबंधन आसान हो जाएगा, जिससे ग्राम पंचायतें भी आर्थिक रूप से सशक्त बनेगी।

**गांवों तक पहुंच रही बुनियादी सुविधाएं**-उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 2.5 करोड़ से अधिक परिवारों को बिजली, 10 करोड़ से अधिक शौचालय, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस कनेक्शन, पिछले पाँच वर्षों में 12 करोड़ से अधिक परिवारों को नल का पानी उपलब्ध कराया गया है एवं 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जिनसें से अधिकांश गांवों में है। उन्होंने कहा कि दशकों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे परिवार अब इन सुविधाओं के प्राथमिक लाभार्थी हैं। प्रधानमंत्री ने सुदूर सीमावर्ती गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उल्लेख किया।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प हो रहा पूरा : मुख्यमंत्री**-मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं में गांव और गरीब को केन्द्र में रखकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि गांवों के मजबूत व आत्मनिर्भर होने से ही देश आत्मनिर्भर एवं विकसित होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में संपत्ति के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राम सुशासन और सशक्तीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीणों को उनके अधिकार प्रदान करने की दिशा में यह दूरदर्शी कदम है, जिससे गांवों का समग्र विकास एवं ग्रामीण परिवारों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो रहा है।

**सुशासन, वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तीकरण और विवादों के समाधान में मददगार स्वामित्व योजना**-मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना पूरी तरह से वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रक्रिया है, जो ग्रामीणों के लिए उनके संपत्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करती है। इस योजना में ड्रोन तकनीक से गांव के आबादी क्षेत्र का सर्वेक्षण किया जाता है और डिजिटल मैप के आधार पर भू-स्वामित्व धारकों को स्वामित्व कार्ड और पट्टा दिया जाता है। इन संपत्ति कार्डों ने ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान कर उनके लिए ऋण लेना आसान बना दिया है, जिससे ग्रामीण नागरिक सशक्त हो रहे हैं। इस तरह यह योजना बेहतर सुशासन, वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तीकरण और विवादों के समाधान में मददगार साबित हो रही है।

**प्रदेश के 35 हजार 955 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा**-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत 35 हजार 955 ग्रामों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है तथा आज 1 लाख 50 हजार से अधिक कार्ड का वितरण किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के हर गांव और ग्रामवासी तक इस योजना का लाभ पहुंचे और कोई भी वंचित नहीं रहे। इसी दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण और अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं तथा इन कार्यक्रमों में ग्राम पंचायतों के अधिकारियों, पटवारियों और अन्य स्थानीय कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है ताकि वे इस योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से भूमिका निभा सके। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि इन परिवारों को अपना घर मिल सके। कार्यक्रम में सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा एवं शासन सचिव पंचायती राज डॉ. जोगाराम मौजूद रहे। वहीं प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम से मंत्रीगण, सांसद एवं विधायकगण वीसी के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से पांच लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण भी किया।

# अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई में गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**झुंझुनूं।** अमर सिंह उनि. पुलिस थाना नवलगढ तथा एजीटीएफ नवलगढ प्रभारी विक्रम सिंह हैड कानि. 2545 मय जाप्ता के गश्त के दौरान अवैध गतिविधियो की चैकिंग करते हुये चूणा चौक नवलगढ़ पहुंचे तो कलावटिया भवन के पास आरोपी जगदीशप्रसाद शर्मा अपने हाथ में एक थैला लेकर पुलिस टीम को देखते ही भागने लगा जिसको रोका और जाकर चैक किया तो उसके पास थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा 03 किलो 583 ग्राम पाया गया, जिस पर आरोपी के कब्जे से गांजा जप्त कर उसे अन्तर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी में पूर्व में भी संलिप्त रहा है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया है।



# कुछ लोगों को क्यों लगती है ज्यादा ठंड

## थायरॉइड और एनीमिया हो सकता है कारण

आपने देखा होगा कि कुछ लोगों को बहुत ज्यादा ठंड लगती है। वे हर समय ठंड की शिकायत करते रहते हैं। इन्हें दूसरों की अपेक्षा बहुत ज्यादा ठंड लगती है। मौसम सामान्य होने पर या हल्की ठंड में भी ये लोग ऊनी कपड़े पहनकर, टोपी लगाकर घूमते रहते हैं। अगर ऐसा हो रहा है तो यह किसी हेल्थ कंडीशन का संकेत हो सकता है। इसकी वजह थायरॉइड या ब्लड फ्लो की कोई प्रॉब्लम हो सकती है। ऐसा ब्रेन फंक्शनिंग में गड़बड़ी के कारण भी हो सकता है। इसे लेकर किसी का मजाक बनाने की बजाय इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। अगर यह समस्या आपके या किसी करीबी के साथ हो रही है तो डॉक्टर के पास जाएं।

### ज्यादा सताती है ठंड

कुछ लोगों को दूसरों की अपेक्षा ज्यादा ठंड लगती है। कई लोगों को ऐसा नेचुरली होता है। यह किसी मेडिकल कंडीशन के कारण भी हो सकता है।

### कब डॉक्टर से मिलना जरूरी?

अगर ठंड के साथ बॉडी पेन हो रहा है, कमजोरी बढ़ रही है और शरीर में कहीं भी सूजन हो रही है तो इसका मतलब है कि शरीर ठंड को सहन नहीं कर पा रहा है। ऐसा होने पर डॉक्टर से मिलने की जरूरत है। जब शरीर ठंड नहीं सहन कर पाता है तो ऐसे कई लक्षण दिख सकते हैं।

### हो सकती हैं ये बीमारियां

कई बार कुछ बीमारियों के कारण भी ज्यादा ठंड लगने लगती है। ऐसे में ठंड से बचना तो जरूरी है ही, साथ ही उसकी वजह बनी बीमारी का पता लगाना और इलाज कराना भी जरूरी है।



## ठंड के साथ यह लक्षण दिखे तो डॉक्टर से मिले










## प्रेग्नेंसी में इन कारणों से ठंड महसूस हो सकती है

- मॉर्निंग सिकनेस
- एनीमिया
- हाइपोथायरॉयडिज्म
- ब्लड वेसल्स प्रॉब्लम
- विटामिन बी–12 की कमी
- डायबिटीज

**सवाल:** अगर हर समय ठंड महसूस हो तो क्या करना चाहिए?
**जवाब:** अगर हर समय ठंड महसूस होती रहती है तो यह किसी गंभीर मेडिकल कंडीशन का संकेत हो सकता है। इसलिए अपने लक्षणों के बारे में अवेयर होना जरूरी है। यदि आपको किसी गर्म स्थान पर ठंड महसूस होती है तो इसके पीछे की वजह जानने के लिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट करें और अपना फुल बॉडी चेकअप कराएं।

**सवाल:** अगर प्रेग्नेंसी में ठंड लग रही है तो इसका क्या मतलब है?
**जवाब:** प्रेग्नेंसी के दौरान ज्यादातर महिलाओं को गर्मी महसूस होती है। खासतौर पर शुरुआती स्टेज में बहुत गर्मी लगती है और पसीना आता है। अगर किसी को ठंड लग रही है तो हो सकता है कि उसे भोजन से पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल रही है। जब कोई महिला गर्भवती होती है तो उसके शरीर को दूसरी तिमाही में रोज अतिरिक्त 340 कैलोरी और तीसरी तिमाही में रोज 450 कैलोरी की अतिरिक्त जरूरत होती है।

## बहुत ठंड लगने से जुड़े कॉमन सवाल और उनके जवाब

### सवाल : ठंड लगने के साथ पसीना आने का क्या मतलब है?

**जवाब:** आमतौर पर हमें गर्मी लगने पर पसीना आता है। पसीने से शरीर को अपना टेम्प्रेचर ठंडा करने या सामान्य करने में मदद मिलती है। ठंड लगना और पसीना एक साथ हो रहा है तो यह किसी हेल्थ प्रॉब्लम या मेंटल प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है। ऐसा ज्यादातर तब होता है, जब हमारा दिमाग फ्लाइट या फाइट मोड ऑन करता है। इसकी वजह ये कंडीशंस हो सकती हैं।

- **शरीर बहुत अधिक तनाव में है।**
- **एंग्जाइटी बहुत बढ़ गई है।**
- **पैनिक अटैक हो रहे हैं।**

**सवाल:** ठंड के साथ बहुत थकान महसूस होने की वजह क्या है?
**जवाब:** अगर ठंड के साथ बहुत अधिक थकान महसूस होती है तो यह एनीमिया, एनोरेक्सिया (ऐसा डियसऑर्डर, जिसमें वजन कम करने का जुनून चढ़ जाता है।) और न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी हेल्थ कंडीशन का संकेत हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर से कंसल्ट करके जरूरी दवाएं लें और लाइफस्टाइल में सुधार करें।



**सवाल:** अगर ठंड ज्यादा सताती है, पर जांच में किसी बीमारी का पता नहीं चला है तो क्या करें?
**जवाब:** अगर किसी को दूसरों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है और डॉक्टर ने जांच के बाद बताया है कि इसके लिए कोई मेडिकल कंडीशन जिम्मेदार नहीं है तो उन्हें खुद को गर्म रखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर बहुत सर्दी लग रही है तो ज्यादा-से-ज्यादा लेयर वाले कपड़े पहनने चाहिए। इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि उतने ही कपड़े पहनें, जितने में सांस लेने और चलने में सहजता महसूस होती रहे। ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े, स्वेटर, एयर–प्रूफ जैकेट और टोपी या स्कार्फ पहन सकते हैं। ज्यादा ठंड लगने की एक वजह ये भी हो सकती है कि किसी को अंडरलाइंग डायबिटीज या हाइपोथायरॉइडिज्म जैसी हेल्थ कंडीशन है। इसका मतलब है कि आप बीमार नहीं है, पर बीमारी की कगार पर खड़े हैं। इसलिए बिना किसी कारण के ठंड महसूस हो रही है। ऐसे में डॉक्टर से अन्य लक्षणों के बारे में बात करके ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

## इन मेडिकल कंडीशंस में लगती ज्यादा ठंड

**अगर किसी को बहुत ठंड लगती है तो उसका इलाज काफी हद तक इसके कारण पर निर्भर करेगा।**

**ब्लड वेसल प्रॉब्लम:** अगर किसी को ब्लड वेसल डिसऑर्डर के कारण ज्यादा ठंड सताती है और वह स्मोक करता है तो स्मोकिंग छोड़ने पर इस समस्या से निपटने में काफी हद तक मदद मिलेगी।

**थायरॉइड डिसऑर्डर:** यदि किसी को लगातार ठंड महसूस होती रहती है तो यह थायरॉइड डिसऑर्डर के कारण भी हो सकता है। ज्यादातर यह कंडीशन हाइपोथायरॉइडिज्म के कारण बनती है। इसका मतलब है कि थायरॉइड ग्रंथि से पर्याप्त हॉर्मोन्स नहीं रिलीज हो रहे हैं। ऐसे मामले में डॉक्टर से कंसल्ट करके इसका इलाज करवाना चाहिए।

**न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी:** कुछ लोगों को न्यूट्रिशन डेफिशिएंसी के कारण भी ज्यादा ठंड लगती है। इसका पता लगाने के लिए डॉक्टर की मदद से ब्लड टेस्ट करवा सकते हैं। अगर डॉक्टर को किसी न्यूट्रिएंट की कमी लग रही है तो उसके सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दे सकते हैं या फिर खाने में उन न्यूट्रिएंट्स से भरपूर फल-सब्जियां शामिल करने की सलाह दे सकते हैं।

**आयरन और विटामिन बी–12 की कमी:** अगर किसी न्यूट्रिएंट की कमी से ज्यादा ठंड सता रही है तो ज्यादातर मामलों में इसकी वजह विटामिन बी–12 की कमी या आयरन की कमी होती है। ऐसे में डॉक्टर विटीमिन बी–12 और आयरन के सप्लीमेंट्स लेने की सलाह दे सकते हैं। इनकी पूर्ति करने वाले फूड्स भोजन में शामिल करने को कह सकते हैं।

**डायबिटीज:** अगर किसी को डायबिटीज है तो उन्हें भी दूसरों की अपेक्षा ज्यादा ठंड सताती है। ऐसे में डॉक्टर ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने और किडनी डैमेज जैसे कॉम्प्लिकेशन को मैनेज करने के लिए दवाएं दे सकते हैं।

# खाना खाने के बाद टहलने के फायदे...

खाना खाने के बाद अक्सर लोगों को टहलते हुए देखा होगा। वजन को नियंत्रित रखने के लिए यह एक अच्छी आदत मानी जाती है। आयुर्वेद में भी इसका जिक्र मिलता है। वहीं, डॉक्टर भी खाना खाने के बाद टहलने की सलाह देते हैं। बहुत सारे लोग खाने के बाद पैदल चलने के फायदे से अंजान हैं। यही वजह है स्टाइलक्रेज के इस लेख में हम आपको विस्तार से रात में खाने के बाद टहलने के फायदे के बारे में जानकारी दे रहे हैं। खाना खाने के बाद चलना सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद हो सकता है। इस विषय पर हुई रिसर्च के मुताबिक खाना खाने के बाद वॉकिंग करने से रक्त में ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित रखा जा सकता है। इसके अलावा, शरीर की अतिरिक्त चर्बी और मोटापे की समस्या में भी खाने के बाद चलने के फायदे देखे गए हैं। खाना खाने के बाद टहलने से मोटापे को बिगड़ने से रोका जा सकता है। इसके अलावा खाने के बाद पैदल चलने के फायदे और भी कई हैं, जिनके बारे में हम बता रहे हैं।



### खाने के बाद पैदल चलने के फायदे

अच्छी सेहत के लिए खाना खाने के बाद टहलने के फायदे ढेरों हैं। यहां हम उन्हीं फायदों में से कुछ के बारे में चर्चा कर रहे हैं।

### गैस और ब्लोटिंग को कम करता है

गैस और ब्लोटिंग की समस्या में खाने के बाद पैदल चलने के फायदे देखे जा सकते हैं। इस विषय पर हुई एक रिसर्च से इस बात की पुष्टि होती है। रिसर्च के अनुसार भोजन के बाद शारीरिक गतिविधि, जिसमें पैदल चलना भी शामिल है, से पेट की सूजन और गैस की समस्या में सकारात्मक प्रभाव पाए गए। दरअसल, खाने के बाद पैदल चलने जैसी शारीरिक गतिविधि से एंटी–ब्लोटिंग प्रभाव होता है, जो ब्लोटिंग के साथ ही गैस की समस्या से कुछ हद तक राहत दिला सकता है।

### ब्लड ग्लूकोज को नियंत्रित करने के लिए

रक्त में मौजूद ग्लूकोज का स्तर बढ़ने से मधुमेह की समस्या हो सकती है। इस समस्या को कम करने के लिए भी खाने के बाद चलने के फायदे देखे गए हैं।

इससे संबंधित एक शोध के अनुसार भोजन के तुरंत बाद रक्त में मौजूद ग्लूकोज का स्तर बढ़ने लगता है, जिसे कम करने के लिए भोजन के तुरंत बाद पैदल चलना सकारात्मक रूप से प्रभावी हो सकता है। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि भोजन के बाद पैदल चलने से रक्त में मौजूद ग्लूकोज के स्तर को कम करने में मदद हो सकती है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए

खाना खाने के बाद टहलने के फायदे मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी हो सकते हैं। रिसर्च के अनुसार पैदल चलना, दौड़ना आदि शारीरिक गतिविधि एरोबिक व्यायाम के अंतरगत आते हैं। वहीं, एरोबिक व्यायाम, जिनमें पैदल चलना भी शामिल है, चयापचय तनाव से मस्तिष्क की सुरक्षा के संबंध में फायदेमंद प्रतीत हो सकता है। इसके अलावा, नियमित एरोबिक व्यायाम को मानसिक बीमारी जैसे अवसाद को रोकने और मनोदशा की समस्याओं को कम करने के साथ ही संज्ञानात्मक और मस्तिष्क की कार्य प्रणाली में सुधार करने में भी मददगार हो सकता है।

### अच्छी नींद के लिए

नींद की समस्या को कम करने और अच्छी नींद पाने के लिए भी भोजन के बाद पैदल चलना फायदेमंद हो सकता है। रिसर्च के अनुसार रोजाना 10,000 कदम चलने से नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। इसके साथ ही रिसर्च में इस बात का भी जिक्र किया गया कि पैदल चलने की आदत नींद की अवधि को भी बढ़ा सकती है। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि रोजाना खाना खाने के बाद पैदल चलना नींद की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

# प्रकृति की पूजा हमारा धर्म: विश्नोई

## स्वामित्व योजनान्तर्गत जिलास्तरीय कार्यक्रम



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष जसवंत विश्नोई ने कहा कि प्रकृति की पूजा करना हमारा धर्म है अतः देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि हम वृक्षारोपण, नशामुक्त भारत के अभियान से जुड़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वे शनिवार को स्वामित्व योजनान्तर्गत जिला संदर्भ केन्द्र में आयोजित जिला स्तरिय कार्यक्रम में बोल रहे थे। अतिथि के रूप में जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित एवं जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में पशुधन एवं वृक्षारोपण की कीमत अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में केन्द्र व राज्य सरकार के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के यज्ञ में अपनी आहूति देकर राष्ट्र व समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

उन्होंने गाय की पूजा करने व प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के साथ ही कृषि में पेस्टीसाइड का उपयोग नहीं करने की बात कहते हुए लाभार्थियों से कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए वर्तमान में नशे की प्रवृति को त्यागना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जिले में चलाए गए वृक्षारोपण अभियान एवं स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टा वितरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले में स्वामित्व योजना के तहत 722 लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया जाएगा। उन्हों स्वच्छता की शपथ तथा जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने नशामुक्ति की शपथ दिलवाई। कार्यं म का संचालन अम्बिकाप्रसाद तिवारी व ललित ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से स्वामित्व योजनान्तर्गत वर्चुअल माध्यम से पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण करने के साथ ही लाभार्थियों को संबोधित किया गया।

### लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण

अतिथियों की ओर से तीखी निवासी शंकरलाल, मनोहरलाल व जीवाराम, पहाड़पुरा निवासी भीमाराम व मोरकी देवी, चरली निवासी मोहनलाल, जमूदेवी, नेनूदेवी व छोलाराम, उम्मेदपुर निवासी नरसाराम, शंकरलाल, हिमताराम, शारदा व भूराराम एवं बादनवाड़ी निवासी प्रकाश, लासी, रती, बाबूलाल व मोडाराम को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया तथा शेष लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, जालोर विकास अधिकारी प्रदीप मायला, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा सहित पंचायतीराज विभाग के अधिकारी-कार्मिक सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

**जसवंतपुरा।** पंचायत समिति सभा भवन में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय स्वामित्व योजना के तहत पट्टे/ प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के वर्चुअल प्रसारण को लाइन देखा गया। पावली ग्राम पंचायत के प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए। कार्यवाहक विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह चारण, समाजसेवी परखाराम चौहान, सरपंच करताराम चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मुकाराम पुरोहित, ग्राम विकास अधिकारी ओमप्रकाश विश्नोई, सहायक विकास अधिकारी रामलाल, स्वामित्व प्रभारी गीगाराम चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी नारायणसिंह, कानाराम, हिम्मताराम, रमेशकुमार, कनिष्ठ सहायक गोपालसिंह, नारायणलाल प्रजापत सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।



# जिला एवं सैशन जज हारून ने किया क्लॉक टॉवर का लोकार्पण

## रोटरी क्लब के सहयोग से लगाई गई है क्लॉक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर में शनिवार को क्लॉक टॉवर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला एवं सैशन न्यायाधीश हारून थे जबकि अध्यक्षता अभिभाषक संघ के अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मोहन पाराशर एवं सहायक प्रांतपाल रोटरी इंटरनेशनल डॉ.पवन ओझा उपस्थित रहे। संघ के उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित ने बताया कि रोटरी क्लब की प्रेरणा से मेहता परिवार की ओर से दिवंगत मोतीलाल मेहता की स्मृति में न्यायालय परिसर में सर्किल के पास क्लॉक टॉवर लगवाई गई है। एडीजे महेश कुमार, एससीएसटी कोर्ट के न्यायाधीश परवेज अहमद, विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, सीजेएम प्रिया टावरी, एसीजेएम द्वितीय अंकित दवे, एसीजेएम प्रथम आशा चारण, जेएम दिव्या गोदारा, उपाध्यक्ष अश्विन राजपुरोहित, सचिव प्रवीणकुमार भादरू, कोषाध्यक्ष पुखराज माली, सह कोषाध्यक्ष तारीफ अली, सह सचिव तुलसीराम पुरोहित, पुस्तकालय अध्यक्ष गोपेश राठौड़, रोटरी के डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी कानाराम परमार, अध्यक्ष संजय सुंदेशा, सचिव सीए जीशान अली, सपना बजाज, तरुण सिद्धावत, परमानंद भट्ट, कोषाध्यक्ष दिनेश सुंदेशा, रमेशकुमार जैन, नरेश देवड़ा, रंजीतसिंह राजपुरोहित, गोकुल परिहार, संतोष भारती, चेनाराम चौधरी, ओमप्रकाश व्यास, सतपाल पुरोहित, महिपालसिंह जेतावत, शकील मेहर समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

# थानाधिकारी ढाका ने किया पदभार ग्रहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**गुड़ामालानी।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग ने महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए देवीचंद ढाका को गुड़ामालानी थाने का नया थानाधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने शनिवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। ढाका ने कार्यभार ग्रहण करते ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता के साथ बेहतर संवाद और समन्वय स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाने के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की और सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# नेशनल मिन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा आज

▶ जिले में सर्वाधिक परीक्षार्थी रानीवाड़ा में

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाडा।** नेशनल मीन्स कम मेरिट (एनएमएमएस) स्कॉलरशिप परीक्षा रविवार को सवेरे 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र रानीवाड़ा के ऑब्जर्वर एवं समग्र शिक्षा के आरपी कृष्ण वाघेला ने बताया कि जिले के सबसे बड़े परीक्षा केंद्र राउमावि रानीवाड़ा में सर्वाधिक 489 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा से संबंधित तमाम व्यवस्थाएं नियमानुसार पूर्ण कर दी गई है। विद्यार्थी निर्धारित समय में परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ उपस्थिति देकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। केंद्राधीक्षक किशनाराम विश्नोई ने बताया कि परीक्षा में रानीवाड़ा एवं निकटवर्ती क्षेत्र के 489 विद्यार्थी राउमावि में अपनी परीक्षा देंगे। मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप एक केंद्र प्रायोजित स्कॉलरशिप योजना है। एनएमएमएस हर वर्ष 12 हजार रुपए की स्कॉलरशिप राशि दे करके वंचित छात्रों को माध्यमिक स्तर पर अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

# कई मुद्दों पर मंथन के साथ हुआ शैक्षिक सम्मेलन का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का 62वां प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन नोडल अधिकारी निंबाराम चौधरी, समाजसेवी एवं भामाशाह देवाराम चौधरी, उप प्रधान महादेवाराम देवासी, संगठन के मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई की मौजूदगी में हुआ। भोजन के भामाशाह रामकिशन खिलेरी पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष बाड़ा भाडवी, डॉ भूपेंद्र चौधरी व विक्रमसिंह राठौड़ रहे। सम्मेलन के संयोजक जय करण खिलेरी के अनुसार सम्मेलन के प्रथम चरण में प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्ष, जिला मंत्रियों की संयुक्त बैठक रोशन दीप श्रीमाली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग को भेजे जाने वाले विभिन्न शैक्षिक शह शैक्षिक प्रस्ताव पर विस्तार से मंथन हुआ एवं विभिन्न प्रस्तावों को संकलित कर राज्य सरकार को भेजने के लिए अंतिम रूप दिया गया। सम्मेलन के द्वितीय चरण में खुला अधिवेशन संगठन के सभाध्यक्ष कालाराम पहाड़िया की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें विभिन्न जिलों द्वारा शिक्षा से संबंधित प्रस्ताव दिए गए। कई जिलों के जिलाध्यक्षों द्वारा अपने विचार प्रकट किए गए। खुले अधिवेशन में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशनलाल सारण ने सरकार से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण अति शीघ्र करने की मांग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री खियाराम पूनिया, प्रदेश प्रवक्ता छोगाराम सारण, प्रदेश महामंत्री यतीश वर्मा, महिला मंत्री इंदिरा विश्नोई, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णुकुमार तेली, प्रदेश मंत्री भेराराम भाखर, जालोर जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी, सांचौर के जिलाध्यक्ष रामनिवास साहू, प्रदेश कार्यकारिणी के जवाराराम मेघवाल, प्रदेश महामंत्री राजूराम सारण सहित कई पदाधिकारियों ने खुले अधिवेशन में अपने विचार रखकर विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए। सम्मेलन के तृतीय चरण में समापन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें भामाशाहों, शिक्षाविदों, संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। संगठन के मुख्य महामंत्री विश्नोई ने राज्य सरकार से शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर सम्बोधित किया। आगामी दिनों में अखिल राजस्थान राज्य सयुंक्त कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सात एवं आठ फरवरी को सामूहिक धरने में प्रदर्शन में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

### यह भी रहे मौजूद

ब्लॉक के अध्यक्ष लाडूराम माजू, सांचौर ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कड़वासरा, आहोर ब्लॉक अध्यक्ष सूजाराम चौधरी, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पूनिया, भजनलाल, नारायणलाल जीनगर, बाबूलाल माजू, मोहनलाल गोदारा, जगदीश खिलेरी, किसनाराम ढाका, सम्मेलन सहसंयोजक रामचंद्र जीनगर, श्रवणकुमार ढाका, व्याख्याता बीरबल खिलेरी, प्रभुराम खिलेरी, जगदीश डारा, किसनाराम जांगू, तेजाराम जाखड़, खीमाराम सोलंकी, सुनीता गोदारा, लीला सुखाड़िया, सुंदर विश्नोई, सोहानी विश्नोई, दमला विश्नोई सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

# थोबाऊ से निंबाऊ सड़क बदहाल, ग्रामीण परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भीनमाल के थोबाऊ से निंबाऊ तक का चार किलोमीटर रास्ता वर्षों से बदहाल है। जिसके कारण ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेश्शानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी केवाराम सुथार ने बताया कि इस मार्ग की दयनीय स्थिति से थोबाऊ, निंबाऊ, जोधावास, जूनी वाली सहित कई ढाणियों के निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से बारिश के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेती है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढ़ों के कारण स्कूली बच्चों को पैदल चलने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत ने




इस मार्ग के डामरीकरण के लिए कई बार प्रस्ताव भेजे हैं। लेकिन, अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सरपंच खेमाराम मेघवाल ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और सार्वजनिक निर्माण विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया गया है।

# चारभुजा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव आज, होंगे विभिन्न आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** रेवतड़ा स्थित वैष्णव वैरागी समाज के चारभुजा मंदिर की प्रथम वर्षगांठ एवं रामानन्दाचार्य महाराज के 725वें महाजयंती महोत्सव को लेकर 19 से 21 जनवरी तक संतों के सान्निध्य में कई कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव को लेकर रविवार को प्रातः 9 बजे भजन कीर्तन के बाद लाभार्थी परिवार की ओर से मंदिर शिखर वार्षिक ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद धर्मसभा एवं प्रसादी का आयोजन होगा। वही जगदगुरू स्वामी रामानंदाचार्य महाराज की 725वीं महाजयंती का दो दिवसीय कार्यक्रम सोमवार से शुरु होगा। पहले दिन महोत्सव के तहत शाम को संध्या आरती प्रसादी एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में वार्षिक चढावे भी बोले जाएंगे। दूसरे दिन मंगलवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर को अतिथियों का सम्मान होगा। इधर महोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर भव्य पांडाल का निर्माण किया गया है।



# रात्रि चौपाल: ग्रामीणों की समस्याओं का किया निराकरण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** निकटवर्ती आजोदर ग्राम पंचायत सभागार में शक्रवार शाम को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

उपखंड अधिकारी सुनिलकुमार, तहसीलदार हनवंतसिंह एवं सरपंच विकासकुमार सोलंकी सहित अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को सुना व उनका हाथोंहाथ समाधान करवाया। उपखंड अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक पात्र लोगों को लाभ पहुंचाएं। सरपंच सोलंकी ने कहा कि सरकार की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने को लेकर पंचायत की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विकास अधिकारी भैरूसिंह, ग्राविअ पारसमल प्रजापत, पटवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# नुक्कड़ नाटक से किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** करियर एकेडमी स्कूल की ओर से माघ चौक पर सड़क सुरक्षा जागरूकता पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनता को सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रेरणा देना था। निदेशक बलवंत सारण ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि समाज में सड़क सुरक्षा को लेकर एक नई सोच विकसित हो। सड़क पर सुरक्षित रहना सभी की जिम्मेदारी है और इसके लिए जागरूकता जरूरी है। नाटक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे हेलमेट न पहनना, तेज गति से वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना आदि की हास्य और व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुति देकर लोगों को इनके नहीं अपनाने से होने वाले नुकसान से आगाह किया गया। थानाधिकारी रामेश्वर भाटी ने नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है, बल्कि समाज में सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण प्रयास भी है। कार्यक्रम का संचालन मीठालाल जांगिड़ ने किया।

# जाणी ने ग्रहण किया सीएमएचओ का पदभार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जालोर।** जालोर के नए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ भैराराम जाणी ने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया।

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। डॉ. जाणी ने कार्यग्रहण के बाद कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सभी तक सुलभ बनाना है। सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य रहेगा। जिले के चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सा सुविधाओं को उन्नत किया जाएगा। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ भजनाराम विश्नोई, आरसीएचओ डॉ राजकुमार बाजिया, डीटीओ डॉ असीम परिहार, बीसीएमओ सायला डॉ रघुनंदन विश्नोई, बीसीएमओ सांचौर डॉ ओमप्रकाश सुथार समेत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने माला पहना पुष्पगुच्छ देकर सीएमएचओ का स्वागत किया।

# 'बच्चे निराकारी, निरंकारी और निर्विकारी बनें'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राज्योग केंद्र में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्यतिथि को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। संस्था के संस्थापक ब्रह्मा बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। राजयोग केंद्र जालोर प्रभारी बीके रंजू ने कहा कि ब्रह्मा बाबा 18 जनवरी 1969 को भौतिक रूप से शरीर त्याग कर अव्यक्त हुए थे। उनके अव्यक्त होने से पूर्व उन्होंने तीन शब्दों का वरदान देकर विदाई लेते हुए कहा कि बच्चे निराकारी, निरंकारी एवं निर्विकारी बने। बीके रंजू ने कहा कि उन्होंने अपनी निजी संपत्ति को ट्रस्ट बनाकर संचालन मातृशक्ति के हाथ में सौंप दिया। बीके शिल्पा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बीके शिवानी ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बीके लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, इंजी बीके बीएल सुथार, डॉ डीसी पुंसल, बीके ललित, बीके कांतिलाल, बीके विकास, बीके उगमभाई, श्यामसिंह, एक्जीक्यूटिव इंजी गोपालभाई, बीके मोहन बिशनगढ़, बीके गौतम, नरसाना के पुखराज राजपुरोहित, बीके आशा, मेथीबेन, बीके उर्मिला, विजय, लता, मिश्रीदेवी, सारिकादेवी, गोमतीबेन, लक्ष्मीबेन, उषाबेन, मंजूबेन, लीलाबेन, भागूदेवी, कृष्णबेन, भावनादेवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।



**भीनमाल।** ब्रह्मकुमारी राज योग केन्द्र की ओर से संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि को विश्व शांति दिवस के रुप में मनाया गया। केन्द्र प्रभारी बीके गीता ने ब्रह्मा बाबा का संदेश को सुनाते हुए उनके जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। सीआई ध्रूव प्रसाद, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, प्रधानाचार्य कीर्ति वाजपेयी, मंजुलता गोस्वामी, ओमप्रकाश खेतावत, सांवलाराम माली, नेनाराम, दिनेशपुरी, पुष्पेन्द्र वाजपेयी, लक्ष्मण भजवाड, अशोक खेतावत, ईश्वरलाल शर्मा, अर्जुनराम, गणेशराम, कालुराम, रमेशकुमार, दलाराम, जोधाराम, मुकेशकुमार, नारायणलाल, पारसकुमार, अशोक दीवाकर, कृष्णकुमार, अर्जुनपुरी, बीके अंजलि, कीर्ति, रिन्कु, जोशना, उर्मिला, दिया, नैना, हेमलता शर्मा, शंकु, कुमुद, पोसु, भंवरी, देवु, शारदा, उगम, लीला देवी, हिना देवी, राधा देवी मौजूद थे।

शोक संदेश



श्रीमान ठा. सा. अमरसिंह

पुत्र स्व. ठा.सा. दुर्जनसिंहजी ठि. मालवाड़ा का स्वर्गवास दिनांक 12 जनवरी 2025, रविवार को हुआ है, सो बडी नजोरी बात है उणोरे लारे एकादशा ता. 22 जनवरी 2025 बुधवार को तथा द्वादशा मिति संवत 2081 रा माघ वदी 09 ने गुरूवार ता. 23 जनवरी 2025 को रखा गया है। सो आप सब पधारसी।

शोकाकुल: कु. सा. गजेन्द्रसिंह, हरिशचन्द्रसिंह (पुत्र) एवं समस्त देवल परिवार, ठि. मालवाड़ा मो. 9828269699, 9828181972, 8239985255

कृपया इसे चिट्ठी तुल्य समझे

# उदयपुर में स्कॉर्पियो पलटी, दो की मौत

▸▸ वाहन में सवार थे पांच लोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**उदयपुर।** तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में पांच लोग सवार थे। सभी शादी समारोह से लौट रहे थे। स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। घायल भीड़ से मिन्नतें करता रहा कि अस्पताल पहुंचा दो। फिर भी किसी का दिल नहीं पसीजा। घायलों को कोई अस्पताल लेकर नहीं गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसा उदयपुर के बड़गांव इलाके में बड़गांव रोड पर शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे हुआ।

### परिचित के यहां शादी में गए थे

■ थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित ने बताया- हादसे में जगदीश डांगी (23) निवासी सेलू गांव बड़गांव और पीयूष डांगी (17) निवासी पुला की मौत हो गई। बबलू डांगी और किशन गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि पवन को हल्की चोट आई है। घायलों को एमबी अस्पताल में भर्ती करवाया है। जगदीश और पीयूष के शवों को मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया गया है। बड़गांव थाना के एएसआई रोशन सिंह ने बताया- शुक्रवार को थूर गांव निवासी कन्हैया लाल डांगी की बेटी की शादी से पवन, जगदीश, बबलू किशन और पीयूष वापस उदयपुर लौट रहे थे। लोयरा गांव के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बेकाबू होकर पलट गई। पीयूष के चचेरे भाई ने इसकी रिपोर्ट दी है। बबलू और पवन आपस में साढ़ू हैं। जगदीश, बबलू का पड़ोसी है। पीयूष और पवन सगे भाई थे।

### गुहार लगाता रहा युवक

■ घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। पहले वीडियो में एक युवक घायलों के पास बैठा मौजूद भीड़ से उन्हें अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी मंगवाने की गुहार लगाता नजर आ रहा है। वीडियो में बार-बार कोई घायल मेरे सांवरा सेठ-मेरे सांवरा सेठ कह रहा है। वीडियो में सभी घायल नजर आ रहे हैं। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के पुर्जे-पुर्जे बिखर गए हैं। पीछे का हिस्सा पूरा एसयूवी से ही अलग हो गया।

### धमाके की आवाज से पहुंचे ग्रामीण

■ थानाधिकारी पूरण सिंह राजपुरोहित ने बताया एसयूवी की स्पीड बहुत तेज थी। जगदीश गाड़ी चला रहा था। उसके साथ आगे पीयूष बैठा था। बबलू, किशन और पवन पीछे बैठे थे। गाड़ी सड़क पर तीन से चार बार पलटी और सड़क से 50 फीट दूर जाकर एक गड्ढे में गिर गई। गाड़ी पलटने की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टर ने पीयूष और जगदीश को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि पीयूष कार में ही सवार घायल पवन का छोटा भाई था।

### 11वीं में पढ़ता था पीयूष

■ परिचितों ने बताया जगदीश की गांव में मोबाइल शॉप है। बबलू डांगी की मुंबई में डेयरी है। वह छह दिन पहले ही गांव आया था। बबलू के साथ ही किशन भी मुंबई में डेयरी का काम करता है। पवन का कार डेकोर का काम है। पीयूष 11वीं

## टैंकर-ट्रक की भिड़ंत

▸▸ ड्राइवरों को आई मामूली चोटें

**बालोतरा।** बालोतरा में हाईवे पर एक टैंकर और ट्रक की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोटें आईं। घटना कल्याणपुर में रात 11 बजे की है। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। क्रेन की अनुपलब्धता के कारण क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने में देरी हो रही है, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू किया। वहीं दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोटें आईं, जिनका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। चिकित्सकों ने दोनों ड्राइवरों की स्थिति को स्थिर बताया है।



# पाक विस्थापित परिवार के बच्चे सीख रहे संस्कृत

- जोधपुर के गंगाना में चल रही स्कूल
- भामाशाहों ने किया सहयोग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर में पाक विस्थापित परिवार के बच्चे इन दिनों संस्कृत में श्लोक बोलते नजर आ रहे हैं। यह बच्चे न सिर्फ संस्कृत में प्रार्थना श्लोक बोलते हैं बल्कि एक-दूसरे से बातचीत भी आसानी से संस्कृत में कर लेते हैं। टीचर भुवनेश व्यास ने बताया- पाकिस्तान से विस्थापित हुए हिंदू लोगों के लिए कच्ची बस्ती में यह प्राथमिक स्कूल 20 अप्रैल 2022 को शुरू हुआ था। उस समय यहां पर विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की आर्थिक अथवा भौतिक सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई थी। टीचर ने बताया- शुरुआती दिनों में छह महीने तक यह स्कूल खुले में पेड़ के नीचे सड़क के किनारे चली। इसके बाद टीचर भबूता राम की ओर से कॉलोनी में एक जगह पर छात्रों और कॉलोनी वासियों की सहायता से खुला मैदान जैसा बनाया गया। इस पर धीमे-धीमे कच्ची बाड़ बनाई गई। कॉलोनीवासियों के सहयोग से यहां पर ईंटों की एक छोटी दीवार भी खींची गई। यहां पर स्थानीय लोगों ने मंदिर का निर्माण भी किया है। करीब एक साल तक गर्मी में भी खुले आसमान के नीचे तिरपाल लगाकर यह स्कूल चलाई गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से बाद में यहां पर 10 गुना 30 साइज का स्ट्रक्चर बनाकर टीन शेड लगवाया गया।

### स्कूल में अतिरिक्त टीचर लगाया

यहां पर स्थानीय लोगों और टीचरों के प्रयासों से जोधपुर विकास प्राधिकरण की ओर से स्कूल के लिए निःशुल्क 2000 स्क्वायर मीटर भूमि का आवंटन किया गया। हालांकि यहां पर बजट के अभाव में अभी तक भवन का निर्माण नहीं हो सका है। स्कूल की शुरुआत के समय 35 से 40 बच्चों की संख्या थी, जो अब बढ़ चुकी है। इसके चलते यहां पर एक अतिरिक्त शिक्षक को लगाया गया है।

### भामाशाहों ने किया सहयोग

भभूताराम की ओर से अब तक करीब एक लाख का निजी सहयोग किया गया है, जिसकी वजह से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आवश्यक संसाधन सुलभ हो सकें। भामाशाहों की ओर से भी स्कूल में वाटर कूलर, एयर कूलर साउंड सिस्टम, खेल सामग्री आदि दी गई है। अब तक स्कूल में करीब पांच लाख से अधिक की राशि का सहयोग संस्था को भामाशाह के माध्यम से मिल चुका है।

---

जोधपुर में बढ़ी बाइक चोरी की घटनाएं

## एक दिन में चार दोपहिया वाहन चोरी

▸▸ सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर शहर में दोपहिया वाहन चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कई मामलों में फुटेज होने के बावजूद चोर पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस कमिश्नरेट में शनिवार को चार अलग-अलग जगहों से बाइक और मोपेड चोरी के मामले सामने आए। पहला मामला खांडा फलसा थाने में बैजनाथ कला ने दर्ज करवाया। बताया कि 15 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे के करीब उम्मेद अस्पताल से उनकी होंडा एक्टिवा अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। दूसरा मामला चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में बंशीराम जाट ने दर्ज करवाया। बताया कि 15 जनवरी को बालाजी नगर पाल रोड से रात के समय अज्ञात चोर उसकी बाइक चुरा कर ले गया। तीसरा मामला राजीव गांधी नगर थाने में धर्माराम प्रजापत ने दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया कि रामराज नगर नयापुरा चौखा से 14 जनवरी की रात को अज्ञात चोर उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक को चुरा कर ले गया। वहीं सूरसागर थाने में मनोहर सिंह सांखला ने मामला दर्ज करवाया। बताया कि आर्यन वाटिका सूरसागर से 12 जनवरी को शाम करीब 4:30 बजे उनकी बाइक चोरी हो गई। वह आर्यन वाटिका में होने वाले समारोह में हिस्सा लेने के लिए गए थे। वापस लौटे तो बाइक गायब मिली।



## पैसेंजर्स के फोन से चलाता था नशे का कारोबार

- ट्रेन से गुर्गों को देता था डायरेक्शन
- पुलिस कारपेंटर बन जॉब मांगने पहुंची तो पकड़ा गया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम ने राजस्थान में नशे का कारोबार चलाने वाले भगोड़े को गिरफ्तार किया है। यह वांटेड ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का फोन इस्तेमाल कर गुर्गों को डायरेक्शन देता और नेटवर्क चलाता था। इसी के चलते यह पुलिस के सर्विलांस से बच रहा था। इस शातिर प्रकाश चाहर (35) को गुजरात के नवसारी से पकड़ शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में रेंज आईजी विकास कुमार ने शनिवार को खुलासा किया। बताया- बाड़मेर के सदर थाना इलाके के बलाऊ गांव का रहने वाला प्रकाश चाहर मारवाड़ (जोधपुर, पाली, जालोर) में अफीम-डोडा की तस्करी और सप्लाई का किंगपिन है। वह राजस्थान के टॉप-25 बदमाशों में शामिल तस्कर है। इस पर 40 हजार का इनाम था।

### पुलिस ने ऑपरेशन तमस चलाया

■ जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने कहा- साइक्लोनर टीम ने अब तक 40 किंगपिन को पकड़ा है लेकिन प्रकाश चाहर चुनौती बना हुआ था। वह 12 साल से नशे का कारोबार चला रहा था। उसके खिलाफ जालोर, सिरोही, जोधपुर कमिश्नरेट और बाड़मेर में कुल सात मुकदमे दर्ज हैं। रेंज आईजी विकास कुमार ने कहा- प्रकाश ने 12 साल पहले उदयपुर में एक रिश्तेदार के साथ मिलकर लकड़ी के कारोबार से करियर शुरू किया था। इसके एक साल बाद उसने मार्बल का काम किया। इस दौरान उसे अफीम और डोडा-चूरा की लत लग गई। उसने नशे की तस्करी के जरिए अमीर बनने के सपने देखना शुरू कर दिया। नशे के काम में पैर जमाने के लिए वह 11 साल पहले उदयपुर से निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में शिफ्ट हो गया। वहां वह डोडा-पोस्त और अफीम इकट्ठा करने लगा। इसे वह अपने गुर्गों के जरिए मारवाड़ में सप्लाई करने लगा।



### छह साल से फरार था

रेंज आईजी ने कहा- प्रकाश छह साल से फरार था। पुलिस ने ऑपरेशन तमस चलाकर तीन महीने में 1000 किलोमीटर तक उसका पीछा किया। गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान में अलग-अलग लोकेशन पर रहकर वह मारवाड़ इलाके में नशे का कारोबार चला रहा था। दो महीने पहले इसे निंबाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में साइक्लोनर टीम ने घेर लिया था। लेकिन वह छत से कूद बाइक से फरार हो गया। हाल ही में प्रकाश के साले को पकड़कर पूछताछ की तो मुंबई में होने का इनपुट मिला। वह मोबाइल नहीं रखता था। मुंबई में रहने के दौरान जब भी उसे बात करनी होती तो वह लोकल ट्रेन में चढ़ता। इसके बाद सवारियों से रिक्वेस्ट कर उनका मोबाइल लेता और अपने लोगों से संपर्क कर उन्हें निर्देश देता। इस तरह वह नशे के कारोबार को संभाल रहा था। काम होने के बाद वह ठिकाना बदल देता था। हम पीछा करते हुए मुंबई में भायंदर स्थित इसके ठिकाने तक भी पहुंचे लेकिन वहां से भी यह चकमा देकर फरार हो गया। मुंबई में वह घरों में इंटीरियर करने की आड़ में नशे के कारोबार को चला रहा था।

## जैसलमेर में विंड मिल से ऑयल चोर गिरफ्तार

**जैसलमेर।** जैसलमेर में लगी विंड मिल में ऑयल चुराने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सदर थाना प्रभारी बगड़ूराम ने बताया कि जुलाई 2023 में विंड मिल में ऑयल चोरी का मामला दर्ज हुआ है। मामले में फरार अनिल विश्नोई को फलोदी से गिरफ्तार किया। अब अनिल विश्नोई से अन्य लोगों के शामिल होने को लेकर पुलिस पूछताछ जारी है। गौरतलब है कि गोल्डन सिक्योरिटी सुजलोन कंपनी के सुपरवाइजर पाबूदानसिंह निवासी सांगाणा ने 25 जुलाई 2023 को थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि अशायच व बडोड़ा गांव के पास विद्युत संयंत्र स्थापित किए हुए हैं। 21 जुलाई 2023 को दोपहर करीब दो बजे गश्त के दौरान विद्युत संयंत्रों के एचटी यार्ड में गिरे ऑयल व पास में गाड़ी के आने व ऑयल चोरी कर ले जाने के टायरों के निशान देख टीम को सूचित किया। इसके बाद गाड़ी का पीछा किया। इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले को लेकर एसपी सुधीर चौधरी ने सदर थानाधिकारी बगड़ूराम व डीएसटी प्रभारी भीमरावसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर टीम द्वारा लंबे समय से फरार इनामी आरोपी अनिल निवासी मांजुओं की ढाणी रणीसर, फलोदी को गिरफ्तार किया गया।



छह माह से था फरार, पूछताछ जारी

## उदयपुर में दो आरोपी गिरफ्तार

▸▸ धोखाधड़ी से जमीन हड़पने का आरोप



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर की बड़गांव थाना पुलिस ने धोखाधड़ी से जमीन अपने नाम करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी दलीचंद पुत्र चुन्नीलाल निवासी देवाली और नंदलाल उर्फ नंदु पुत्र कुका निवासी शोभागपुरा को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी पूरण सिंह ने बताया- प्रार्थी डालु गमेती पिता देवा भील ने नौ जनवरी को थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि आरोपी दलीचंद और नंदलाल को उसने कविता गांव स्थित प्लॉट बेचा था। जिसके 10 लाख रुपए नकद प्राप्त किए। बकाया राशि रजिस्ट्री के बाद देना तय हुआ, जिसका एक इकरार लिखा गया था। उसके बाद 19 दिसंबर 2024 को दोनों आरोपियों ने बेची हुई जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस बुलाया। फिर वह और उसका बेटा व परिजन वहां गए। रजिस्ट्री कागजात तैयार कर उन पर हस्ताक्षर किए। प्रार्थी ने बताया कि दो से तीन दिन बाद जांच के लिए उनके घर रजिस्ट्री कार्यालय से एक अधिकारी आए। उन्होंने बताया कि आपने आपकी हाथीधर्रा स्थित सवा तीन बीघा जमीन को दलीचंद को बेची है? इस पर प्रार्थी ने बताया कि उसने तो कविता गांव स्थित प्लॉट बेचा था। हाथीधर्रा में कोई जमीन नहीं बेची। रजिस्ट्री कार्यालय से आए अधिकारी से पता लगा कि दोनों आरोपियों ने धोखाधड़ी से उसकी हाथीधर्रा स्थित जमीन की रजिस्ट्री करा ली। इसके बाद पुलिस में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

---

# व्यापार जगत

## 300 के पार जाएगा जियो फाइनेंशियल का शेयर



रिलायंस ने जारी किए तिमाही नतीजे

**मुंबई।** मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा 295 करोड़ रुपए पर स्थिर रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 294 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था। तिमाही नतीजों में बड़े बदलाव नहीं होने के बावजूद शेयर को लेकर एक्सपर्ट बुलिश हैं। अनुमान है कि एक बार फिर यह शेयर 300 रुपए के स्तर को पार कर जाएगा।

### कंपनी की कुल आय

दिसंबर तिमाही में कुल आय बढ़कर 449 करोड़ हो गई, एक साल पहले इसी तिमाही में 414 करोड़ थी। सालाना आधार पर वृद्धि देखी गई। यह बढ़कर 131 करोड़ हो गया, एक साल पहले इसी तिमाही में 99 करोड़ था। दिसंबर को समाप्त नौ महीनों के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट मामूली रूप से सुधरकर 1,296 करोड़ हो गया, एक साल पहले इसी अवधि में 1,294 करोड़ रुपये था।

### शेयर का परफॉर्मेंस

शुक्रवार को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर की बात करें तो 0.70 % बढ़कर 278.75 रुपए पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 275.70 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गया। अप्रैल 2024 में शेयर 394.70 रु के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

### शेयर का टारगेट प्राइस

के.आर चोकसी फिनसर्व ने जियो फाइनेंशियल सर्विस के शेयर के लिए 345 रुपए का टारगेट प्राइस तय किया है। इस शेयर को 'होल्ड' रेटिंग दी है। ब्रोकरेज ने कहा कि इसके कवरेज के तहत कंपनी के लिए संपत्ति की गुणवत्ता चिंताजनक रहने की संभावना है।

### कंपनी को मिलने वाली गुड न्यूज

जेएम फाइनेंशियल की रिपोर्ट के मुताबिक जियो फाइनेंशियल सर्विसेज निफ्टी50 इंडेक्स में एंट्री ले सकती है। इस बदलाव की घोषणा फरवरी में होने वाली है, जो 31 मार्च से प्रभावी होगी। अगर जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को निफ्टी 50 में शामिल किया जाता है तो बड़े निवेश की संभावना है। अनुमान है कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को 356 मिलियन डॉलर का निवेश मिल सकता है। बता दें कि निफ्टी 50 में जियो फाइनेंशियल के अलावा जोमैटो के भी शामिल होने की उम्मीद है।

## ट्रंप की मीम कॉइन ने मचाया तहलका

▸▸ लॉन्च होते ही 8000% उछली

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक नया क्रिप्टो टोकन $TRUMP लॉन्च किया। लॉन्च होते ही इसने क्रिप्टो मार्केट में धूम मचा दी। कुछ ही घंटे में इसमें करीब 8000 फीसदी तेजी आई और देखते ही देखते इसका मार्केट कैप 15 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। जब इसका मार्केट कैप 10 अरब डॉलर पहुंचा तो इसने एसएंडपी के पिछले 40 साल के रिटर्न को पीछे छोड़ दिया। इसका मार्केट कैप जिस तेजी से उछल रहा था, उससे लोगों को यह संदेह होने लगा कि कहीं ट्रंप के अकाउंट को किसी ने हैक तो नहीं कर लिया है। लॉन्च पर इसकी कीमत $0.18 थी जो कुछ ही घंटे में 7,790 फीसदी तेजी के साथ 15.13 डॉलर पहुंच गई। लॉन्च के बाद पहले दो घंटे में इसमें 4,200 फीसदी तेजी आई। सोलाना बेस्ड इस मीम कॉइन की शुरुआत ट्रंप के सोशल मीडिया अकाउंट्स ट्रुथ सोशल और एक्स पर पोस्ट के साथ हुई। इसके लॉन्च होते ही तहलका मच गया। कई यूजर्स इस भ्रम में थे कि कहीं ट्रंप का सोशल मीडिया अकाउंट हैक तो नहीं हो गया है। लेकिन मीम कॉइन में तेजी बनी रही। लॉन्च के तीन घंटे में ही $TRUMP का मार्केट कैप $8 अरब तक बढ़ गया। ट्रेडिंग वॉल्यूम $1 अरब के करीब पहुंच गया। एक ट्रेडर ने एक घंटे से भी कम समय में $20 मिलियन का मुनाफा कमा लिया। यह कॉइन ट्रंप की थीम 'फाइट, फाइट, फाइट' से प्रेरित है। इस मीम कॉइन को 200 मिलियन कॉइन के साथ लॉन्च किया गया। अगले तीन साल में कुल एक अरब की सप्लाई होगी। टोकन का 80% हिस्सा की सहयोगी कंपनी सीआईसी डिजिटल एलएलसी और दो दिन पहले रजिस्टर हुई फाइट फाइट फाइट एलएलसी के पास है।



## आपका राशिफल 19 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

## आईटी कंपनियों में 32,000 फ्रेशर्स की भर्तियां

**नई दिल्ली।** रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश को दो दिग्गज आईटी कंपनियों की अगले फाइनेंशियल ईयर में कैंपस से करीब 32,000 भर्तियां करने की योजना है। इन्फोसिस ने फाइनेंशियल ईयर 2026 में 20,000 फ्रेशर्स को हायर करने की बात कही है जबकि विप्रो की योजना 10,000 से 12,000 फ्रेशर्स को हायर करने की है। विप्रो ने शुक्रवार को अपना तीसरी तिमाही का रिजल्ट घोषित करने के मौके पर यह बात कही। यह इस बात का संकेत है कि कई सेक्टर्स में डिमांड लौट रही है। विप्रो के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर सौरभ गोविल ने कहा कि कंपनी हर साल 10,000-12,000 फ्रेशर्स की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा कि इस साल 10,000 फ्रेशर्स की कैंपस से भर्ती की जाएगी। तीसरी तिमाही में कंपनी ने कैंपस से करीब 7,000 भर्तियां की थीं। अगली तिमाही में 2,500-3,000 लोगों की भर्ती करने की योजना है। उन्होंने कहा कि हम केवल उतने ही ऑफर दे रहे हैं जिन्हें हम नौकरी दे सकते हैं।

### ▸▸ रेगुलर हायरिंग

विप्रो अपने लेटरल और कैंपस हायरिंग मॉडल्स की समीक्षा कर रही है ताकि मार्जिन बढ़ाने के लिए कर्मचारियों के यूटिलाइजेशन रेट सुधारने पर फोकस किया जा सके। गोविल ने कहा कि पिछले दो साल के दौरान स्टॉप-स्टर्ट अप्रोच के बाद कंपनी ने सभी पेंडिंग ऑफर्स को पूरा किया है और रेगुलर हायरिंग को फिर से शुरू किया है। कंपनी फ्रेशर लेवल हायरिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का सहारा ले रही है।

## नहीं बढ़ेगा मोबाइल का बिल ! सरकार ने बनाया 'मास्टर प्लान'

**नई दिल्ली।** सरकार टेलिकॉम सेक्टर में एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सरकार एजीआर बकाये पर टेलिकॉम कंपनियों को बड़ी राहत दे सकती है। इसका सबसे ज्यादा फायदा कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया को होगा। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल जैसी दूरसंचार कंपनियों पर सरकार का भारी बकाया है। इसमें ब्याज और जुर्माने का एक बड़ा हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार 50% ब्याज और 100% जुर्माना तथा जुर्माने पर ब्याज माफ करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। अगर इसे लागू किया जाता है तो यह भारत में टेलिकॉम बिजनस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ होगा। साथ ही इससे टेलिकॉम सेक्टर में दो बड़ी प्राइवेट कंपनियों के दबदबे को चुनौती मिलेगी। सूत्रों ने बताया कि अगर इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलती है तो टेलिकॉम कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय राहत मिलेगी। इसमें सबसे ज्यादा फायदा वोडाफोन आइडिया को मिलेगा। इस कंपनी पर सरकार का हजारों करोड़ रुपया बकाया है। प्रस्तावित राहत के तहत वोडाफोन आइडिया का एजीआर बकाया 52,000 करोड़ रुपए से अधिक कम हो सकता है। वित्तीय रूप से मजबूत भारती एयरटेल को करीब 38,000 करोड़ रुपए और टाटा टेलीसर्विसेज को 14,000 करोड़ रुपए की राहत मिलेगी। रिलायंस जियो पर कोई एजीआर बकाया नहीं है। टाटा टेली अब रिटेल सर्विसेज नहीं देती है बल्कि एंटरप्राइजेज मोबिलिटी सर्विसेज देती है।



### बजट में हो सकती घोषणा

एक सूत्र ने कहा कि इस प्रस्ताव पर वित्त मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और कैबिनेट सचिवालय सहित उच्चतम स्तर पर चर्चा की जा रही है। सरकार एक फरवरी के बजट में इस उपाय की घोषणा करने के लिए काम कर रही है। टेलिकॉम इंडस्ट्री साल 2016 में रिलायंस जियो की एंट्री के बाद से कड़ी प्रतिस्पर्धा से जूझ रहा है। अक्टूबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के रुख का समर्थन करते हुए टेलिकॉम कंपनियों पर 1.47 लाख करोड़ रुपए का एजीआर बकाया लगाया। इसमें 92,642 करोड़ रुपए लाइसेंस शुल्क और 55,054 करोड़ रुपए स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क (एसयूसी) शामिल थे। बकाया राशि का लगभग 75% ब्याज, जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज था।

# प्रतिभाओं के प्रोत्साहन को समय-समय पर हों सम्मान समारोह : एसपी जाट

## किसान केसरी मिर्धा की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

## जाट समाज की प्रतिभाओं व भामाशाहों का हुआ सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** वीर तेजा विकास समिति के तत्वावधान में किसान केसरी बलदेवराम मिर्धा की 136वीं जयंती शु' वार को धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर 72 फीट बालाजी मंदिर के सामने जाट समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महंत सूरजनदास के साह्निध्य व एसपी चुनाराम जाट की अध्यक्षता में जाट समाज की खेलकूद के क्षेत्र, दसवीं व बारहवीं में अव्वल एवं नवचयनित प्रतिभाओं व सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले भामाशाहों (कुल 301 प्रतिभाओं) का माल्यार्पण के साथ प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। समिति के अध्यक्ष अमराराम बेनीवाल के अनुसार एसपी चुनाराम जाट ने कहा कि वर्तमान में अध्ययन की जितनी भूमिका बच्चों की है, उनके प्रति उतनी ही भूमिका अभिभावकों की भी है।

उन्हें बच्चों को रिल्स बनाने की छूट नहीं देनी चाहिए। क्योंकि इन रिल्स की वजह से उनका करियर प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की गतिविधियों पर भी ध्यान रखना चाहिए, जिससे कि वो गलत संगत में नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवा नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है, इसे रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है। समय-समय पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किए जाते रहने चाहिए ताकि बच्चों को प्रोत्साहन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहे। डीआइजी स्टाम्प भगीरथ चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय शिक्षा का समय है और सभी को शिक्षा के क्षेत्र में जागृत होना पड़ेगा। बेटों के साथ बेटियों को भी उच्च शिक्षा दिलाने पर जोर देना होगा। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र डुकिया ने कहा कि बलदेवराम मिर्धा ने समाज के साथ पूरे किसान वर्ग को शिक्षा को लेकर जागृत किया और हमें उनके आदर्शों पर चलकर शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ना होगा। इसलिए समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना होगा, जिससे दूसरी पीढ़ी भी उनसे प्रेरित होकर आगे बढ़ सके।

### इन्होंने भी व्यक्त किए विचार

समारोह में सुखदेव चौधरी सहायक आचार्य बांगड़ मेडिकल कॉलेज, राजेंद्र जाखड़ युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र, भगीरथ चौधरी उप निदेशक महिला बाल विकास, रामेश्वर बुगालिया आचार्य बांगड़ महाविद्यालय, अमराराम बेनीवाल अध्यक्ष वीर तेजा विकास समिति, मोहन जाट भाजपा जिला महामंत्री, किशोर चौधरी सरपंच संघ अध्यक्ष जैतारण, लालाराम पचार, नैनाराम पचार, कुनाराम गोदारा, भोमाराम रेड्डू, बबिता पचार ने भी विचार व्यक्त किए।

### ये भी रहे मौजूद

*राजेंद्र लहर, हरीराम कलिया, कालूराम कालीराना, ओमा चौधरी पार्षद, रतनाराम बाना, श्रवण सिरोही बिरावास, ईश्वर चौधरी, धर्मेंद्र बेनीवाल, बाबूलाल कालीराणा, श्याम चौधरी, भैराराम डांगी, विशनाराम गोदारा, शिवराम चोयल, प्रधान कालीराणा, महेंद्र मेंदा, विशनाराम कागट, राजेंद्र जांगु, मंगलाराम बरकिया, राजेंद्र कागट, मदन जांचर, नर्सिंग बरकिया, धर्मवीर थारोल, सुदर्शन जांगू, संजीव रेवाड़, रणवीर सारण, लक्ष्मण गोदारा, देवाराम गोदारा समेत कई गणमान्य व समाजबंधु मौजूद रहे।*





## डिस्कॉम की स्पॉट बिलिंग सेवा आरंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में विद्युत निगम द्वारा स्पॉट बिजली बिलिंग की सेवा शुरू कर दी गई है। विद्युत निगम के कार्मिकों विद्युत उपभोक्ताओं के घर पहुंच स्पॉट बिलिंग के बारे में जानकारी दी। मौके पर ही मीटर रीडिंग कर स्पॉट बिलिंग कर उपभोक्ताओं को सौंपे। बिल का हाथोंहाथ जमा करवाने के बारे में भी बताया गया। ऐसे में उपभोक्ताओं को बिल जमा करवाने विभाग तक जाने की जरूरत नहीं होगी। ग्रामीणों ने बताया कि यह स्पॉट बिलिंग सेवा बेहतर है।

## जिले में प्रवासी पक्षियों की गणना 28 से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जिले में देसूरी, सुमेरपुर, सोजत, पाली, सेंदड़ा, बाली, मारवाड़ जंक्शन व जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्र में 28 जनवरी से 2 फरवरी तक प्रवास करने वाले प्रवासी एवं रेजिडेंट पक्षियों की गणना होगी। जिले के सभी ब्लॉक व रेंज में सर्दियों में जिलेभर में प्रवास करने वाले विभिन्न प्रजातियों के दुर्लभ परिंदों को भी वन विभाग के रिकॉर्ड पर दर्ज किया जाएगा एवं क्षेत्रानुसार उनकी संख्या का आकलन किया जाएगा।




## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सड़क से हटाई बिखरी बजरी

*▸ बिखरी बजरी से हो रहे थे हादसे*

▸ स्वयंसेवकों के प्रयास की लोगों ने की सराहना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** जवाई बांध रोड पर शु' वार को आश्रम मोड़ के पास सड़क पर बिखरी हुई बजरी ने दोपहिया वाहनों के लिए परेशानी खड़ी कर दी। इस कारण कई छोटे-मोटे हादसे भी हुए। सड़क पर गिरी बजरी के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इस पर शनिवार को राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने अपनी सेवा भावना का परिचय देते हुए बजरी को मुख्य सड़क से हटाकर सफाई की। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित स्वयंसेवकों के इस कार्य की आने-जाने वाले लोगों ने खूब सराहना की। प्राचार्य डॉ. हीरालाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राहुल पलसानिया और सभी स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य समाज सेवा और जिम्मेदारी का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने स्वयंसेवकों को भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों ने वास्तव में एक अनुकरणीय कार्य किया है, जिससे सड़क पर यात्रा करना सुरक्षित और सुगम हो गया है।

## गोशाला में सहयोग पर भामाशाहों का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र छत्तीस कौम गोशाला में सहयोग देने वाले भामाशाहों का शनिवार को गोशाला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। गोशाला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद बरूत ने बताया कि भामाशाह डॉ. तखतसिंह राजपुरोहित के सहयोग से 21 हजार रुपए, वासूपुज्य जैन श्वेतांबर पेढ़ी सुमेरपुर द्वारा 15 हजार रुपए का चेक, चंपालाल पुत्र गेनाजी चांदोरा द्वारा चार क्विंटल लापसी, डॉ. महीपालसिंह विश्नोई केदार हॉस्पिटल द्वारा एक ट्रॉली हरा चारा, प्रतीक पुत्र कमला पत्नी लक्ष्मीनारायण मालवीया द्वारा दो क्विंटल लापसी वितरित करवाई गई। भामाशाह पोपटलाल जैन, प्रकाशचंद्र जैन, प्रकाशचंद्र लूनिया, चंपालाल चांदोरा, डॉ. महीपालसिंह विश्नोई, लक्ष्मीनारायण मालवीया का गोशाला अध्यक्ष मदनसिंह राजपुरोहित द्वारा परंपरानुसार स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोशाला उपाध्यक्ष जोपसिंह परमार, सचिव जोधराज देवड़ा, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद बरुत, सह सचिव मंछाराम कच्छवाह, व्यवस्थापक प्रतापराम माली, भगवती प्रसाद लोहार एवं गौशाला सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## विहिप की बैठक में कार्यकारिणी का गठन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** कस्बे में विश्व हिन्दू परिषद की बैठक शनिवार को शीतला माता चौक में स्थित राम मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में विहिप बाली जिला सहमंत्री रतनपुरी, बजरंग दल प्रखंड संयोजक गजेन्द्र वैष्णव, प्रखंड सेवा प्रमुख मनोज व्यास, प्रखंड मठ मंदिर प्रमुख अभिषेकपुरी, बजरंग दल सहसंयोजक अमृत मालवीय की मौजूदगी में नगर कार्यकारिणी गठित की गई। इसके तहत नगर अध्यक्ष मनोहरसिंह चौहान, उपाध्यक्ष सुभाष चौधरी, मंत्री लालाराम सिरवी, सहमंत्री भीमाराम सीरवी, समस्या प्रमुख मांगीलाल चौधरी, बजरंग दल संयोजक कपिलपुरी, सहसंयोजक मुकेश माली, मातृशक्ति संयोजक हेमा प्रजापत, सहसंयोजक रेखा सरगरा को चुना गया।

## सोढ़ा ने ग्रहण किया थानाधिकारी का पदभार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** सादड़ी थाने में शनिवार को नए थानाधिकारी हनवंतसिंह सोढा ने पदभार ग्रहण कर लिया। ग्रामीणों ने उनका माला व साफा पहनाकर परंपरागत तरीके से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद थानाधिकारी सोढा ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे थाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्थानीय लोगों ने नए थानाधिकारी के आगमन पर खुशी जताई और उनके साथ सहयोग करने का वादा किया।



## दिव्य ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** कस्बे के नोबेल स्कूल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में बाली तहसील के गांव ढाणियों ने 10 दिन भ्रमण के बाद फालना के नोबल स्कूल पहुंचने पर दिव्य ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया गया। रथ यात्रा के साथ पहुंचे हरीगोपाल सोनी ने विद्यार्थियों से कहा कि उज्जवल भविष्य बनाने में संस्कारों का खास महत्व होता है। विद्यार्थियों को श्रेष्ठ बनाने के लिए अच्छे संस्कार ग्रहण करने के बारे में बताया। संस्था के डायरेक्टर डॉ अनंत नारायण सिंह गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य बनाने के लिए संस्कार और आध्यात्मिकता ग्रहण करना जरूरी है। अखिल विश्व गायत्री परिवार जिसकी स्थापना पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने की, उनका एक ही सपना था कि मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण हो। स्थानीय विद्यालय से विदाहोकर यह रथ सुमेरपुर तहसील में प्रवेश करेगा। रथयात्रा में हेमेंद्रसिंह सिसोदिया, ओमप्रकाश देवासी, रमेश नागर, राजेंद्र गुप्ता भी शरीक है। कार्यक्रम में समाजसेवी अमित मेहता, अध्यापक प्रकाशचंद्र, महेंद्रसिंह, हिम्मत देवड़ा, मुकेशकुमार, कुलदीपसिंह, विजय कुमावत, लक्ष्मण भाटी, शक्तिसिंह, राजेंद्रकुमार, मनीष पटेल भी मौजूद थे।



## बांकली में तनोट माता का वार्षिक ध्वजारोहण समारोह आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** समीपवर्ती बांकली गांव में क्षत्रिय समस्त भाटी गौत्र परिवार घांची समाज की कुलदेवी स्वांगिया चामुंडा माता तनोटराय मंदिर का 21वां दो दिवसीय ध्वजा समारोह 19 व 20 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। मंदिर समिति सदस्यों के अनुसार पहले दिन 19 जनवरी को दिन में यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद शाम को महाप्रसादी का आयोजन होगा। रात में एक शाम तनोट माता के नाम भजन संध्या होगी। जिसमें गायक कलाकार सरिता खारवाल, दलपत चौहान, प्रताप जाणा एण्ड पार्टी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस दौरान अगले वर्ष कार्य' म की बोलियां लगाई जाएगी, जिसमें भामाशाह भाग लेंगे। मंच संचालन ऋषभ नागर व जगदीश परिहार करेंगे। दूसरे दिन 20 जनवरी के कार्य' म का शुभारंभ सवेरे मंदिर शिखर पर गाजे-बाजे के साथ ध्वजा चढ़ाकर किया जाएगा। उसके बाद मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांव के मुख्य मार्गों व गलियों से होकर निकलेगी। उसके बाद भामाशाह सम्मान समारोह होगा। जिसमें अतिथियों सहित सहयोगकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। महाप्रसादी के साथ दो दिवसीय समारोह का समापन होगा।। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने में भाटी वंश के समाजजन जुटे हुए हैं।



## बॉलीवुड एक्ट्रेस ऊर्फी जावेद ने उठाया जवाई सफारी का लुत्फ

▸ तीन दिन से लेपर्ड और मगरमच्छ देखने में रही व्यस्त

▸ स्थानीय संस्कृति से भी हुई रूबरू



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली (पाली)।** जवाई लेपर्ड सफारी में बॉलीवुड एक्ट्रेस और फैशन डिजाइनर ऊर्फी जावेद का परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया। वह अपनी बहन डॉली जावेद और महिला मित्र श्वेता कौर के साथ पिछले तीन दिनों से यहां भ्रमण पर हैं।

सफारी के दौरान ऊर्फी ने न केवल लेपर्ड का दीदार किया, बल्कि जवाई डूब क्षेत्र में मगरमच्छ सहित विभिन्न जलीय जीवों को भी देखा। उन्होंने विलेज सफारी का भी आनंद लिया, जहां स्थानीय लोगों से मिलकर राजस्थानी संस्कृति और परंपराओं की जानकारी हासिल की। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऊर्फी ने सफारी की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें वह वन्यजीवों का अवलोकन करते हुए और स्थानीय लोगों के साथ संवाद करते हुए दिख रही हैं। ये सभी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। ऊर्फी कल अपनी दोनों महिला मित्रों के साथ जवाई से प्रस्थान करेंगी।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी घोषित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर के वरिष्ठ नेता हरीशंकर मेवाड़ा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा की अनुशंषा पर सुमेरपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी घोषित की गई। संगठन सचिव ललित तूनवाल के अनुसार इसके तहत संगठन महासचिव लक्ष्मण मेघवाल, उपाध्यक्ष मन्नाराम चौधरी, पुखराज घांची, सोहन गोमतीवाल, मांगीलाल राजपुरोहित, कस्तुराराम मीणा, गोविंदसिंह सोनीगरा, गोपीलाल सरगरा, विनोद मेघवाल, गेरीदेवी व भगवतसिंह राठौड़, महासचिव ढलाराम सरगरा, चुन्नीलाल चौधरी, प्रवीण मीणा, सुरेश देवासी, कंचन परमार, रिछपालसिंह, मोहम्मद फारूक, गुनराज, गजेन्द्रसिंह राणावत व अचलाराम मेघवाल, कोषाध्यक्ष शम्भूराम मीणा, सचिव किरणसिंह देवड़ा, चम्पालाल राजपुरोहित, डायाराम मीणा व भंवरलाल मेघवाल, नन्देश्वर जोशी, पूरणसिंह राठौड़, दौलत माधव, जसवंत मेघवाल, देवेन्द्र कंवर व टोयाराम डांगी, प्रवक्ता फूलाराम देवासी व सुरेन्द्र परमार, सोशल मीडिया प्रभारी वि' म कुमावत व पदमसिंह देवड़ा एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सदाराम मेघवाल, ईदाराम, राजवीरसिंह, बगदाराम मेघवाल, मांगीलाल चौधरी, मुकेश आदिवाल, फकीराराम भील, घीसूलाल मेघवाल, हिम्मताराम मीणा, आबिद खां सिलावट, अंशुमानसिंह राणावत, रजिया बानो, पुखराज मीणा, भबूतसिंह व नीतू मीणा को मनोनीत किया गया। मेवाड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ब्रह्मा बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के फालना सेंटर पर शनिवार को ब्रह्मा बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस केंद्र की मुख्य संरक्षिका बीके मीरा एवं समाजसेवी अमित मेहता, सुमेरसिंह मेड़तिया की उपस्थिति में श्रद्धा के साथ मनाया गया। बीके मीरा ने कहा कि बाबा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है एवं वे त्याग व तपस्या की मूर्ति थे। इस अवसर पर प्रसादी का वितरण भी किया गया। कार्य' म में कुणाल पवार, प्रवीणसिंह जोधा, बंसीलाल मालवीय, बाबूलाल मालवीय, शंकरलाल मालवीय, रुपाराम, गिरधारीलाल, हीरालाल, मुकेशकुमार, महेंद्रकुमार भी मौजूद थे।

## यातायात नियमों की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में यातायात पुलिस के नेतृत्व व माय भारत, एनएसएस, एनसीसी के स्वयंसेवकों के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। युवाओं ने चुंगी नाका चौराहे, नहर रोड पर आमजन को यातायात नियमों की पालना के लिए गांधीवादी तरीकों से समझाया। युवाओं ने आमजन को जीवन के महत्व पर बल देते हुए दुर्घटनों से बचने व वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी का संदेश दिया। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने स्वयंसेवा के लिए प्रेरित कर मनोबल बढाया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के भंवरसिंह राजपुरोहित, दीपशिखा, दीपमाला, सोनू, रवीना, गौतम, धनराज भाटी, भरत तोसावरा आदि उपस्थित रहे।




## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** हिंदुआ सूरज, वीर शिरोमणि, पाली के दोहिते महाराणा प्रताप की 427वीं पुण्यतिथि रविवार को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी । महाराणा प्रताप जन्मस्थली विकास समिति अध्यक्ष एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा के अनुसार प्रातः 11 बजे जूनी कचहरी धानमंडी स्थित उनके जन्म स्मारक स्थल पर समिति सदस्यों सहित पाली के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व आमजन की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए जताएंगे। माल्यार्पण के पश्चात स्मारक स्थल के सर्वांगीण विकास पर आवश्यक चर्चा की जाएगी एवं पूर्व में की गई घोषणाओं के फलीभूत न हीं होने पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।



# मॉडल राठेलाव तालाब का बीडीओ ने किया निरीक्षण

▸ पानी निकासी रिसाव घाट आदि का किया अवलोकन

▸ करोड़ों व्यय कर तालाब का किया जाएगा सौंदर्यकरण

**दिलदार भाटी @ जागरूक टाइम्स**

**देसूरी।** विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी ने शनिवार को सरपंच केसाराम भील, ग्राम विकास अधिकारी रूपसिंह चारण और जेटीए जयप्रकाश दादलिया के साथ कस्बे के राठेलाव चौराहे पर स्थित मॉडल राठेलाव तालाब के सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब में पानी की आवक के मुख्य स्रोत, नदी और नाले के छोर पर पहुंच मौका स्थिति का अवलोकन किया। बारीकी से तकनीकी जांच करते हुए पाया कि बारिश के समय तालाब में पानी की आवक अच्छी बनी रहती है। इस परियोजना में जिला प्रशासन ने भी रुचि दिखाई है और सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपए की राशि व्यय की जाएगी।



### *निरीक्षण में पाया कचरा, पॉलीथिन व अन्य अपशिष्ट*

*निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तालाब में पानी के नाले में कचरा, पॉलीथिन, और अन्य अपशिष्ट पदार्थ पाए। इसे रोकने के लिए तालाब और नाले के आसपास कड़ी निगरानी रखने की योजना बनाई गई है। विकास अधिकारी भाटी ने बताया कि इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे कचरा डालने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। यह परियोजना न केवल तालाब के जलस्रोत को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि इसके सौंदर्यीकरण और संरक्षण से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। तालाब और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।*

### मुख्य घाट का किया निरीक्षण

उन्होंने मॉडल राठेलाव तालाब के मुख्य घाट का निरीक्षण भी किया। इस घाट का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां हिंदू समुदाय द्वारा देवझूलनी ग्यारस पर ठाकुरजी की रेवाड़ी (सवारी) का समापन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया जाता है। साथ ही गणपति विसर्जन भी इसी तालाब में होता है। अतीत में, मुस्लिम समुदाय द्वारा मोहर्रम (ताजिया) का समापन और विसर्जन भी इसी तालाब में किया जाता रहा है। ऐसे आयोजनों के कारण यह घाट विभिन्न समुदायों के लिए महत्वपूर्ण स्थल बन गया है। भाटी ने इस घाट को बेहतर बनाने और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण के बाद यह तालाब न केवल धार्मिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा। इस प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार कर जिला प्रशासन को शीघ्र ही भेजी जाएगी। इसके बाद इस तालाब के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### सड़क से सटी पाळ होगी तीस फीट चौड़ी, गार्डन भी बनेगा

विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी ने अन्य अधिकारियों के साथ मुख्य चौराहे से सटे मॉडल राठेलाव तालाब की पाळ का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए चौराहे से तालाब के ओवरफ्लो ओटे तक 30 फीट चौड़ी दीवार निकालने का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। इस दीवार के निर्माण के बाद तालाब की 30 फीट चौड़ी पाळ पर एक आकर्षक गार्डन बनाया जाएगा, जो स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए विश्राम और मनोरंजन का स्थल बनेगा। इसके अलावा, मुख्य सड़क मार्ग से सटी तालाब की पाळ पर जाली लगाई जाएगी। इसका उद्देश्य तालाब में कचरा, पॉलीथिन और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को डालने से रोकना है, जिससे तालाब की स्वच्छता और पर्यावरणीय संतुलन बना रहेगा। यह प्रोजेक्ट मॉडल तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तालाब न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बनेगा, बल्कि एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित होगा।

### तालाब से पानी के रिसाव की जांच

भाटी और अन्य अधिकारियों द्वारा तकनीकी निरीक्षण के दौरान तालाब के पानी में रिसाव की समस्या को चिन्हित किया गया। इस पर भाटी ने कहा कि तकनीकी उपायों के माध्यम से तालाब से होने वाले पानी के रिसाव को रोका जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या के समाधान के बाद तालाब में वर्षभर पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह कदम न केवल तालाब के सौंदर्यीकरण और उपयोगिता को बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए जल संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।



# गंभीर के साथ बहस की खबरों पर रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली बीसीसीआई चयनसमिति ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। कप्तान रोहित शर्मा और अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम के बारे में जानकारी दी। चीफ कोच गौतम गंभीर को प्रेस कॉन्फ्रेंस से दूर रखा गया है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान रोहित और गंभीर के बीच अनबन की खबरें सामने आई थीं। अब रोहित ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने दोनों के बीच किसी भी प्रकार के अनबन की खबरों को खारिज किया है।

### रोहित ने बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाए तेवर

■ भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा था। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को 1-3 से हार मिली थी। 10 साल बाद टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी गंवा बैठी थी। इससे बीसीसीआई काफी गुस्से में थी और उसने खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर ध्यान देने को कहा था। रोहित शर्मा ने शनिवार को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम का एलान करते हुए इस मामले पर अपनी बात रखी। भारत के दिग्गज खिलाड़ी लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में नहीं उतरे हैं। रोहित ने अपना आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच साल 2016 में खेला था। वहीं विराट कोहली ने 2012 में खेला था। कई पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस पर सवाल उठाए थे और कहा जा रहा था की सीनियर खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी को हल्के में ले रहे हैं। रोहित से जब प्रेस कॉन्फ्रेंस में घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "कोई इसे हल्के में नहीं ले रहा है। ये इस बात पर निर्भर करता है कि किसी खिलाड़ी का सीजन कैसा रहा है और उसे कितने आराम की जरूरत है। इसी के आधार पर हम ये तय करते हैं खिलाड़ी को कैसे मैनेज करना है।"

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित का खराब प्रदर्शन

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मामले पर पूछे गए सवाल पर रोहित ने कहा, 'हम दोनों इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट हैं कि हम क्या करना चाहते हैं। मैं यहां बैठकर हर खेल में रणनीति के साथ पर्दे के पीछे क्या होता है, इस पर चर्चा नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन, यह मेरे दिमाग में बिल्कुल साफ है कि मुझे क्या करना है।' रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पूरी तरह फ्लॉप रहे और सीरीज में केवल 31 रन ही बना सके।

### गंभीर के साथ अनबन की खबरों को रोहित ने किया खारिज

रोहित ने आगे कहा, 'गौतम गंभीर एक ऐसे व्यक्ति हैं कि एक बार जब हम मैदान में उतरते हैं, तो उन्हें भरोसा होता है कि कप्तान मैदान पर क्या कर रहा है। बुनियादी बातचीत जो होती है, वह मैदान के बाहर ही होती है। मैदान में या शायद चेंजिंग रूम में, एक बार जब हम मैदान पर उतरते हैं, तो यह सब इस बारे में होता है कि मैं मैदान पर क्या करता हूं। हमें एक-दूसरे पर इस तरह का भरोसा है। ऐसा ही होना चाहिए। बस इतना ही है।'

### गंभीर ने की थी अनुशासहीनता की शिकायत



■ हालिया रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के दौरान भारतीय टीम में अनुशासनहीनता की शिकायत की थी। ऐसी भी खबरें थीं कि गंभीर और रोहित के बीच रिश्ते खराब हो गए थे और एक अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी कप्तानी की भूमिका के लिए दबाव बना रहा था। एक रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि गंभीर ने सरफराज खान पर ड्रेसिंग रूम की बातें लीक करने का आरोप लगाया है।

### विदेशी दौरे पर फैमिली पर पाबंदी

अब खिलाड़ी अपनी फैमिली को लंबे समय के लिए विदेशी दौरे पर अपने साथ नहीं ले जा पाएंगे। नए नियम के अनुसार विदेशी दौरे पर अगर कोई खिलाड़ी 45 दिनों तक रहता है तो उनकी पत्नी और 18 साल से छोटी उम्र का बच्चा एक सीरीज में दो हफ्ते के लिए उनके साथ रह सकते हैं। इस दौरान बीसीसीआई सिर्फ उनके रहने का खर्च उठाएगा। बाकी अन्य खर्च खिलाड़ी को खुद उठाना होगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को इस बात कि जानकारी कोच और कप्तान को पहले देनी होगी। उनकी अनुमति के बाद ही कोई भी परिजन या अन्य सदस्य खिलाड़ी के पास आ सकता है। वहीं इस दौरान अगर कोई खिलाड़ी नियम तोड़ता है तो कोच, कप्तान और जीएम ऑपरेशन इसके जिम्मेदार होंगे।

### फैमिली के साथ यात्रा नहीं कर सकेंगे

अब खिलाड़ियों को मैच और प्रैक्टिस सेशन के लिए सिर्फ टीम के साथ ही यात्रा करनी होगी। बीसीसीआई का मानना है यह टीम में एकजुटता के लिए कारगर साबित होगी। वहीं अगर किसी कारणवश किसी खिलाड़ी की फैमिली साथ में सफर रही है तो उसके लिए कोच गौतम गंभीर और चयनकर्ता अजीत अगरकर से अनुमति लेनी होगी। इस नियम का उल्लंघन होने पर सख्त सजा भी मिलेगी। विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कई बार परिवार के साथ ट्रेविल करते हुए देखा गया था। किसी टूर या फिर सीरीज के दौरान टीम का कोई भी सदस्य अपने साथ किसी पर्सनल स्टाफ को नहीं रखेगा। इसमें पर्सनल मैनेजर, शेफ, असिस्टेंट्स और सिक्योरिटी शामिल हैं। हाल ही में कोच गौतम गंभीर के पर्सनल असिस्टेंट को लेकर बवाल मचा था।

ऑस्ट्रेलिया ओपन

# इगा स्वियातेक आसान जीत से चौथे दौर में

▸▸ बालाजी-वरेला की जोड़ी हार के साथ बाहर



**नई दिल्ली।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत के साथ शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, 'मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।' आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, 'मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं।'

लीजेंड 90 लीग की घोषणा

## धवन-रैना और रॉस टेलर तैयार



**रायपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन, सुरेश रैना और न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर जैसे क्रिकेट दिग्गजों की बहुप्रतीक्षित लीजेंड 90 लीग छह से 18 फरवरी तक रायपुर में खेली जाएगी। लीजेंड 90 लीग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच, श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान और मार्टिन गुप्टिल लीग में भाग लेंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, हरियाणा ग्लेडियेटर्स, दुबई जाइंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज, रॉयल किंग्स पंजाब और राजस्थान किंग्स होंगी। 90 बॉल प्रति साइड के गतिशील प्रारूप वाली यह लीग क्रिकेट परिदृश्य में गेम-चेंजर बनने का वादा करती है। लीग की शुरुआत पर बोलते हुए लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवेन शर्मा ने कहा कि वे लीजेंड 90 लीग को लेकर रोमांचित हैं। कुछ क्रिकेट दिग्गजों को नए प्रारूप में पेश किया जाएगा। वैश्विक दिग्गजों की भागीदारी और 90-गेंद के अभिनव प्रारूप के साथ, हमें विश्वास है कि यह लीग दुनिया में एक नया मानक स्थापित करेगी। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के पास मार्टिन गुप्टिल, सुरेश रैना और अंबाती रायडू जैसे मार्की खिलाड़ी हैं, दिल्ली रॉयल्स के पास रॉस टेलर के साथ शिखर धवन हैं। हरियाणा ग्लेडियेटर्स के कप्तान हरभजन सिंह होंगे और वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## लाइव मैच के बीच स्टेडियम में घुसा 'सांप'

**मलेशिया।** इन दिनों महिला अंडर 19 टी20 वर्ल्ड कप 2025 मलेशिया में खेला जा रहा है। टूर्नामेंट का दूसरा मुकाबला इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच खेला गया। बारिश के कारण मुकाबले का नजीता नहीं निकल सका। वहीं मुकाबले के दौरान मैदान में एक सांप घुस आया, जिसके कारण कुछ देर मुकाबला रोका गया। मैदान के अंदर सांप का वीडियो आईसीसी के जरिए शेयर किया गया। इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच मुकाबला जोहर बाहरू में खेला गया। मुकाबले की पहली पारी के दौरान मैदान के अंदर सांप घुसने का वाकया सामने आया। बता दें कि सांप बहुत बड़ा नहीं था, जिसके चलते घबराने जैसी कोई बात नहीं हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक छोटा सा सांप पिच के करीब चल रहा होता है, जिसे देखकर मैच रुक जाता है। इंग्लैंड की बल्लेबाज बल्ले की मदद से सांप को पिच से दूर करने की कोशिश करती है।

## बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे नहीं खेलेंगे



**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शनिवार को कहा कि जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए फिट नहीं हो पाएंगे जिसके कारण हर्षित राणा को उनकी जगह शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वे मुख्य तेज गेंदबाज की स्थिति पर मेडिकल टीम से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। बुमराह को हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के बाद होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस में अगरकर ने कहा कि बुमराह को पांच सप्ताह के लिए आराम करने को कहा गया है जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। हमें मेडिकल टीम से उनकी स्थिति के बारे में फरवरी की शुरुआत में पता चलेगा।

## महिलाओं के लिए जल्द शुरू होगी नई टी20 लीग



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पहली बार महिला बांग्लादेश प्रीमियर लीग (डब्ल्यूबीपीएल) आयोजित करने जा रहा है, जो मेंस बीपीएल की समाप्ति के तुरंत बाद सात फरवरी से शुरू होने की संभावना है। बीसीबी के निदेशक नजमुल आबेदीन फहीम के मुताबिक, यह एक तीन टीमों की प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रत्येक टीम छह लीग मैच खेलेगी और हर टीम से दो बार मुकाबला करेगी। इसके बाद फाइनल मैच होगा। फहीम ने बताया कि बीसीबी महिला क्रिकेट के विकास के लिए विभिन्न उपायों पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने के कई तरीकों के बारे में सोच रहे थे, और इस बारे में विचार किया कि क्या हम महिलाओं के लिए टी20 प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। अब हमने यह फैसला लिया है कि हम महिला बीपीएल का आयोजन करेंगे। इसके अलावा, फहीम ने यह भी बताया कि बीसीबी महिला टीमों को लेकर कुछ मेंस बीपीएल फ्रेंचाइजी के साथ बातचीत कर रहा है, और कुछ मालिकों ने इसमें रुचि दिखाई है। फहीम ने कहा कि हमने कुछ बीपीएल फ्रेंचाइजी से पहले ही बात की है, जिन्होंने महिला टीमों के स्वामित्व में रुचि दिखाई है। हम देखना चाहते हैं कि महिला टूर्नामेंट का हमारे टी20 क्रिकेट पर क्या प्रभाव पड़ता है। हमें उम्मीद है कि इससे महिला क्रिकेट की प्रगति में मदद मिलेगी।


# मनोरंजन

## एक्शन का तड़का लगाएंगे विक्की कौशल



यशराज फिल्म्स की हिट फ्रेंचाइजी फिल्म 'धूम 4' को लेकर तरह तरह की खबरें सामने आ रही हैं। कुछ समय पहले ही दावा किया गया था कि रणबीर कपूर की इस फिल्म में कियारा आडवाणी की एंट्री हो सकती है। कहा तो ये भी जा रहा था कि बॉलीवुड के जानेमाने डायरेक्टर अयान मुखर्जी फिल्म 'धूम 4' को बनाने वाले हैं। फिल्म 'धूम 4' को लेकर एक और बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। खबर है कि फिल्म 'धूम 4' इस बार विक्की कौशल की एंट्री हो गई है। विक्की फिल्म 'धूम 4' में एक पुलिसवाले का किरदार निभाने वाले हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विक्की ने फिल्म 'धूम 4' को लेकर हाल ही में आदित्य चोपड़ा से मुलाकात की है। इस दौरान कौशल ने एक और प्रेजेक्ट पर डिस्कशन किया है। बताया जा रहा है कि फिल्म 'धूम 4' के अलावा विक्की कौशल वायआरएफ स्पाय यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाले हैं। इस फिल्म में विक्की लीड रोल प्ले करते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि विक्की फिल्म 'धूम 4' में अभिषेक बच्चन को रिप्लेस कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस बार 'धूम 4' में अभिषेक बच्चन नहीं नजर आने वाले हैं। फिल्म में विक्की कौशल भी पुलिसवाला बनकर चोर पुलिस का खेल खेलते नजर आएंगे। इस खबर ने फिल्म 'धूम 4' और विक्की के फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। हालांकि मेकर्स ने अब तक भी इस खबर पर अधिकारिक बयान नहीं दिया है। ऐसे में फिल्म 'धूम 4' को लेकर कोई भी कयास लगाना थोड़ी जल्दबाजी होगी। गौरतलब है कि विक्की कौशल के सितारे इस समय बुलंदियों पर चल रहे हैं। विक्की कौशल की फिल्म 'बैड न्यूज' ने पिछले साल कमाल दिखा दिया था। इस साल विक्की फिल्म 'छावा' में नजर आने वाले हैं।

## कार्तिक आर्यन ने बताया करण जौहर संग उनका रिश्ता



बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। साल 2024 में उनकी मूवी 'भूल भुलैया 3' रिलीज हुई, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था। अब वह अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच एक्टर ने अब स्क्रीन के साथ बात करते हुए बताया है कि वह निर्माता-निर्देशक करण जौहर के साथ कैसा बॉन्ड रखते हैं। दरअसल, साल 2021 में यह खबरें आई थी कि कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच अनबन हो गई है। दोनों साथ मिलकर फिल्म 'दोस्ताना 2' में भी काम करने वाले थे, लेकिन इनकी अनबन की वजह से वो फिल्म नहीं बन पाई और फिर कार्तिक को उससे बाहर भी कर दिया गया। हालांकि, अब कार्तिक और करण के बीच सब ठीक है और दोनों एक नई फिल्म के लिए साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में जब एक्टर से उनके और डायरेक्टर के रिलेशनशिप पर बात की गई तो कार्तिक ने क्या कहा, चलिए जानते हैं। स्क्रीन इवेंट में कार्तिक आर्यन को उनकी और करण जौहर की एक तस्वीर दिखाई गई, जिसमें निर्माता एक्टर के कान पकड़कर खींचते हुए दिखाई दे रहे थे। इस फोटो को देखकर वहां मौजूद दर्शक और कार्तिक काफी हंसने लगे। इसके बाद एक्टर ने कहा कि इस पर क्या बोलूं। करण के साथ मेरा 'लव और हेट' वाला बॉन्ड है और यह फोटो उसी को दिखाती है। कार्तिक ने आगे बताया कि ये फोटो को 'दोस्ताना 2' पर काम शुरू करने से ठीक पहले ली गई थी। यह मोमेंट तब का है जब हम लोगों ने पहली फिल्म, जो हमारी होनी थी कभी, वो साइन की थी। तो तब का मोमेंट है। मुझे लगता है कि वह जानते थे की मैंने फोटो पहले से ले ली थी।



## सिद्धार्थ-जान्हवी पहुंचे शूटिंग को केरल

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर पहली बार साथ में फिल्म 'परम सुंदरी' में नजर आने वाले हैं, जो एक रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा होगी। फिल्म के निर्माताओं ने इसका मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें दोनों के पहले लुक्स दिखाए गए हैं।

फैंस इस नई जोड़ी को लेकर उत्साहित हैं, और एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग के लिए दोनों अभिनेता केरल जा रहे हैं। वे वहां करीब एक महीने तक शूटिंग करेंगे। यह फिल्म तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित है और मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनाई जा रही है। फिल्म की कहानी एक उत्तर भारतीय लड़के (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक दक्षिण भारतीय लड़की (जान्हवी कपूर) के बीच प्यार की कहानी पर आधारित है।

फिल्म का सेट केरल के खूबसूरत बैकवाटर्स में किया गया है, जो एक दिल छूने वाली प्रेम कहानी है, जिसमें हास्य, हलचल और कई चौंकाने वाले ट्विस्ट हैं। फिल्म के निर्माता दिनेश विजान ने इस फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह वही तरह की फिल्म है जैसे मणिरत्नम सर किया करते थे, जैसे साथिया। इसमें जो संगीत है और जान्हवी का दक्षिण भारतीय भूमिका निभाना बहुत दिलचस्प है, जबकि सिद्धार्थ एक उत्तर भारतीय लड़के का किरदार निभा रहे हैं और इसके बीच जो संघर्ष है, वह बहुत अच्छा है।' मोशन पोस्टर में सिद्धार्थ मल्होत्रा का लुक एक उत्तर भारतीय लड़के के रूप में दिखाया गया है और जान्हवी कपूर पारंपरिक दक्षिण भारतीय परिधान में नजर आ रही हैं। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है, 'नॉर्थ का स्वैग, साउथ की ग्रेस – दो दुनिया टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है। दिनेश विजान प्रस्तुत करते हैं #ParamSundari, एक प्रेम कहानी जो तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित है, 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मिलिए सिद्धार्थ मल्होत्रा से, जो होंगे परम और जान्हवी कपूर, जो होंगी सुंदरी।'

जान्हवी कपूर की पिछली फिल्म देवरा – पार्ट 1 थी, जिसमें उन्होंने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था और वे जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के साथ नजर आईं। इसके बाद जान्हवी कपूर, वरुण धवन के साथ फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगी, जिसमें मनीष पॉल, रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा भी अहम भूमिका में होंगे।



## अर्जुन कपूर की फिल्म के सेट पर हादसा, शूट के दौरान गिरी छत

अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की आनेवाली फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म के सेट पर एक गाने की शूटिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मुंबई के रॉयल पाम्स के इंपीरियल पैलेस में गाने की शूटिंग चल रही थी। तभी अचानक वहां की छत गिर गई। इस हादसे में अर्जुन सेमत कई और लोग घायल हुए हैं। गनीमत ये रही कि किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अशोक दुबे ने बताया कि यह हादसा गाने की शूटिंग के दौरान तेज ध्वनि की वजह से उत्पन्न होने वाले कंपन के कारण हुआ। रिपोर्ट्स की मानें तो इस हादसे में अर्जुन कपूर, प्रोड्यूसर जैकी भगनानी और डायरेक्टर मुदस्सर अजीज को मामूली चोटें आई हैं। अशोक ने बताया कि उनकी कोहनी और सिर में चोट आई है। उन्होंने बताया कि कुछ क्रू के सदस्यों को भी इस हादसे में चोट आई है। डीओपी मनु आनंद का अंगूठा फ्रेक्चर हो गया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। अशोक ने बताया कि उनके कैमरामैन को स्पाइन में चोट आई है। कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने उस मीडिया पोर्टल को बताया कि शूट का पहला दिन बहुत अच्छा रहा था, लेकिन दूसरे दिन हादसा हो गया।

## रणवीर सिंह ने अपने नए लुक से मचाया धमाल



रणवीर सिंह का नया लुक इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। सभी लोग उनकी नई हेयरस्टाइल को लेकर चर्चा कर रहे हैं, और हम भी उनके लुक से काफी प्रभावित हैं। बॉलीवुड के दिलों की धड़कन रणवीर सिंह ने एक नए हेयरस्टाइल के साथ अपने नए अवतार की शुरुआत की है – लंबे और घने बालों के साथ एक मजबूत, दाढ़ी, जो पूरी तरह से रॉकस्टार जैसी ऊर्जा दे रही है।

अपने नए लुक में रणवीर सिंह हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए, जहां उन्होंने अपने नए बालों को पूरे आत्मविश्वास के साथ फ्लॉन्ट किया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में रणवीर अपनी कार की ओर बढ़ते हुए इस नए लुक को दिखाते नजर आ रहे हैं। फैंस उनके नए लुक पर लगातार प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

एक यूजर ने कमेंट किया, 'पैपराजी सच में इतने रियल हैं, मैं भी उनके लिए ऐसा चिल्ला सकती थी।' एक फैन ने कहा, 'यह हेयरस्टाइल उनपर बहुत सूट करता है।' 'हर बार वो इतना डैशिंग लगता है', एक फैन ने लिखा। रणवीर सिंह को फैशन स्टेटमेंट देने में कोई हिचकिचाहट नहीं होती। उनके नीयॉन सूट से लेकर फ्लोरल शेरवानी तक, रणवीर हमेशा कुछ नया और अलग करते हैं।

लेकिन उनका यह नया, लंबे बालों वाला अवतार तो 100 प्रतिशत हॉट है। व्यक्तिगत जीवन की बात करें, तो रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने आठ सितंबर 2024 को अपनी बेटी को जन्म दिया। उनकी बेटी का नाम है दुआ पदुकोण सिंह।

इस खुशखबरी को कपल ने सोशल मीडिया पर एक दिन बाद साझा किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'Welcome Baby Girl 8.9.2024. Deepika & Ranveer।' इस पोस्ट के बाद ढेर सारी बधाइयों का तांता लग गया था। दिसंबर 2024 में, कपल ने पैपराजी के लिए एक खास मुलाकात का आयोजन किया था, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी दूआ से सभी को मिलवाया।

# स्वामित्व योजना से मिला घर का मालिकाना हक

## 50 परिवारों को मिला पट्टा, अब नहीं होंगे जमीनी विवाद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल पट्टा, स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्य्र म का लाइव प्रसारण शनिवार को स्वामी नारायण मंदिर हॉल में आयोजित हुआ। जिलास्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने 50 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड मय पट्टा का वितरण किया गया। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के तहत 60 लाभार्थियों तथा मनरेगा एवं पीएमजीएवाई के अन्तर्गत 50 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। मुख्य सचेतक गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पट्टा/ स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल के माध्यम से नींव रखी है, जिससे सामाजिक व आर्थिक बदलाव आएगा। उन्होंने देश की आजादी के बाद एवं वर्तमान की स्थिति के तुलना कर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रामीण भारत के लोगों को उनकी संपति का मालिकाना हक दिलाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए यह स्वामित्व योजना लाई है। स्वामित्व योजना के माध्यम से सरकार आपके गांव में निर्मित घर का पक्का कागजाद/ दस्तावेज दिलाने को प्रतिबद्ध है। ताकि अपनी पैतृक संपत्ति का सदुपयोग बेहतर ढ़ग से कर सके और गांव भूमि विवादों को कम करने, अपने ग्राम पंचायत में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन एवं स्वामित्व योजना से होने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी। उन्होंने ड्रोन सर्वेक्षण एवं जीआइएस मैप, पट्टे/ प्रोपर्टी पार्सल के संबंध में प्रक्रिया, ग्राम पंचायत विकास में स्वामित्व योजना से लाभ, पट्टे जारी किए जाने एवं पट्टों को



अद्यतन करने के संबंध में पंचायतीराज नियम 1996 के प्रावधानों के बारें में बताया। मुख्य अतिथि ने एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छता व जीवन के लिए शपथ दिलाई गई। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, जिला स्तरीय कार्य म के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचन्द अग्रवाल, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी रंजीत, उपखंड अधिकारी नरेन्द्र कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुकेश चौधरी,



तहसीलदार जगदीश कुमार, गोपाल माली, चिराग रावल, महेन्द्र माली, दम्यन्ती डाबी, मणीदेवी, महिपालसिंह चारण, लोकेश खंडेलवाल, हेमलता पुरोहित, अनिल प्रजापत, गोविन्द कुमार, रामलाल समेत जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं लाभार्थीगण उपस्थित थे।



**पिण्डवाड़ा।** पंचायत समिति पिण्डवाडा परिसर में स्वामित्व योजना के तहत सम्पति मालिकों को अपनी स्वामित्व भूमि के मालिकाना हक का प्रॉपर्टी कार्ड वितरण करने व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त विकास अधिकारी जितेन्द्रसिंह राणावत ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत विधायक समाराम गरासिया, प्रधान नितिन बंसल, उपप्रधान रमेश रावल ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया। विधायक गरासिया ने स्वामित्व योजना के तहत प्राप्त प्रॉपर्टी कार्ड के महत्व पर प्रकाश डाला एवं इसकी उपयोगिता बताई। प्रधान बंसल ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ के बारे में उपस्थित लाभार्थियो एवं ग्रामवासियों को विस्तार से जानकारी दी गयी। उपप्रधान रावल ने भी संबोधित किया। अतिरिक्त विकास अधिकारी राणावत ने स्वामित्व योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पंचायत समिति पिण्डवाडा के कुल 21 ग्राम पंचायतो के 43 राजस्व ग्रामों का ड्रोन सर्वे पूर्ण होकर सर्वे ऑफ इण्डिया विभाग से कुल 9278 प्रापॅर्टी कार्ड प्राप्त हो गए है। जिनका वितरण प्रारम्भ कर आगामी



दिवसों में किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री के उदबोधन का सीधा प्रसारण बडी एलइडी पर प्रसारित किया। जिला परिषद सदस्य जोशना देवी, बलवंत चौधरी, रणजीत गहलोत, संगीता प्रजापत, पोसाराम देवासी पंचायत समिति सदस्य, धनाराम मीणा, चुन्नीलाल घांची, दिनेश कुमार प्रजापत, भोमाराम सहायक विकास अधिकारी, सुनील शर्मा सहा. लेखाधिकारी, शिवलाल प्रोग्रामर, अशोक कलबी, भंवरलाल, महेन्द्र कुमार, भारत कुमार, रेणु कंवर, उर्मिला, तुशाल कुमार, महेश रावल, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार, मोहम्मद अयूब, गणेशराम पुरोहित, रमेश कुमार, लक्ष्मी देवी आदि कार्यालय स्टॉफएवं लाभार्थी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



**आबूरोड।** स्वामित्व योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय पटटे प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम पंचायत समिति परिसर में आयोजित किया गया। उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा ने कहा कि स्वामित्व योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना हैं। जिसमें आबादी भूमि में रहने वाले ग्रामीणों को घर का मालिकाना हक प्राप्त होगा। विकास अधिकारी पुखराज सरेल ने कहा कि योजना में पंचायती राज विभाग राजस्वविभाग एवं भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा कार्यवाही कर ड्रोन सर्वे के माध्यम से आबादी भूमि में रहने वाले ग्रामीणों को पटटे के माध्यम से उन्हे उनका हक मिल रहा है। गणका, सियावा, धामसरा, मोरथला ग्राम पंचायत में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक स्तर पर अलग-अलग ग्राम पंचायतों के 29 लाभार्थियो को पटटे प्रापर्टी पार्सल वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कन्हैयालाल खरे, पंचायत समिति सदस्य रामलाल रणौरा, देवाराम, रेशमाराम, रणजीत, ताराराम, सरमीबाई, मिरकीबाई, गीतादेवी, भाजना नगर मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल आदि मौजूद थे।

## कांटल को नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** राजस्थान में पंचायतों के परिसीमन के बाद नई ग्राम पंचायतों के गठन के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। जिला कलक्टर कार्यालय में ग्रामीणों का ज्ञापन देने का सिलसिला जारी है। पिंडवाड़ा तहसील के ग्राम कांटल के ग्रामीणों ने भी जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर कांटल को ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि कांटल में तीन वार्ड हैं और वर्तमान में ग्राम पंचायत अजारी से फुटेला, रानेला फली और कांटल से ग्राम पंचायत अजारी मुख्यालय जाने के लिए कोई साधन नहीं मिलता है। ऐसे में ग्रामीण आवाजाही में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि कांटल, फुटेला, रानेला फली को मिलाकर कुल जनसंख्या 3500 से अधिक है। इसलिए ग्राम पंचायत कांटल मुख्यालय बनाकर इन गांवों को भी शामिल कर नई ग्राम पंचायत बनाई जाए। दलपतसिंह, प्रवीण मीणा, कैलाश पुरोहित, हड़मतसिंह पंवार, नारायणलाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## विहिप: त्रिशूल दीक्षा में साध्वी समाहिता करेंगी धर्मसभा को सम्बोधित





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी की ओर से बुधवार को त्रिशूल दीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता त्रिशूल धारण करेंगे। विहिप के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली ने बताया कि रामझरोखा मैदान में आयोजित होने वाले त्रिशूल दीक्षा कायक्रम में साध्वी ऋतंभरा की शिष्या साध्वी समाहिता धर्मसभा को सम्बोधित करेंगी। मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल के क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत सभा को संबोधित करेंगे। विहिप के केन्द्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य महंत तीर्थ गिरी का सानिध्य रहेगा। गोसेवक दलपत पुरोहित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विहिप के जालोर विभाग मंत्री शिवलाल सुथार ने बताया कि 22 को रेवदर व सिरोही में त्रिशूल दीक्षा का आयोजन कियास जा रहा है। दोनों कार्यक्रमों में हिंदू धर्म से जुड़े हुए लोग त्रिशूल दीक्षा लेंगे। विहिप के नगर अध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी ने बताया कि सिरोही नगर के सभी वार्डों में कार्यकर्ता संपर्क करके आयोजन में अधिक से अधिक लोगों को त्रिशूल दीक्षा धारण करवाने का प्रयास कर रहे हैं। विहिप के प्रखंड मंत्री हिमांशु पुरोहित ने बताया कि आमजन को आमंत्रित करने के लिए नगर के सभी वार्ड़ों व मुख्य चौराहो पर बड़े बड़े होर्डिंग व बैनर लगाए गए है। दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति की पिंकी राजपुरोहित एवं इंदिरा खत्री ने बताया कि त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी हिस्सा लेंगी उन्होंने बताया कि महिलाओं में त्रिशूल दीक्षा लेने के लिए काफी उत्साह है ।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**माउंट आबू।** केंद्रीय विद्यालय में 13 से 18 जनवरी तक रोबोएआई हब पहल के तहत पायथन का उपयोग करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को डिजिटल भारत और विकसित भारत की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए तैयार करना था। प्राचार्य ओम प्रकाश जाखड़ ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कार्यक्रम में 68 छात्रों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी गिरिजा शर्मा, देवेंद्रसिंह एवं जयदीप राणा उपस्थित रहे।

## सर्द हवाओं ने ठिठुराया, पर्यटक उठा रहे है मौसम का लुत्फ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**माउंट आबू।** उतरी भारत के पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी की वजह से माउंट आबू हिल स्टेशन में सर्दी की भीषण शीतलहर चल रही है। शनिवार को न्यूनतम दो डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पर दिन भर ठंडी हवाएं चलने से लोगो की दिनचर्या में असर पड़ा है। लोग देर तक घरों में दुबके रहते है। साथ ही अलाव व गर्म कपड़ों के सहारे सर्दी से बचने का जतन कर रहे है। विदेशों से तथा देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक माउंट आबू के दर्शनीय-स्थलों का अवलोकन कर यहां की प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं। पर्यटक सर्दी के मौसम का लुफ्त भी उठा रहे है चाय की चुस्कीयों और गर्म व्यंजनों के सहारे सर्दी का आनंद ले रहे है।

## समारोह पूर्वक दी विदाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** श्रीमती चन्द्रावल गुप्ता शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय में डीएलएड द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। मुख्य ट्रस्टी हरीश गुप्ता, ट्रस्ट सदस्या श्रीमती मीना गुप्ता, ट्रस्ट सचिव मनीष जैन, प्राचार्या डॉ. अलका जैन व स्टाफ ने कार्यक्रम का आगाज किया। द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं ने दीप मंत्र व स्वागत गीत की प्रस्तुती दी। शांता एण्ड पार्टी, पलक एण्ड पार्टी, पायल व केशर, प्रथम वर्ष से डिम्पल एण्ड पार्टी, अनिता, शान्ता व हॉस्टल वॉर्डन सारिका शर्मा ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम का संचालन डीएलएड विभागाध्यक्ष श्रीमती मनीषा मिश्रा ने किया।

## कोतवाली थानाधिकारी कुंपावत का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की ओर जिले में पुलिस अधिकारियों के तबादलों के बाद अब थानाधिकारी थानों में पदभार ग्रहण कर रहे है। शनिवार कोतवाली में थानाधिकारी दलपतसिंह कुंपावत का कुम्हारावाड़ा कपड़ा एसोसिएशन की ओर से स्वागत किया गया। अध्यक्षत माधोसिंह देवड़ा ने बताया कि थानाधिकारी कुंपावत को शहर के बाजार की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सचिव चित्तरंजनसिंह, समाजसेवक युवराजसिंह, लक्ष्मण रावल, चंपालाल प्रजापत, उत्तमसिंह, यशपालसिंह, कोषाध्यक्ष चेतन डांगी समेत कई व्यापारी मौजूद थे।

## विश्व शांति दिवस के रुप में मनाई ब्रह्माबाबा की 56वीं पुण्य तिथि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापत ब्रह्माबाबा की 56वीं पुण्य तिथि विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें देश-विदेश के 15 हजार से अधिक भाई-बहनों ने योग-साधना के माध्यम से बाबा के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। डायमंड हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने माउंट आबू में पांडव भवन में बाबा की स्मृति में बने शांति स्तंभ पर पहुंचकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अतिरिक्त महासचिव बीके डॉ. मृत्युंजय भाई ने कहा कि ब्रह्मा बाबा अव्यक्त होने के बाद भी आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं। बीके रुक्मिणी ने कहा कि बाबा की प्रेरणाएं आज भी हम सभी का मार्गदर्शन करती हैं। गुजरात जोन की निदेशिका बीके भारती, चंडीगढ़ की बीके अनीता, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके उत्तरा ने सम्बोधित किया।

**माउंट आबू।** प्रजापिता ब्रह्माबाबा की 56वीं पुण्य तिथी पर शनिवार को संगठन के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय पांडव भवन में बाबा के समाधि स्थल पर देश-विदेश के हजारों श्रद्धालूओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर विश्व शांति व मानवीय एकता के लिए विशेष साधना की। मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी की देखरेख में कई कार्यक्रम हुए। संगठन की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके सुदेश ने कहा कि विश्व शान्ति, मानवीय एकता के पुरोधा ब्रह्मा बाबा की वसुधैव कुटुम्बकम की निस्वार्थ सेवा वृत्ति के परिणामस्वरूप ही आज विश्व के पांचों खंडों में स्वर्णिम संसार की स्थापना में लाखों की संख्या में ब्रह्माकुमार भाई बहनें दिन रात विभिन्न



प्रकार की सामाजिक सेवाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके शशि प्रभा, उपाध्यक्ष राजयोगिनी बीके शीलू, संगठन के अतिरिक्त सचिव बीके मृत्युंजय, रशिया के राजयोग प्रशिक्षक बीके विजय, वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षक बीके सूर्या तोमर आदि ने भी विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका बीके लीला, बीके ऊषा, बीके डॉ. सविता, बीके नीलू, बीके प्रवीणा, बीके प्रकाश हिमराल, बीके देव भाई समेत बड़ी संख्या में देश विदेश से आए हजारों राजयोगी श्रद्धालूओं ने ब्रह्मा बाबा के समाधिस्थल शांतिस्तंभ पर दो मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर विश्व शांति की कामना की। यहा पर चार दिन अखंड साधना चलेगी।


## शिविर में 54 मरीजों की जांच




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में शनिवार को नितोड़ा में ग्रामीणों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 54 मरीजों की जांच की गई। चिन्हित गंभीर मरीजों को एसटीएचआर सेंटर पर सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों से टेलीमेडिसिन परामर्श व उपचार लेने के लिए रेफर किया गया।

## गोपूजन कर लिया आशीर्वाद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** काशी विश्वनाथ गोशाला में शनिवार को गो पूजन कर गौ भक्तों ने आशीर्वाद लिया। दिनेश कुमार पुत्र केसाराम राजपुरोहित ने गोशाला में पंडित शुंभ झा के संयोजकत्व में गोपूजन कर गोदान किया। गोशाला अध्यक्ष लालदास महाराज, सचिव लक्ष्मणसिंह गुजराल, धनदास वैष्णव, हितेश पुरोहित, मांगीलाल, पशु सहायक भूपेंद्र सिंह सहित गौ भक्त मौजूद रहे।

## महिला का गुमा पर्स पुलिस ने लौटाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** रेलवे स्टेशन पर एक महिला का गुमा पर्च यातायात पुलिस की सतर्कता से मात्र 20 मिनट में लौटाया। पुलिस के अनुसार रेलवे स्टेशन चोराहे पर मुंबई निवासी लता जैन अंबाजी मंदिर जानें के लिए बस का इंतजार कर रहीं थीं। उसी दौरान एक मंद बुद्धि व्यक्ति उन के पास रखा पर्स उठा लिया और लेकर चला गया। महिला घबरा गई एवं वहां ड्यूटी पर मौजूद यातायात हैंड कांस्टेबल किशोरीलाल एवं कांस्टेबल अशोक को इस बात की जानकारी दी। महिला ने पर्स में नगद 5000 हजार एवं महंगा



मोबाइल होना बताया। जिस पर दोनों ने बाजार में पूछताश कर उस मंद बुद्धी को पकड़कर मात्र 20 मिनट में मोबाईल और पर्स बरामद कर लिया और मुंबई निवासी लता जैन को लौटाया। महिला ने पुलिस के इस नेक काम पर आभार व्यक्त किया।

## नेत्र जांच शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** मानपुर के महात्मा गांधी विद्यालय में रविवार को महावीर इंटरनेशनल द्वारा सुदर्शना वीरा केन्द्र के सौजन्य, ग्लोबल नेत्र संस्थान व जिला अंधता निवारण समिति के तत्वावधान में नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## यातायात नियमों की दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातयात पुलिस की ओर से रेलवे स्टेशन पर लोगों व टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात नियमों की पालना करने बाबत पाबंद किया। हैड कांस्टेबल किशोरीलाल एवं वाहन चालक मौजूद थे।

बेंगलुरू में सुवर्णा समब्रह्म और 11वां राज्यस्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन

## पीएम मोदी ने हमें विकास के साथ विरासत का संरक्षण करने की दी प्रेरणा : मुख्यमंत्री

### देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बेंगलुरू/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। समाज में शांति, न्याय और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाते रहें। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें विकास के साथ विरासत का संरक्षण करने की प्रेरणा दी है। हमें उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए हमारे पूर्वजों की दी हुई सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ मजबूत भी करना चाहिए।

मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को कर्नाटक के बेंगलुरू में सुवर्णा समब्रह्म और 11वें राज्य स्तरीय ब्राह्मण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा जन सेवा के कार्यों से अपने ध्येय 'सर्वे जना सुखिनो भवन्तु' को चरितार्थ कर रही है। यह वेदों और शास्त्रों का पारायण, नित्यकर्मों का पालन और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रही है। हमारे प्राचीन ज्ञान को जीवित रखने का यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। यह वह समाज है जो पूरे राष्ट्र को दिशा देने का काम करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के हर समाज के वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित भाव से काम कर रहे हैं, ताकि विकसित भारत का संकल्प सही मायने में पूरा हो सके। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब को मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके को साथ लेकर चलने से हम हमारे राष्ट्र को मजबूत बना सकते हैं। कार्यक्रम में अखिल कर्नाटक ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अशोक हर्नाहल्ली सहित महासभा के अन्य पधाधिकारीगण, संत-महात्मा तथा बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

#### » राजस्थान और कर्नाटक सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राजस्थान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए देश-दुनिया में जाना जाता उसी तरह कर्नाटक भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार भगवान परशुराम ने कर्नाटक के कोंकण तट का निर्माण किया था, इसलिए इसे परशुराम सृष्टि कहा जाता है। यह सृष्टि हरे-भरे पश्चिमी घाटों, खूबसूरत समुद्री तटों और मन को मोह लेने वाले दृश्यों, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से समृद्ध है। सीएम शर्मा ने कहा कि कर्नाटक संगीत पूरी दुनिया के शास्त्रीय संगीत में अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। यह शहर सिलिकॉन वैली के रूप में आईटी और स्टार्टअप के मामले में दुनिया के प्रमुख केंद्रों को भी टक्कर दे रहा है। मैं राजस्थान और कनार्टक के सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और अधिक मजबूत करने के लिए आप सभी को राजस्थान आने के लिए आमंत्रित करता हूं।

#### » राज्य सरकार धार्मिक आस्था और संस्कृति का कर रही संरक्षण

सीएम शर्मा ने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार धार्मिक आस्था और संस्कृति के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। खाटूश्यामजी मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये राशि के कार्य तथा 20 प्रमुख मंदिरों और आस्था धामों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। उन्होंने उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने निवेशकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान उत्पादों और सेवाओं के लिए एक बड़ा बाजार है, जहां कुशल श्रम शक्ति के साथ ही उत्तर और पश्चिम भारत के प्रमुख बाजारों से सीधा जुड़ाव है।

पड़ोसी देश पाकिस्तान पर भड़के विदेश मंत्री जयशंकर, बोले...

## 'आतंकवाद ऐसा कैंसर जो अब पाकिस्तान को ही खा रहा है'

### आर्थिक मंदी में भारत ने श्रीलंका की मदद की | महामारी में भी अपने पड़ोसियों की सहायता की





**मुंबई।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पड़ोसी देश पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता है। मगर आतंकवाद का यह कैंसर उसे ही खाने लगा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने शनिवार को 19वें नानी ए. पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर के दौरान यह बात कही। पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों पर उन्होंने खुलकर अपनी बात रखी।

#### पड़ोसियों की मदद करता है भारत

विदेश मंत्री ने बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका के साथ भारत के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संकट, महामारी और आर्थिक मंदी के वक्त भारत ने अपने पड़ोसियों की मदद की। 2023 में श्रीलंका को भारत ने 4 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का पैकेज दिया। यह ऐसे वक्त में किया गया था जब दुनिया ने श्रीलंका से मुंह मोड़ लिया था।

#### » बांग्लादेश का किया जिक्र

विदेश मंत्री जयशंकर ने यह भी कहा कि वास्तविकता है कि राजनीतिक घटनाक्रम जटिल परिस्थितियों को जन्म दे सकते हैं। जैसा कि हम वर्तमान में बांग्लादेश में देख रहे हैं। पाकिस्तान के बारे में उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के मामले में पाकिस्तान हमारे पड़ोस में अपवाद बना है। यह कैंसर अब उसकी अपनी राजनीतिक संरचना को खा रहा है।

#### » म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ पुराने संबंध

विदेश मंत्री ने म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ भारत के संबंधों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत के दोनों समाजों के साथ लंबे समय से रिश्ते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जो हमसे अधिक करीब हैं, उनके हित भी अन्य दूर के देशों से काफी अलग हैं।

#### » बदली परिस्थितियों में कैसे उत्थान करे भारत

बाजार के साधनों और वितीय संस्थानों के हथियारीकरण की वजह से दुनिया के सामने आने वाली चुनौती पर जयशंकर ने कहा कि भारत के सामने चुनौती ऐसी परिस्थितियों में अपना उत्थान करना है। भारत को अपने घरेलू विकास और आधुनिकीकरण में तेजी लानी होगी। इसके अलावा बाहरी जोखिम को भी सीमित करना होगा।

#### » तकनीकी विकास पर देना होगा ध्यान

जयशंकर ने कहा कि विनिर्माण, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा पर अधिक ध्यान देना होगा। ऐसी गहरी ताकत का निर्माण करना होगा, जो हमें अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगी। देश को अहम तकनीकी के विकास में भी पीछे नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत भले ही गैर-पश्चिम हो लेकिन इसके रणनीतिक हित यह सुनिश्चित करते हैं कि यह पश्चिम विरोधी नहीं है।

## संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से

### एक फरवरी को पेश होगा आम बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा और एक फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान निर्मला सीतारमण बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

## कर्नल राज्यवर्धन ने वितरित किए 119 प्रॉपर्टी कार्ड




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शनिवार को झोटवाड़ा क्षेत्र के 119 परिवारों को स्वामित्व योजना के तहत प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। यह योजना ग्रामीणों को उनके संपत्ति पर कानूनी अधिकार प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का यह प्रयास सराहनीय है। झोटवाड़ा में अब तक 6772 परिवारों को इस योजना का लाभ मिला है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और बेहतर हुआ है। इस अवसर पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि अब उन्हें अपनी संपत्ति पर पूरा अधिकार मिल गया है, जिससे वे बेहतर योजनाएं बना पाएंगे और अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### येलहांका एयरफोर्स स्टेशन पर नॉनवेज बेचने पर रोक

**बेंगलुरु।** बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने 23 जनवरी से 17 फरवरी तक येलहांका एयरफोर्स स्टेशन के 13 किमी के दायरे में मांस, मछली और मांसाहारी वस्तुओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का नोटिस जारी किया है। यह फैसला एयरो इंडिया-2025 शो के कारण लिया गया है। एयरो इंडिया शो 10 से 14 फरवरी तक चलेगा।

### भाजपा नेता को हार्ट अटैक

**अयोध्या।** अयोध्या में भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें हार्ट अटैक पड़ा है। शुक्रवार को वह मिल्कीपुर विधानसभा में थे। उसी दौरान अचानक उनका ब्लड प्रेशर बढ़ा। बेहोश होकर गिर गए। साथियों ने उन्हें कुमारगंज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। सीएमएस डॉ. अनिल कुमार के मुताबिक, राधेश्याम त्यागी को माइनर अटैक पड़ा था। वह अब खतरे से बाहर हैं। इलाज के बाद शनिवार सुबह उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

### टीवी एक्टर अमन जायसवाल की मौत

**मुंबई।** टीवी एक्टर अमन जायसवाल की मुंबई में रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। अमन 23 साल के थे। उन्होंने टीवी सीरियल धरतीपुत्र नंदिनी में लीड रोल किया था। अमन मुंबई के जोगेश्वरी रोड पर बाइक से जा रहे थे। एक ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। अंबोली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि जायसवाल को कामा अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, 2 जजों की हत्या

**तेहरान।** तेहरान में शनिवार को ईरान के सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है। दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावार ने सुसाइड कर लिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों को निशाना बनाया गया, उनकी पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है।

## हसीना ने सुनाई आपबीती

## जब मैंने देश छोड़ा मौत सामने थी

### फेसबुक पेज पर संक्षिप्त ऑडियो जारी करके बताया



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उस दिन की आपबीती बताई है, जिस दिन उन्होंने अपना देश छोड़ा था। शेख हसीना ने कहा है कि पांच अगस्त को जब उन्होंने अपना देश छोड़ा तो मौत कुछ ही दूर खड़ी थी। उन्होंने रोंगटे खड़े कर देने वाली बात बताई। शेख हसीना ने कहा कि वह और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना पिछले वर्ष पांच अगस्त को केवल 20-25 मिनट के अंतर से मौत से बच गईं थीं, जब छात्रों के नेतृत्व में हुए जन विद्रोह में उनकी अवामी लीग सरकार गिरा दी गई थी। शेख हसीना ने अपनी पार्टी द्वारा फेसबुक पेज पर जारी एक संक्षिप्त ऑडियो नोट में हसीना ने अपनी जान बचाने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उनपर पूर्व में हुए दो हमलों को भी याद किया, जिनमें वे बाल-बाल बच गई थीं। उनका मानना है कि ईश्वर ने उनके द्वारा कुछ महान कार्य करवाने की दैवीय योजना के तहत उनके जीवन को बचाया है। ऑडियो क्लिप में वह बांग्ला में कहती सुनाई दे रही हैं, हम मौत से सिर्फ 20-25 मिनट के अंतर से बच गए। मुझे लगता है कि 21 अगस्त को हुई हत्याओं से बचना, बड़े बम विस्फोट से बचना या पांच अगस्त 2024 को बचना, इसके पीछे अल्लाह की मर्जी, अल्लाह का हाथ होना चाहिए। अन्यथा, मैं इस बार नहीं बच पाती।

## कोटा में गैंगवारः हिस्ट्रीशीटर लोकेश राठौड़ की हत्या



**कोटा।** कोटा के कुन्हाड़ी थाना इलाके में आपसी रंजिश के चलते हिस्ट्रीशीटर की हत्या का मामला सामने आया है। जबकि उसका एक साथी युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया हैं। आपसी रंजिश के चलते तीन हमलावरों ने धारदार हथियारों से लोकेश राठौर और उसके साथी फैजल पर हमला किया था, जिसके बाद गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल लाया गया। लेकिन लोकेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके साथी का अस्पताल में इलाज जारी है।

## राहुल ने की बीपीएससी अभ्यर्थियों से मुलाकात

### पटना के गर्दनीबाग में दे रहे धरना




**पटना।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी शनिवार को एक दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। इसी बीच गर्दनीबाग में लंबे वक्त से धरना दे रहे बीएससी अभ्यर्थियों से मुलाकात की। तमाम अभ्यर्थी जो धरने पर बैठे हैं, उन्होंने राहुल गांधी के समक्ष अपनी बातों को रखा। हालांकि 70वीं बीपीएससी परीक्षा को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। लेकिन शनिवार को जब राहुल गांधी ने पटना में बिजी शेड्यूल के बीच समय निकालकर अभ्यर्थियों से मुलाकात की है तो निश्चित तौर पर ये अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। धरने पर बैठे अभ्यर्थी लंबे वक्त से प्रदर्शन कर रहे हैं और कई राजनीतिक दलों को उनका समर्थन मिला था, लेकिन अब लोकसभा के लीडर आफ अपोजिशन राहुल गांधी का समर्थन मिलना बताता है कि जो धार इस मुहिम में अभ्यर्थी लग रहे हैं उसको और मजबूती मिलेगी।

इस दौरान राजधानी पटना में उन्होंने कई कार्यक्रम में शिरकत की। सबसे पहले बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित किया उसके बाद राहुल गांधी कांग्रेस दफ्तर पहुंचे, जहां पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों के बीच उन्होंने संबोधन किया। वहां स्टाफ क्वार्टर का उद्घाटन करने के बाद राहुल गांधी बीपीएससी अभ्यर्थियों के बीच में पहुंच गए।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

### ओडिशा के मयूरभंज जिले का निवासी

**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर में नीट की तैयारी कर रहे एक छात्र (18) ने अपने हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटक कर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अभिजीत गिरी के रूप में हुई है जो ओडिशा के मयूरभंज जिले का रहने वाला था। घटना बृहस्पतिवार रात विज्ञान नगर के आंबेडकर कॉलोनी की है। कमरे से कोई 'सुसाइड नोट' नहीं मिला है। घटना उस वक्त सामने आई जब रात करीब आठ बजे भोजनालय का एक कर्मचारी अभिजीत के कमरे में खाना देने गया। एएसआई लाल सिंह तंवर के अनुसार, कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर कर्मचारी ने हॉस्टल के कुछ और छात्रों के साथ गेट को जबरन खोला तो पाया कि अभिजीत का शव पंखे से बंधे एक फंदे से लटका है। पुलिस ने बताया कि परिजनों को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## कोहरे से दो गाड़ियों की टक्कर, चार घायल



**कोटपुतली-बहरोड।** जिले के नीमराणा स्थित दिल्ली-जयपुर हाइवे पर दो गाड़ियों के बीच टक्कर हो गई, जिससे चार लोग घायल हो गए। घायलों को नीमराणा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे में दोनों गाड़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। हाइवे पेट्रोलिंग इंचार्ज देवेंद्र कुमार के अनुसार जयपुर हाइवे 48 पर नीमराणा में घने कोहरे के कारण आगे चल रही गाड़ी के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रही थार गाड़ी उससे टकरा गई। हादसे में घायल होने वाले लोग फरीदाबाद निवासी शिवम, दिल्ली निवासी ऋषि, फरीदाबाद निवासी मुकेश और राजू ठाकुर थे। ये चारों दिल्ली से खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद थार गाड़ी का चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

## मरीज के लिए 'दिल' लेकर दौड़ी हैदराबाद मेट्रो

### मेट्रो ने 13 मिनट में तय की 13 किलोमीटर की दूरी



### डोनर हार्ट को तेजी से पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद मेट्रो रेल ने बीते दिन दिल जीतने का काम किया है। हर कोई उसकी वाहवाही कर रहा है। इस वाहवाही के पीछे का कारण ये है कि एक हार्ट पेशेंट की जान बचाने के लिए मेट्रो ने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 13 स्टेशनों पर 13 मिनट में 13 किलोमीटर की दूरी तय की।

दरअसल, 17 जनवरी की रात 9 बजकर 30 मिनट पर बनाए गए इस कॉरिडोर की मदद से एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल से ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल लकड़ी का पुल तक डोनर हार्ट को पहुंचाया गया। हैदराबाद मेट्रो रेल ने ये प्रयास चिकित्सा पेशेवरों और अस्पताल अधिकारियों के बीच सावधानीपूर्वक योजना और सहयोग के माध्यम से पूरा किया। ये सब डॉक्टरों की देखरेख में किया गया।

## ड्राइवर का बेटा निकला मोबाइल स्नैचर

स्नैचर का पिता बिहार राज्यपाल का ओएसडी

### राजभवन के सरकारी क्वार्टर में रहते सभी आरोपी



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बढ़ती मोबाइल और चेन स्नैचिंग की घटनाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सचिवालय थाना पुलिस ने मोबाइल छिनैती करने वाले चार शातिर स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़े गए स्नैचरों में एक आरोपी बिहार गवर्नर के ओएसडी (विशेष कार्याधिकारी) के ड्राइवर का बेटा है। ये सभी आरोपी राजभवन के सरकारी क्वार्टर में रहते हैं।

#### » 27 मोबाइल और दो बाइक बरामद

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 27 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनमें एक एप्पल का महंगा फोन और 26 एंड्रॉइड फोन शामिल हैं। इसके अलावा, स्नैचिंग में इस्तेमाल होने वाली दो महंगी बाइक भी जब्त की गई हैं। सचिवालय एसडीपीओ-1 डॉ. अनु कुमारी ने बताया कि राजधानी में मोबाइल और चेन स्नैचिंग की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। इसे रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस को यह सफलता मिली।

#### » मोबाइल बेचने को बना रखा था नेटवर्क

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे चोरी किए गए मोबाइल फोन को पटना के बाकरगंज इलाके में एक दुकानदार को बेचते थे। ये मोबाइल 1000 से 2000 रुपए की कीमत पर बाजार में बेचे जाते थे। पुलिस अब इस मोबाइल दुकानदार की तलाश में छापामारी कर रही है, लेकिन फिलहाल वह फरार है।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com